सूर्योदय प्रात: 5:20 सूर्यास्त संध्या 6:16 पखवाड़ा वैशाख कृ. प्रतिपदा, संवत 2081 तापमान अधिकतम 38° न्यूनतम 23°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024, वर्ष : 15, अंक : 72, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter





**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,852.94 | 114.49 (0.16%) |
| निफ्टी | 22,402.40 | 34.40 (0.15%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (22 carat) | 66,600.00 |
| चांदी | 829.00 |

# सशस्त्र बलों के लिए विकसित की गयी सबसे हल्की स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट

- चंडीगढ़ की प्रयोगशाला में परीक्षण के दौरान बीआईएस के मानकों पर खरी उतरी
- ऑपरेशन के दौरान पहनने की क्षमता और आराम को बढ़ाती है स्वदेशी जैकेट



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों के लिए सबसे हल्की स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट विकसित किया है। इसे कानपुर स्थित रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) में तैयार किया गया है। हाल ही में इस बुलेट प्रूफ जैकेट का चंडीगढ़ की लैब में परीक्षण किया गया, जो पूरी तरह बीआईएस के उच्चतम खतरे के स्तर छह के मानकों पर खरी उतरी है। डीआरडीओ की चंडीगढ़ में स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) में टेस्ट की गयी 7.62 .54 स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट बीआईएस 17051 के स्तर छह के मानकों पर आधारित है। इसे गोला-बारूद से सुरक्षा के लिए देश में सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट बताया गया है। हाल ही में इस बुलेट प्रूफ जैकेट का बीआईएस 17051-2018 के अनुसार टीबीआरएल, चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। यह जैकेट नये डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है, जहां नयी प्रक्रियाओं के साथ नवीन सामग्री का उपयोग किया गया है। इस जैकेट का फ्रंट हार्ड आर्मर पैनल (एचएपी) आईसीडब्ल्यू (इन-कंजंक्शन विद) और स्टैंड अलोन डिजाइन दोनों में 7.62 .54 आर एपीआई (स्नाइपर राउंड) के कई हिट (06 शॉट्स) का मुकाबला करने में सक्षम है। एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन किया गया फ्रंट एचएपी पॉलिमर बैकिंग के साथ मोनोलिथिक सिरेमिक प्लेट से बना है, जो ऑपरेशन के दौरान पहनने की क्षमता और आराम को बढ़ाता है। हार्ड आर्मर पैनल और स्टैंड अलोन का क्षेत्रफल घनत्व क्रमशः 40 केजी/एम2 और 43 केजी/एम2 से कम है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने उच्चतम स्तर के खतरे से सुरक्षा के लिए इस सबसे हल्के बुलेट प्रूफ जैकेट के सफल विकास के लिए डीएमएसआरडीई को बधाई दी है।

## एक झलक

### भाजपा महिला मोर्चा का कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर विरोध जताते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा ने कांग्रेस मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर रही है। इस धरने में भाजपा के महासचिव तरुण चुघ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा भी शामिल हैं। महिला मोर्चा का कहना है कि महिलाओं को अपना गहना बचाना है तो कांग्रेस को हराना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस मैनिफेस्टो पर बयान दिया था कि कांग्रेस सत्ता में आते ही सारी संपत्ति मुसलमानों में बांट देगी। वो महिलाओं का मंगलसूत्र भी बांट देगी।

### उपराष्ट्रपति कल तिरुपति व हैदराबाद का करेंगे दौरा

**नयी दिल्ली** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 26 अप्रैल को तिरुपति और हैदराबाद का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को बताया कि उपराष्ट्रपति आंध्र प्रदेश की अपनी यात्रा की शुरूआत तिरुमाला, तिरुपती में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना और दर्शन करके करेंगे। धनखड़ राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि भी होंगे।

### प्रवीण राऊत की 73.62 करोड़ की सम्पत्ति जब्त

**मुंबई** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पत्राचाल घोटाला मामले में शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत के करीबी प्रवीण राऊत की 73 करोड़ 62 लाख रुपये की सम्पत्ति जब्त की है। इनमें पालघर और बोईसर जिले की जमीन भी है। गोरेगांव में पत्राचाल घोटाले की छानबीन ईडी की टीम कर रही है। इसी मामले में ईडी ने राज्यसभा सदस्य संजय राऊत को भी गिरफ्तार किया था, जो इस समय जमानत पर हैं। इस घोटाले में प्रवीण राऊत के बैंक खाते से संजय राऊत के बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर हुए थे। हालांकि, संजय राऊत ने कहा था कि यह पैसे उन्होंने प्रवीण से बतौर कर्ज लिये थे। ईडी ने यह कार्रवाई पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत की है।

### गरीब को अमीर बनाना जरूरी है : सुप्रिया श्रीनेत

**नयी दिल्ली** : सैम पित्रोदा के सम्पत्ति हस्तांतरण के मुद्दे वाले बयान से कांग्रेस ने खुद को अलग कर लिया है। पार्टी की नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि यह कांग्रेस की विचारधारा नहीं है। इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। अलबत्ता, कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि कांग्रेस देश में अमीर-गरीब की खाई पाटना चाहती है।

## अंदर के पन्नों पर


3 आवश्यक सेवाओं से जुड़े सभी मतदाताओं...

5 वोटर अवेयरनेस फोरम, एएमएफ एवं यूनिक...

7 कांग्रेस की नजर अब आपकी कमाई व संपत्ति...

9 तेजस्वी यादव ने एनडीए को वोट देने की लोगों...

10 आरसीबी को बड़े अंतर से हराने उतरेगी सनराइजर्स...


# कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी, जिन्दगी के बाद भी : मोदी

- अंबिकापुर की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने 'मां महामाया' के जयकारे के साथ की सम्बोधन की शुरुआत

एजेंसी

**अंबिकापुर/रायपुर** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर के पीजी मैदान में बुधवार को चुनावी सभा में भाषण की शुरूआत 'मां महामाया' के जयकारे के साथ की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा में सभी को 'जय जोहर' भी कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वह माता-पिता से मिलनेवाली सम्पत्ति पर भी टैक्स लगायेगी। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी, जिन्दगी के बाद भी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जब 2014 में वह पहली बार पीएम पद के उम्मीदवार थे, तब अम्बिकापुर में प्रचार के दौरान उनके लिए लाल किले का स्ट्रक्चर भी बनाया गया था। इस पर भी कांग्रेस ने आपत्ति जाहिर की थी कि कोई कैसे लाल किले से भाषण दे सकता है। लेकिन, परिणाम आने पर प्रधानमंत्री बने और फिर लाल किले से उन्होंने देश को सम्बोधित किया था।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे हैं। कांग्रेस कह रही है कि वह इनहेरिटेंस टैक्स लगायेगी। माता-पिता से मिलनेवाली सम्पत्ति पर भी कर लगायेगी। आपकी मेहनत से जुटाई सम्पत्ति आपके बच्चों को नहीं मिलेगी, बल्कि कांग्रेस उसे छीन लेगी। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी, जिन्दगी के बाद भी। कुछ माह पहले मैंने आपसे कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था, आपने मेरी बात का मान रखा और भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया। आज भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। लेकिन, कांग्रेस हिंसा फैलानेवालों का समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा कि आपके आशीर्वाद से आपके बीच का व्यक्ति छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विकास के लिए तेजी से कम ● शेष पृष्ठ 11 पर

## कांग्रेस ओबीसी वर्ग की सबसे बड़ी दुश्मन, धर्म के आधार पर देना चाहती है आरक्षण : पीएम



**सागर** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। पिछली बार कर्नाटक में जब कांग्रेस की सरकार थी, तो उसने धर्म के आधार पर आरक्षण दिया था। जब भाजपा सरकार में आयी, तो हमने बाबा साहब के प्रति समर्पण भाव से भारत के संविधान की पवित्रता का सम्मान करते हुए धर्म के आधार पर दिये गये आरक्षण को खत्म कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को मध्यप्रदेश के प्रवास के दौरान सागर लोकसभा क्षेत्र के बड़तूमा में भाजपा के समर्थन में जनसभा को समाबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस की एक ऐसी सच्चाई देश के ● शेष पृष्ठ 11 पर

# मोदी जी को प्रधानमंत्री बनायेंगे, तो भारत अर्थव्यवस्था में तीसरे नम्बर पर होगा : नड्डा

एजेंसी

**भागलपुर** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को भागलपुर के सैंडिस कम्पाउंड में आयोजित चुनावी सभा में कहा कि दुनिया की अर्थव्यवस्था पिछड़ती जा रही है। भारत की अर्थ व्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है। आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था पांचवें नम्बर की बन गयी है। जिस ब्रिटेन ने हम पर 200 साल राज किया, हमने उसको पछाड़ कर भारत को पांचवें नम्बर पर खड़ा कर दिया है। अगर आपने यहां के उम्मीदवार को जिता कर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनायेंगे, तो भारत तीसरे नम्बर के अर्थव्यवस्था बन जायेगा।



जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में चाहे देश की राजनीति हो या प्रदेश की 10 सालों में बहुत परिवर्तन आया है। पीएम मोदी ने 10 सालों में आम आदमी की मानसिकता को बदल दिया है। मेरे बचपन के 20 साल बिहार में ही बीते हैं। पहले की स्थिति से हम अच्छी तरह वाकिफ हैं, लेकिन आज बदलते बिहार, बदलता भागलपुर को अपनी आंखों से देख रहा हूं। यह बदलाव राजनीतिक सोच की वजह से हो पाया है। आज विकास की राजनीति हो रही है। बिहार राजनीतिक दृष्टि से बहुत ही सजग है। यहां के लोग देश और प्रदेश के प्रति अपने दायित्व से पीछे नहीं हटते हैं।

जेपी नड्डा ने कहा कि गांव, गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित, किसान, मजदूर, महिला को नरेन्द्र मोदी की नीतियों ने ताकत दिया है। सभा को उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विधायक पवन यादव, इंजीनियर ललन पासवान, गोपाल मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने संबोधित किया। मंच पर एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल के अलावा एनडीए गठबंधन के नेतागण मौजूद थे। भाजपा अध्यक्ष ने आईएनडीआईए गठबंधन पर जम कर हमला बोला। जेपी नड्डा ने कहा कि हमारे विरोधियों में दो बातों का गठबंधन है। एक है परिवारवादी पार्टी का गठबंधन ● शेष पृष्ठ 11 पर

## सुखदेव भगत आज करेंगे नामांकन

**रांची** : लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इसके बाद टाउन हॉल गुमला में आमसभा का भी आयोजन किया गया है। पर्चा दाखिल और नामांकन कार्यक्रम में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर शामिल होंगे।

## साहिबगंज में किशोरी व परिवार के तीन सदस्यों पर तेजाब से हमला

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**साहिबगंज** : झारखंड के साहिबगंज जिले में बुधवार को तड़के करीब तीन बजे कुछ लोगों ने परिवार के चार सदस्यों पर तेजाब से हमला किया। चारों गम्भीर रूप से झुलस गये हैं। इनमें 15 साल की किशोरी भी शामिल है। यह वारदात राजमहल थाना क्षेत्र के अनुमंडलीय अस्पताल के पुराने भवन के पास अर्द्धनिर्मित मार्केट कांप्लेक्स की छत पर हुई है। सभी लोग इस काम्प्लेक्स की छत पर सो रहे थे।



आनन-फानन में सभी को राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद चारों पीड़ितों फुलवानो बेवा (60), हसीन बीवी (35), आलम शेख (25) और शबनम बानो (15) को हायर सेंटर धनबाद रेफर कर दिया। एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी और थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने ● शेष पृष्ठ 11 पर

## मंच पर बेहोश होकर गिरे केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी




एजेंसी

**मुंबई** : यवतमाल जिले के पुसद में बुधवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को अचानक चक्कर आ गया। वह भाषण देते समय मंच पर बेहोश होकर गिर पड़े, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने गडकरी को सम्भाल लिया। कुछ देर तक उनका प्राथमिक इलाज किया गया और इसके बाद उन्होंने फिर से अपना भाषण पूरा किया। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को पुसद में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार राजश्री पाटिल के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को सम्बोधित कर रहे थे। गडकरी कहा कि देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लगातार प्रगति कर रहा है। सम्बोधन के दौरान अचानक वह बेसुध होकर गिर पड़े, जिसके बाद उनके आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें सम्भाला और तत्काल इलाज के लिए ले गये। चुनावी सभा समाप्त होने पर गडकरी की मेडिकल जांच की गयी है और उनकी तबीयत में सुधार हुआ है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## समीर उरांव ने किया नामांकन दाखिल

**रांची** : लोहरदगा से भाजपा के प्रत्याशी समीर उरांव ने गुमला समाहरणालय जाकर नामांकन दाखिल किया। मौके पर उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत कई नेता मौजूद रहे। नामांकन के बाद समीर उरांव समेत सभी नेता गुमला के करौंदी स्थित बगीचा मेलाटांड़ में आयोजित नामांकन सभा में पहुंचे हैं, जहां पार्टी समीर उरांव के पक्ष में वोट मांगेगी। नामांकन से पहले समीर उरांव गुमला के डुमरी स्थित टांगीनाथ धाम में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।

## अंचल का कर्मचारी 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़** : एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को रामगढ़ अंचल के कर्मी अनिल कुमार महली को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। एसीपी की टीम ने हल्का तीन के कर्मचारी अमित कुमार लोहरा को भी हिरासत में लिया और उनके कार्यालय की तलाशी ली, जहां से कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं।

इस बाबत एसीबी एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरचू गांव ● शेष पृष्ठ 11 पर

### पंचायत सेवक 4000 रिश्वत लेते गिरफ्तार



**महुआडांड** : जिले के महुआडांड प्रखंड के चटकपुर पंचायत निवासी मनोज प्रजापति को मनरेगा योजना से कुआं मरम्मत की योजना स्वीकृत हुई थी। लाभुक द्वारा काम पूरा कराने के बाद अंतिम भुगतान के लिए पंचायत सेवक रिश्वत की मांग को लेकर पिछले कई दिनों दौड़ा रहा था। परेशान होकर लाभुक ने इसकी शिकायत पलामू एसीबी की टीम से की। एसीबी की टीम ने पूरे मामले की छानबीन करने के बाद जब लाभुक के द्वारा लगाये गये आरोप में सत्य पाया, तो बुधवार को 4000 रुपये देकर लाभुक को पंचायत सेवक के पास भेजा।

# सम्पत्ति हस्तांतरण पर सैम पित्रोदा का बयान बना कांग्रेस के जी का जंजाल, भाजपा हुई हमलावर

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : सैम पित्रोदा के पैतृक सम्पत्ति हस्तांतरण पर कर सम्बन्धी बयान कांग्रेस के जी का जंजाल बन गया है। भाजपा हमलावर है और कांग्रेस बयान से किनारा कर रही है। कांग्रेस नेता ओवरसीज कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान से पल्ला झाड़ते हुए डैमेज कंट्रोल में जुट गये हैं। सैम पित्रोदा ने शिकागो में एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा है कि कांग्रेस भारत में धन के पुनर्वितरण की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि परिवार के मुखिया की मृत्यु के बाद अमेरिका में 55 प्रतिशत सम्पत्ति मिलती है ; शेष सम्पत्ति सरकार के पास चली जाती है। इस तरह की व्यवस्था भारत में नहीं हैं। इस पर विचार होना चाहिए। कांग्रेस इस तरह की योजना बना रही है। सैम पित्रोदा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के



अध्यक्ष हैं। सैम पित्रोदा के इस बयान को भाजपा ने गम्भीरता से लेते हुए कांग्रेस की आलोचना करनी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री ने सैम के बयान पर हमला बोलते हुए छत्तीसगढ़ की सभा में कहा था कि कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सैम पित्रोदा की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से बेनकाब हो गयी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में 'सर्वे' का जिक्र है। मनमोहन सिंह पहले अपने बयान में कह चुके हैं कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों और विशेषकर मुसलमानों का है। अब सैम पित्रोदा ने अमेरिका का हवाला देते हुए टिप्पणी की है कि धन के वितरण पर विचार-विमर्श होना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने यह मुद्दा उठाया तब राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी इस बात पर बैकफुट पर है और ये लोग कहने लगे कि यह उनका मकसद कभी नहीं था। लेकिन, आज सैम पित्रोदा के बयान ने देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है। वे देश के लोगों की निजी सम्पत्ति का सर्वेक्षण करना चाहते हैं। वे लोगों की मेहनत से कमाई सम्पत्ति को घुसपैठियों में बांटना चाहते हैं। शाह ने कहा कि वे चाहते हैं कि लोग सैम पित्रोदा के बयान को गम्भीरता से लें। सैम पित्रोदा ने बहु-संख्यकों की सम्पत्ति को जब्त करने और इसे अल्पसंख्यकों के बीच वितरित करने के पार्टी के इरादे ● शेष पृष्ठ 11 पर

### कभी नहीं कहा सम्पत्ति बांटेंगे, हम देश में जातीय जनगणना करायेंगे : राहुल



**भारतीय** जनता पार्टी की ओर से लगातार आलोचना की शिकार कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी सम्पत्ति पुनर्वितरण पर पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस पार्टी लगातार स्पष्टीकरण दे रही है। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि हम सम्पत्ति बंटवारे पर कार्रवाई करेंगे, लेकिन हम देश में जातीय जनगणना का काम करायेंगे। नयी दिल्ली के जवाहर भवन में आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में राहुल गांधी ने यह बात कही। राहुल गांधी ने कहा, 'उन्हें जाति में नहीं, बल्कि 'न्याय' में दिलचस्पी है। लेकिन, जानकारी के लिए जातीय जनगणना जरूरी है, ताकि पता चल सके कि कितना अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना मेरे लिए राजनीति का मुद्दा नहीं है, यह मेरे जीवन का मिशन है।' राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना एक सर्वेक्षण नहीं है। इसमें आर्थिक और संस्थागत घटक भी शामिल किये जायेंगे, ताकि पता चल सके कि कौन-सा समुदाय सबसे ज्यादा लाभांवित है ओर आर्थिक सामाजिक न्याय के लिए क्या करने की जरूरत है। इनका कहना है कि हिन्दुस्तान के 90 प्रतिशत लोगों के साथ अन्याय हो रहा है।

## एक झलक

### रांची में कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**रांची** : राज्य के 30 सरकारी स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हो रहे कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला की बुधवार को रांची के झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में शुरूआत हुई। इस दो दिवसीय कार्यशाला में छह बुनियादी विद्यालय, 24 नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के शिक्षक एवं ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य स्कूली शिक्षा में कृषि के महत्त्व और कृषि क्षेत्र की व्यावहारिकताओं की व्यापकता का विस्तार करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। कार्यशाला का नेतृत्व रामकृष्ण मिशन के संन्यासी सशाकानंद महाराज ने किया। कार्यशाला का संचालन जेसीईआरटी के प्रशासनिक उप निदेशक महीप सिंह, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रिटायर्ड निदेशक आरपी सिंह रतन, गढ़वा कृषि विश्वविद्यालय के डीन डॉ. अशोक कुमार, व्यावसायिक शिक्षा के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी स्वप्निल कुजूर ने किया।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर की नयी कमेटी गठित

**रातू** : पंचमुखी हनुमान मंदिर आनंदमयीनगर के सदस्यों की बैठक बुधवार को मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता एलआर शिखर ने की। बैठक में पुरानी कमेटी भंगकर नई कमेटी गठित की गई। इसमें संरक्षक डॉ सुजीत कश्यप, एलआर शिखर, डॉ केपी सिंह, शंभुनाथ श्रीवास्तव, सुजीत सिंह, बीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, संजीव सिंह, सचिव आरपी सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक तिवारी बनाए गए। बैठक में प्रमोद सिंह, छोटू मिश्र, अरुण मिश्र, अभय तिवारी, मोहन सिंह और उत्तम सिंह सहित मंदिर समिति के सदस्य मौजूद थे।

### सुदेश महतो से संजय सेठ ने की मुलाकात, लोकसभा चुनाव की रणनीति पर हुई चर्चा

**रांची** : रांची लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच रांची लोकसभा क्षेत्र में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की राजनीति पर चर्चा हुई। यह बैठक बुधवार को आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कांके रोड, रांची स्थित आवास में हुई। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि रांची में पिछले बार से बड़ी जीत हासिल करेगा एनडीए। हमारे गठबंधन पर जनता का विश्वास है। रांची समेत पूरे राज्य की 14 सीटों पर जनता अपना आशीर्वाद हमें अवश्य देगी। चार सौ पार के संकल्प को पूरा करने की दिशा में झारखंड अपना दायित्व निभाएगा। इस दौरान संजय सेठ ने कहा कि इस चुनाव में सुदेश महतो और आजसू पार्टी के सहयोग और समर्थन से रांची लोकसभा क्षेत्र में हम इतिहास रचेंगे।

### देश में इलेक्टोरल बॉन्ड स्कैम के बाद सूरत में दिखा वोट स्कैम : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची** : झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध निर्वाचन पर भाजपा पर सवाल खड़ा किया है। भट्टाचार्य ने कहा कि बीते दिन गुजरात के सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध चुने गए भाजपा सांसद के चुनाव संदेह की घेरे में है। देश में इलेक्टोरल बॉन्ड के बाद सूरत में एक नया वोट स्कैम देखने को मिला। इस सीट से कांग्रेस के नामांकन को रद्द किया गया और जितने भी दल के उम्मीदवार थे। सभी ने एक साथ नामांकन वापस ले लिया। इससे पहले भी निर्विरोध सांसद चुने गए हैं। लेकिन कभी भी किसी पर उंगली नहीं उठी। लेकिन गुजरात के भाजपा अध्यक्ष ने मिलकर यह साजिश रची और अधिकारी पर दबाव बनाकर परिणाम घोषित करवाया। अब राजनीतिक शर्म हया कुछ नहीं है। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर भी निशान साधते हुए कहा कि रक्षा मंत्री यह मान चुके हैं कि उनके उम्मीदवार अर्जुन मुंडा चुनाव हार गए।

## कर्रा का ऐतिहासिक लौयकेल मंडा में उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब

# मंडा मेला हमारी ऐतिहासिक परंपरा की पहचान है : अर्जुन मुंडा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**खूंटी** : कर्रा प्रखंड क ऐतिहासिक लौयंकेल मंडा बुधवार को झूलन के साथ संपन्न हो गया। मंडा मेला में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि महादेव पूरे संसार के तारणहार हैं। महादेव को ही आघोरीनाथ नाथ कहा जाता है। मुझे खुशी है कि इस प्राचीन मंदिर की प्राचीन परंपरा आज भी भव्य रूप से मनाई जा रही है, जो हमारे सभ्यता-संस्कृति को दिखाती है। ऐसे पारंपरिक कार्य हमारे जीवन में आए उतार-चढ़ाव से हमें दूर करते हैं और हम लोग अपने सुख-दुःख को भूलकर आस्था में खो जाते हैं। मंत्री ने कहा कि भारत देश जहां बाबर, अकबर के अलावा अंग्रेजों ने भी शासन किया। इसके बाद हमें आजादी मिली और हमारे भारत देश को व्यवस्थित ढंग से चलने के लिए व्यवस्था बनाई गई। इसके तहत जनता अपना जन प्रतिनिधि चुनती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था बनती है। आनेवाले लोकसभा चुनाव है लोग अपने जन प्रतिनिधि को चुन सकते हैं। उन्होंने मंडा मेला समिति के सभी सदस्यों बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के कार्य में अपना सहयोग देना सराहनीय है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद सोनी, मनोज कुमार, बृजेन्द्र हेमरोम, विष्णु प्रसाद सोनी, दिलीप सिन्हा, बालकिशुन महतो, रामध्यान सिंह, विनय गुप्ता, नीलाम्बर सिंह आदि मौजूद थे। मंडा मेला को सफल बनाने में जय माता दी क्लब सह मंडा मेला संचालन समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार पाण्डेय, मुख्य संरक्षक नागेंद्र सिंह, बसंत सिंह मुंडा, प्रभात सिंह राठौर, मंटू महतो, बाबू खान, गुलाब नायक, महादेव लोहरा, तुलसी लाल साहू, पवन गुप्ता, अनूप लकड़ा, नवीन गुप्ता, विराट सिंह, बिहारी सिंह, नवीन कुमार, दुर्गा बड़ाईक, सगीर अहमद आदि ने योगदान दिया।

## रजरप्पा पुलिस ने अवैध शराब लदी ऑल्टो कार को किया जब्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रजरप्पा (रामगढ़)** : रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ऑल्टो कार पर लादे गए अवैध शराब को बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ. विमल कुमार को गुप्त सूचना मिली कि एक काले रंग की ऑल्टो कार(जेएच 24 एल 7773) में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना पर जिले के पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया' पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने रजरप्पा थाना प्रभारी के नेतृत्व में अलग-अलग स्थान पर छापामारी अभियान चलाया' पुलिस एक कार का पीछा करते हुए रजरप्पा में एक पनसाला के निकट कार को रुकवाया। कार की जाँच पड़ताल में कई पेटी शराब बरामद किए गए। पुलिस ने कार चालक प्रेमचंद कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शराब बरामद करते हुए गिरफ्तार आरोपी व्यक्ति को जेल भेज दिया है। छापामारी दल में रामगढ़ के एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे, पुलिस अधिकारी अखिलेश कुमार, विकास कुमार एवं रजरप्पा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि, विभाग अलर्ट आरआरटी का गठन, अंडा खरीद बिक्री पर रोक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : राजधानी रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। आईसीएआर -एनआइएचएसएडी भोपाल में रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच फाइव एन वन एवियन इन्फ्लुएंजा की पुष्टि बुधवार को हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन की ओर से एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी ) का गठन किया गया है। उपायुक्त सह-जिला-दंडाधिकारी, राहुल कुमार सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी कर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया है। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एव कर्मियों को जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, कुक्कुट, क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवारी रांची से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है। एक्शन प्लान के तहत आरआरटी के जरिये क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है। एक्शन प्लान के तहत एपिसेंटर से एक किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा। ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की कलिंग के लिए शीघ्र निर्णय लिया जा सके। साथ ही टीम की ओर से एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इंफ्लुएंजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा। उपायुक्त ने एहतियात के तौर पर रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा-मृत कुक्कुटों-कुक्कुट उत्पाद और अंडा की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।

## सीसीएल भुरकुंडा परियोजना के वर्कशॉप में लगी भीषण आग




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रामगढ़** : सीसीएल भुरकुंडा परियोजना के रीवर साइड स्थित रीजनल वर्कशॉप में बुधवार की दोपहर भीषण आग लग गई। जिससे वर्कशॉप अरसे में पड़े कई पुराने और बेकार वाहन आग की चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंची सीसीएल की दमकल टीम ने लगभग घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान अफरातफरी का माहौल बना रहा। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर तकरीबन 01:30 बजे कर्मियों ने वर्कशॉप के पश्चिमी हिस्से से धुआं उठते देखा। देखते-देखते आग तेजी से फैलने लगी और परिसर में बेकार पड़े कई पुराने वाहन आग की चपेट में आ गये। अगलगी की सूचना पर सीसीएल की दमकल विभाग की टीम पहुंची और लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान अफरातफरी का माहौल बना रहा। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। नुकसान के संबंध में आधिकारिक रूप से कुछ भी साफ नहीं हो सका है। बताया जाता है कि वर्कशॉप के एक हिस्से में चहारदीवारी काफी समय से टूटी हुई है। जिससे अन्य लोग भी परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। आसपास के लोग चूल्हे का राख परिसर में फेंक जाते हैं इधर, भीषण गर्मी में पौधे और झाड़ियां सूख चुकी हैं। झांड़ियो और परिसर में बिखरे सूखे पत्तों के कारण आग लगने के बाद काफी तेजी से फैल गई।

## आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का प्रखंड क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गोला (रामगढ़)** : हजारीबाग लोकसभा से इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का गोला प्रखंड क्षेत्र में धुँआधार जनसम्पर्क अभियान कार्यक्रम 25 अप्रैल 2024 को निर्धारित है। ग्राम नेमरा स्थित दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पैतृक गांव से क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत की जानी है। वहीं से चुनावी बिगुल फूँकने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में लुकैया टांड़ स्थित सोना सोबरन शहादत स्थल में माल्यार्पण कार्यक्रम, समय-9.00 बजे शुबह, ग्राम-नेमरा, 9.30 बजे शुबह, उपरबरगा मंदिर के सामने-10.30बजे,
ग्राम-हरना, 11.30 बजे, ग्राम-बरलंगा, 12.30 बजे, ग्राम-सरगडीह, 1.30 अपराहन
बजे, ग्राम-डिमरा, 2.30, अपराहन, ग्राम-सोकला,
3.00, बजे, ग्राम नावाडिह के ग्राम-चोकरबेड़ा, 3.30 बजे अल्प विश्राम के उपरांत सभा, ग्राम-बाघाकुदर, 4.30ग्राम-रायपुरा, 5.30बजे, ग्राम -बरवाटांड़, 6.30 बजे, ग्राम, पूरबडीह, 7.00 बजे।
संबंधित ग्राम के प्रबुद्ध नागरिक एवं गठबंधन के तमाम नेता कार्यकताओं से अनुरोध किया गया है कि समय पर उपस्थित होकर जयप्रकाश भाई पटेल के विचारों को सुनें।

## जांच अभियान में आठ वाहनों से वसूले गये 2 लाख 74 हजार रुपये जुर्माना




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रामगढ़** : आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेर्शानुसार मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़ मनीषा वत्स की अध्यक्षता में गोला प्रखंड के बरलांगा मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहन एवं चार पहिए वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं ओवरलोडिंग के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जिन वाहनों के कागजात अधूरे अथवा वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप नहीं पाया गया वैसे 08 वाहनों से कुल 2 लाख 72 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने वाहन चालकों से वाहनों पर आवश्यक रूप से रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का निर्देश दिया।जांच के दौरान जिला परिवहन कार्यालय से विक्की आनंद सहित पुलिस बल मौजूद थे।

## रांची प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष ने दी बधाई व शुभकामनाएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**ओरमांझी** : झामुमो के युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष साकिर अंसारी ने इंडिया गठबंधन की रांची प्रत्यासी यशस्विनी सहाय से मिलकर उन्हें प्रत्यासी बनाए जाने पर बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष साकिर अंसारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने रांची से युवा चेहरा को मौका दिया है। जिससे राजनीति में भविष्य देख रहे युवाओं में काफी उत्साह है, युवाओं का पुरजोर प्रयास होगा कि भारी से भारी मतों से यशस्विनी जी को जीताकर लोकसभा भेजा जाए। उन्होंने कहा कि यशस्विनी सहाय पढ़ी लिखी एवं महिला होने के साथ-साथ राजनीतिक अनुभव भी रखती हैं वे जिस परिवार से आती हैं जिन्हे घर से ही समाजसेवा की शिक्षा मिली है। ज्ञात हो कि पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सह तीन बार रांची के सांसद रहे सुबोध कांत सहाय जी की पुत्री होने के कारण राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यकुशलता उनमें दिखाई देती हैं।

## झारखंड हाई कोर्ट ने विनोबा भावे विवि के वीसी और रजिस्ट्रार को जवाब के लिए दिया एक और मौका



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट की ओर से प्रमोशन के एक मामले में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर (वीसी) और रजिस्टर को दिये गये शोकॉज का जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। मामले में हाई कोर्ट ने बुधवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वीसी और रजिस्टर को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया है। कोर्ट ने इन दोनों के अलावा जेपीएससी के सचिव से पूछा है कि याचिकाकर्ता को जो प्रमोशन मिलना है उसे अबतक क्यों नहीं दिया गया? कोर्ट ने याचिकाकर्ता को उसे दिये जाने वाले प्रमोशन जल्द देने का निर्देश देते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वीसी और रजिस्ट्रार पर कड़ी कार्रवाई भी संभव है। इससे पहले सुनवाई के दौरान विनोबा भावे विश्वविद्यालय की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसने याचिकाकर्ता के प्रमोशन से संबंधित दस्तावेज जेपीएससी को भेज दिया है। जेपीएससी की ओर से कहा गया कि उसे अब तक दस्तावेज नहीं मिले हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पैरवी की। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में विनोबा भावे वीसी और रजिस्ट्रार को दिये गये शोकॉज पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए पूछा था कि याचिकाकर्ता के पक्ष में प्रोन्नति देने संबंध में जेपीएससी से सहमति मिलने के बाद भी अदालत के समक्ष तथ्य को छुपा कर शपथ पत्र क्यों दाखिल किया गया? उल्लेखनीय है कि डॉ पवन कुमार सिंह विनोबा भावे विश्वविद्यालय के तहत मार्खम कॉलेज, हजारीबाग में पदस्थापित हैं।

## मदर जीरामणी शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज गूंजा के छात्र-छात्राओं को दी गयी मतदान की जानकारी



**ओरमांझी** : मदर जीरामनी शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज गुंजा ओरमांझी में बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव हेतु अंचल निर्वाचन पदाधिकारी नितिन शिवम गुप्ता के निदेर्शानुसार वोटर जागरूकता अभियान के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यतः मतदान करने की अपील की गई है।और जिनका वोटर कार्ड नहीं बना है उनके लिए फार्म संख्या 6,7,8 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। एवं बीएड कॉलेज के छात्र - छात्राओं को दी गई मतदान की जानकारी। इसमें अंचल निर्वाचन हेल्प डेस्क ने प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को मतदाता पहचान पत्र बनाने की जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन मतदाता पहचान प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया के संबंध में पूर्ण जानकारी दी। और बताया कि छात्रों को न सिर्फ अपना बल्कि पास पड़ोस के लोगों को भी मतदान के संबंध में जानकारी प्रदान करनी चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्या डॉ नाजिश नाज ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में आप सबकी भूमिका अहम है। उन्होंने महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया।और उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर जाकर अपने-अपने मतों का प्रयोग करें। अपने पसंद के उम्मीदवार को चुनें। किसी के दबाव, प्रभाव में आए बिना, बिना किसी प्रलोभन के जाति, धर्म, वर्ग से ऊपर उठ कर स्वतंत्रतापूर्वक मतदान करें। यही नैतिक मतदान है। कार्यक्रम में शिक्षक डॉक्टर नीलम कुमारी, राजेश कुमार साहू, मुबारक अंसारी, राखी मेहता, हरनी कुमारी, आर्यन राज, नितेश कुमार एवं कॉलेज के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# खूंटी लोकसभा सीट से पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**खूंटी** : अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट की अधिसूचना जारी होने के सातवें दिन बुधवार को पांच प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिन प्रत्याशियों ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया, उनमें झारखंड पार्टी के अपर्णा हंस, अबुआ झारखंड पार्टी के सोमा मुंडा, लोकहित अधिकार पार्टी के काशीनाथ सांगा, निर्दलीय अहलाद केरकेट्टा तथा झामुमो के पूर्व विधायक निर्दलीय प्रत्याशी बसंत लोंगा शामिल हैं। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के प्रतिनिधि द्वारा बुधवार को भी दूसरी बार अन्य सेट में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया। दूसरी ओर बुधवार को एक अभ्यर्थी बहुजन समाज पार्टी की सावित्री देवी ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। इस प्रकार अब तक कुल 16 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रपत्र की खरीदारी की गई है। इनमें से दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कांग्रेस के कालीचरण मुंडा सहित कुल नौ प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया है। गुरुवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है। इसलिए बाकी बचे अभ्यर्थियों द्वारा अंतिम दिन गुरुवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल किया जाएगा। नामांकन के पूर्व झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का और महासचिव अशोक भगत के नेतृत्व में झारखंड पार्टी के कार्यकताओं ने लोयला मैदान सें नामांकन रैली निकाली गई, जिसमें खूंटी, तोरपा, कोलेबिरा, सिमडेगा, तमाड़ और खरसावां विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकताओं ने भाग लिया। नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए एनोस एक्का ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यहा के ईसाइयों को अपमानित किया है। ईसाई धर्मगुरुओं कों टिकट देने का आश्वासन देनें के बाद भी किसी ईसाई कों कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि कांगेस भारतीय जनता पार्टी की बी टीम बन गई है। यही कारण है कि तीन बार चुनाव हारने के बाद भी कालीचरण मुंडा को ही कांग्रेस ने चुनावी मैदान में उतारा। कालीचरण मुंडा कांग्रेस में और उनका छोटा भाई नीलकंठ सिंह मुंडा भाजपा में हैं और दोनों यहा की जनता का मूर्ख बना रहे हैं। एनोस एक्का ने कहा कि खूंटी संसदीय सीट से जब भी कांग्रेस ने ईसाई उम्मीदवार उतारा है, उनकी जीत हुई है, जबकि गैर भाजपाई दल से कोई गैर ईसाई को जीत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि 1952, 1957 और 1962 में झारखंड पार्टी के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने संसदीय चुनाव जीता था। 1967 में जयपाल सिंह कांग्रेस के टिकट पर संसद पहुंचे थे। 1984 में साइमन तिग्गा और 2004 में कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा ने कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। उसके बाद कांग्रेस ने एक बार नियेल तिर्की को उम्मीदवार बनाया था।

## आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्री प्लेसमेंट टॉक का किया आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**ओरमांझी** : प्रखण्ड क्षेत्र के आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आनंदी में टीसीएस द्वारा प्री प्लेसमेंट टॉक टीसीएस की ओर से आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्री प्लेसमेंट टॉक का आयोजन किया गया। टीसीएस के प्रतिनिधि आकाश घोष और संदीप रॉय ने आगामी भर्ती अभियान (नेशनल क्वालिफायर टेस्ट) के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने छात्रों को ड्राइव के लिए पंजीकरण, परीक्षा पैटर्न के बारे में बताया और प्रतियोगिता में सफल होने का सुझाव भी दिया। सभी के छात्र बी.टेक की शाखाएं ड्राइव में भाग ले सकते हैं। ओपनिंग की तीन श्रेणियां हैं, निंजा, डिजिटल और प्राइम निंजा प्रोफाइल में वेतन तीन लाख रुपये से 3.50 लाख रुपये, डिजिटल में सात लाख रुपये से 7.50 लाख रुपये और प्राइम है। बी.टेक के लिए वेतन पैकेज 9 लाख से 11.50 लाख रुपये है। मौके पर प्राचार्य डॉ. एन हरिबाबू ने छात्रों को इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर मुख्य रूप से डॉ. रूपम शर्मा, किरण कुमारी, बबिता कुमारी, सरिता देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एक झलक

### महाराजा अग्रसेन भवन में श्री हनुमान जयन्ती महोत्सव का हुआ आयोजन



**रांची** : श्री हनुमान जयंती के जन्मोत्सव के अवसर पर महाराजा अग्रसेन भवन मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल के सौजन्य से हनुमान जयंती महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। श्री हनुमान महोत्सव के पावन अवसर पर श्री हनुमान जी का अलौकिक नयनाभिराम श्रृंगार, अखंड ज्योत, सवामणि भोग, भजन कीर्तन, महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य यजमान अंशुमान अग्रवाल सपत्नीक शैलवी जैन के साथ गणेश पूजन के साथ पूरे विधि विधान से पूजन कर पवन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर सवामणि भोग का प्रसाद लगाया गया। वीर बजरंगबली को विभिन्न प्रकार के मेवा, मिष्ठान, फल, लड्डू आदि का भोग अर्पित किया गया। वीर हनुमान के जयकारों के बीच भक्तगण वीर बजरंगबली का दर्शन कर मंगलमय जीवन की कामना कर रहे थे। तथा भक्तों ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। तत्पश्चात श्री हनुमान मंडल रांची द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ कर भजनों की अमृत वर्षा की गई।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने बच्चों के बीच किया फल व जूस का वितरण



**रांची** : रांची समर्पण शाखा Every Kid Healthy Week 5 दिवसीय कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन सुबह 11 बजे Healthy Eating Habits IZY °fWX°f Srijan help पहाड़ी मंदिर ( मंदबुद्धि और मूखवधीर बच्चो का स्कूल) मे बच्चों के बीच ताजे फल तरबूज और जूस का वितरण किया। कार्यक्रम प्रभारी कोमल झुनझुनावाला एवं संयोजिका आशा सराफ ने उनसे बातचीत कर उन्हे समझाया की सभी को पौष्टिक आहार खाना चाहिए। जंक फूड नही खाना चाहिए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया, कार्य को सफल बनाने में मंच के सदस्यों का भरपूर साथ रहा, कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, कोमल पोद्दार, स्मिता अग्रवाल, आशा सर्राफ मौजूद थी।

### प्राचीन बूढ़ा महादेव शिव मंदिर में नव निर्मित नंदी और शेषनाग की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गयी



**रांची** : बुधवार को कांके रोड मिसिर गोंदा के प्राचीन बूढ़ा महादेव शिव मंदिर में आज महीना के शिव वास दिन के शुभ अवसर पर नव निर्मित शेषनाग एव नंदी जी के प्रतिमा की विधिवत स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर शिवालय में वैदिक मंत्र एवं विभिन्न अनुष्ठान व कर्म कांड आयोजित की गई। मुख्य पुरोहित रामेश्वर पांडेय एव अशोक पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की। मुख्य यजमान श्री संतोष कुमार व उनकी धर्म पत्नी संध्या देवी ने भगवान शिव नंदी और शेष नाग की विशेष पूजा अर्चना के साथ विभिन्न कर्म कांड व अनुष्ठान पूजा संपन्न किया। इस अवसर पर महिलाओं ने मंदिर में भजन कीर्तन कर भगवान शिव की उपासना किया। साथ ही साथ भक्तो के बीच प्रसाद वितरण कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन हुआ। ज्ञात है कि प्राचीन बूढ़ा महादेव मंदिर में कई दिनों से नंदी महाराज और शेष नाग जर्जर स्थिति में था।

### भाजपा के लिए राष्ट्र सबसे पहले : जनरल वीके सिंह



**रांची** : लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भाजपा के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय राज्य मंत्री सह सांसद पूर्व सेना अध्यक्ष वी के सिंह ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों के साथ लालगंज रांची में संवाद किया इस बैठक की अध्यक्षता रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू ने की। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों से पूर्व जनरल केंद्रीय राज्य मंत्री सह सांसद वी के सिंह ने संवाद किया और देश और विश्वा की वर्तमान इस्थिती पर चर्चा किया सांसद वी के सिंह ने कहा कि सैनिकों ने सदेव देश की सीमाओं की रक्षा की है, एक सैनिक जिस जगह भी रहता है उस जगह का होकर उस स्थान को सुरक्षित और विकसित करने का सदेव प्रयास करता रहता है, जिस तरीके से सैनिक के लिए उसका देश सब कुछ होता है देश के लिए ओ अपना सबकुछ प्राण भी निछावर करने के लिए तैयार रहता है।

# आवश्यक सेवाओं से जुड़े सभी मतदाताओं के लिए सुगम मतदान सुनिश्चित करायें : के रवि कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : निर्वाचन कार्य से जुड़े और वैसे मतदाता, जो आवश्यक सेवा यथा रेलवे, स्वास्थ्य, मीडिया, अग्निशमन आदि में कार्यरत हैं और वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहने के कारण मतदान केंद्र नहीं जा सकते, उन सभी मतदाताओं का फॉर्म 12 डी भरवाकर आवेदन ले लें एवं उनका पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित कराएं। एक भी मतदाता,जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों, वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों, इस ध्येय को लक्षित कर पदाधिकारी कार्य करें । उक्त निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निर्वाचन सदन से




सभी जिलों के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिया। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी अपने जिले की आवश्यक सेवाओं से जुड़े एवं मतदान कार्य में कार्यरत मतदाताओं से पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए विहित फॉर्म भरवाकर आवेदन ले लें अथवा वे स्वयं मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए इच्छुक हैं, वैसी स्थिति में उनकी/ उनके संस्थान की प्रतिक्रिया लेते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रतिवेदन समर्पित करें। उन्होंने कहा कि रेलवे के सभी संबंधित पदाधिकारियों से निकट समन्वयन स्थापित कर सभी रेलकर्मियों, वेंडरों, कुलियों सहित अन्य लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें साथ ही उनके सुगम मतदान के लिए आवश्यक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर इस मामले में असहयोग की संभावना हो, तो बताएं।इसी प्रकार से 80 वर्ष से अधिक आयु के वैसे वरिष्ठ नागरिक अथवा दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने-जाने में अक्षम हों, उनके पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूरी कर लें। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, राज्य पुलिस पोस्टल बैलेट नोडल पदाधिकारी पटेल मयूर कन्हैया लाल, ओएसडी गीता चौबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सुबोधकांत सहाय बेटी यशस्विनी के साथ रिम्स में घायलों से मिले



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कांग्रेस नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उनकी बेटी यशस्विनी सहाय और झामुमो नेता बुधवार को रिम्स पहुंचे। रिम्स के ऑर्थो विभाग में 11 दिनों से इलाजरत मरीज बसंती देवी और हीरामनी कुमारी और उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान इलाज और अस्पताल में मिल रहे सुविधा के बारे में परिजनों से जानकारी ली। साथ ही इलाज कर रहे डॉक्टर रवि से भी सुबोधकांत और उनकी बेटी से मिलकर घायलों के बारे में जानकारी ली और बेहतर इलाज करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल को बढ़मू सरहुल शोभायात्रा में मुरपीरी गांव में टैक्टर पलटने से तीन की मौत और 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसमें हीरामनी और बसंती देवी भी शामिल थी।

# बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद एक्शन प्लान के तहत आरआरटी का गठन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : ICAR-NIHSAD भोपाल में क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में H5N1 AvianInfluenza की पृष्टि हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन द्वारा एक्शन प्लान के तहत RAPID RESPONSE TEAM (RRT) का गठन किया गया है। उपायुक्त सह-जिला-दंडाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एव कर्मियों को जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, कुक्कुट, क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवारी रांची से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निदेश दिया गया है। एक्शन प्लान के तहत RAPID RESPONSE TEAM (RRT) द्वारा क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है। एक्शन प्लान के आलोक में एपिसेंटर से 1 किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की कलिंग हेतु शीघ्र निर्णय लिया जा सके। साथ ही टीम द्वारा एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इंफ्लुएंजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा।

निम्न नगरपालिका क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य करेगी रैपिड रिस्पांस टीम

1. होटवार, गाड़ी गांव, गाड़ी होटवार एवं बकेन टोली।
2. खटंगा, न्यू खटंगा, महुआ टोली एवं आर्मी कैंप के पास का क्षेत्र।
3. बांध गाड़ी, डुमरदगा, जेपी नगर, एवं बूटी मोड़ के पास का क्षेत्र।

संक्रमित क्षेत्र के 01 किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट/कुक्कुट उत्पाद, अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर रोक

ICAR-NIHSAD भोपाल में क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच के क्रम में ल्ह5ठ1 अ५्ल्ल क्ल्ला'४ील्ल९ की पृष्टि हुई है। उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।

# छात्र आजसू ने की रांची विश्वविद्यालय में इंटरमीडिएट पढ़ाई बंद करने की निंदा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : बुधवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर उन्हें इंटरमीडिएट की पढ़ाई पहले की तरह सुचारू रूप से जारी रखने को लेकर मांग पत्र सोपा। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा की राज्य की लगभग 50 से 70 प्रतिशत आबादी गरीबी या गरीबी रेखा के नीचे रूरल एरिया मैं मैं निवास करती है रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत पांच जिलों में स्थापित विभिन्न महाविद्यालय मैं इंटरमीडिएट की पढ़ाई होती है गरीब एवं निम्न वर्ग के छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट के पढ़ाई के लिए उन्हें महाविद्यालयों के आश्रित होते हैं ऐसे में रांची विश्वविद्यालय द्वारा यह तानाशाही फैसला छात्र हित के खिलाफ है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 13/07/2023 को पत्रांक संख्या 170 जारी किया गया था।

# कांग्रेस के घोषणापत्र को संजय सेठ ने बताया देश तोड़ो पत्र




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी श्री संजय सेठ ने कहा कि कांग्रेस के मंसूबे इस देश को लेकर हमेशा ही बांटने वाले और बर्बाद करने वाले रहे हैं। इस बार कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र लाया है, जनता इनके मुंह पर कालिख पोतेगी। चुनावी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री सेठ ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र देश को तोड़ने वाला पत्र है। हिंदू मुस्लिम को लड़ाने वाला पत्र है। इन्होंने हमेशा हमेशा हिंदू मुसलमान किया है। समाज को बांटने का काम किया है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि वर्ष 2013 में जब कांग्रेस की सरकार थी। तब इन लोगों ने सांप्रदायिक लक्षित हिंसा अधिनियम के नाम से एक विधेयक लाया था। यह इतना खतरनाक विधेयक था, जिसमें यहां बैठे सारे लोग इसकी चपेट में आते। सबका जीवन बर्बाद हो जाता। इस विधेयक के माध्यम से सीधे-सीधे हिंदुओं को टारगेट किया गया था। इस बार का कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के विकास का घोषणा पत्र नहीं है, देश को बांटने का घोषणा पत्र है। राहुल गांधी ने जिस तरह से बातें कही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो बातें लिखी गई है, उसके पीछे इनका एक हिडन एजेंडा है। यह पूरी तरह से वामपंथी अर्बन नक्सल के द्वारा तैयार किया गया घोषणा पत्र है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह कैसे संभव है कि किसी एक व्यक्ति की कमाई को दूसरे लोगों में बांट दिया जाए। इसे आज पूरे देश को समझने की जरूरत है। कोई दो बच्चे का पिता दिन-रात कठिन परिश्रम अपने परिवार के लिए करता है। अपनी संपत्ति अर्जित करता है और उसे 10 बच्चों वाले परिवार को बांटने की बात कांग्रेस कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री सेठ ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं से मेरा सवाल है कि वह बताएं की घोषणा पत्र के पीछे उन्होंने ऐसा क्यों किया? उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ क्यों किया? 2013 में भी जनता ने इनका जवाब दिया था और 2024 में उनकी इन्हीं हरकतों का जवाब जनता एक बार फिर से देगी।

# 26 अप्रैल को नगर कीर्तन से गुरमत समागम की होगी शुरुआत, 27 व 28 अप्रैल को सजेगा विशेष दीवान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा संचालित गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा दो दिवसीय आठवां महान गुरमत समागम की शुरूआत 26 अप्रैल को सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक भव्य नगर कीर्तन से होगी, जिसमें पुष्प सवारी पर विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पांच प्यारे एवं पांच निशानची की अगुवाई में कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कराया जाएगा। इस नगर कीर्तन में सत्संग सभा की कीर्तन मंडली द्वारा रास्ते भर शबद गायन होगा। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट से आरंभ होकर कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित विजय कटारिया और सुनील गेरा के चौक, झंडा चौक, गोपाल दास सरदाना के चौक से होकर डॉ अजय छावड़ा के क्लिनिक होते हुए भगत सिंह मिढ़ा के आवास,बबलू गांधी, सुभाष मिढ़ा, जीतू काठपाल, राज कुमार सुखीजा, अशोक मिढ़ा के चौक होते हुए सेंट्रल बैंक गली और भगवान सिंह बेदी, रमेश पपनेजा, नरेश पपनेजा, हरविंदर सिंह बेदी, द्वारकादास मुंजाल, सुनील मिढ़ा, प्रेम खत्री, बलबीर काठपाल, मनीष सरदाना, श्याम लाल गाबा,होला राम तेहरी के चौक, विवेकानंद अस्पताल तथा सुंदर लाल मिढ़ा के चौक एवं शहीद भगत सिंह चौक होते हुए दर्शन दिउड़ी गेट वापस पहुंचकर सुबह आठ बजे अरदास के साथ विसर्जित हो जाएगी।

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा ने करायी रांची के 11 विभिन्न स्थानों में अस्थाई प्याऊ की व्यवस्था



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा द्वारा बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए रांची के विभिन्न स्थानों जैसे अपर बाजार में चार जगह कचहरी रोड, लालपुर रोड, पिस्का मोड़, काट सराय रोड एवं सदर अस्पताल में आठ घड़ों के साथ अस्थाई प्याऊ की व्यवस्था की गई, इस प्याऊ की विधिवत उद्घाटन सदर हॉस्पिटल के डॉक्टर विमलेश सिंह (ड्यूटी सुपरीटेंडेंट) और उनके असिस्टेंट कुंदन झा ने प्याऊ का उद्घाटन किया। डॉ विमलेश सिंह ने मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक क्षेत्र में इनका बहुत ही सराहनीय योगदान है। उन्होंने कहा की जल ही जीवन है, तथा प्यासे को पानी पिलाने से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है, मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए सड़क के किनारे नाद की व्यवस्था की गई जिससे गर्मियों के दिन में राह चलते पशु पानी पी सके समिति की बहनों के द्वारा पक्षियों के लिए अपने अपने घरों के छतो में पानी के कुंडे और दाना की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, रांची की पूर्व अध्यक्ष बिना मोदी, मंजू केडिया, रांची शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, प्रीति बंका, सरिता अग्रवाल, सीमा पोद्दार, प्रीति पोद्दार, सीमा अग्रवाल, शोभा हेतमसरिया, रीना सुरेखा, मीना अग्रवाल, सुनीता सरावगी, छाया अग्रवाल, तथा अन्य सदस्यों का भरपूर योगदान रहा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने रांची जिला मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा किए जा रहे है जनसेवा एवं सामाजिक कार्यों की भूरी- भूरी प्रशंसा की है। उक्त जानकारी मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा की मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

# चेक अनादरण व विद्युत अधिनियम से सम्बन्धित विशेष लोक अदालत की बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा दिनांक 21 अप्रैल, 2024 से 26 अप्रैल 2024 तक व्यवहार नयायालय, रांची के परिसर में पक्षकारों के साथ चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम के मामलों पर बातचीत के लिए प्री-लोक अदालत की बैठकें आयोजित हो रही है और दिनांक 27.04.2024 को पूर्वाह्न 07:30 बजे से विशेष लोक अदालत का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में सोमवार को व्यवहार न्यायालय, रांची के मीटिंग हॉल

**■ विशेष लोक अदालत 27 को**

में न्यायायुक्त महोदय की अध्यक्षता में चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित मामलों को देख रहे अदालतों बैंक के पदाधिकारी और बिजली विभाग पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। इस बैठक में दिवाकर पांडे, न्यायायुक्त, रांची राकेश रंजन, डालसा सचिव समेत व्यवहार न्यायालय, रांची के न्यायिक पदाधिकारी बिजली विभाग एवं बैंक के पदाधिकारी उपस्थित थे। माननीय न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित मामलों को देख रहे अदालतों को निर्देश दिया कि वे अगामी विशेष लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजें, ताकि झालसा के निर्देशानुसार संबंधित लंबित वादों में से 20 प्रतिशत वादों का सफलतापूर्वक निश्तारण करने में सफलता प्राप्त किया जा सके।साथ ही बैंक एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी से मामलो का निस्तारण के लिए पूर्ण सहयोग करने को कहा।इससे मानीनय न्यायालय का बोझ कम होगा और लोगो को सुलभ न्याय मिलेगा। बैठक में चेक अनादरण और विद्युत अधिनियम मामलों पर बातचीत की गयी एवं अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये गये ताकी आगामी विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक चेक अनादरण और सविद्युत अधिनियम से संबंधित वादों का निश्तारण हो सके। अभी तक चेक अनादरण के लगभग 6000मामले को चिन्हित किया गया और पक्षकारों को नोटिस भेजा जा चुका है वही विद्युत अधिनियम के लगभग 1100 मामलो को चिन्हित किया गया है और पक्षकारों को नोटिस भेजा गया है। बैठक में न्यायायुक्त, दिवाकर पांडेय, डालसा सचिव, राकेश रंजन, व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी एवं बैंक एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 29 अप्रैल 2024 को होनेवाले नामांकन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक

# डीसी ने दिये नामांकन को लेकर कई आवश्यक तैयारी कराने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 29 अप्रैल 2024 को होने वालें नामांकन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक सुमन, परिक्षमान उप समाहर्ता रांची, त्रिभुवन सिंह, एन.डी.सी. रांची एवं सम्बंधित कर्मी उपस्थित थे। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 29 अप्रैल 2024 को होनेवालें नामांकन की तैयारी की समीक्षा



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया गया की ब्लॉक-ए में नामांकन के दौरान पेय जल, बिजली, लिफ्ट, साफ-सफाई, पार्किंग, बैठने की व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था, सी.सी. टीवी, पंखे, उनके बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारी ससमय कराना सुनिश्चित करें। सारी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहें इस पर विशेष ध्यान दे।

**सभी को दिये गये कार्य सुगमता पूर्वक हो इस पर ध्यान दे**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी सम्बंधित अधिकारी/कर्मियों को निर्देश देते कहा की नामांकन के समय सब अपने दिये गये कार्यों का संपादन बेहतर रूप से करें इस पर विशेष ध्यान दे।

# एकाउंटेंट हत्याकांड के मुख्य आरोपित सहित नौ पर आरोप गठित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत में बुधवार को बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर सहित नौ आरोपितों पर बुधवार को आरोप गठित किया गया। अदालत में आरोप गठन के दौरान आरोपितों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया। अदालत ने आरोपितों पर लगे आरोप को पढ़कर सुनाया। आरोपितों ने लगे आरोप को निराधार बताया। सभी ने कहा कि मामले में वह निर्दोष हैं। मामले में वह आगे ट्रायल फेस करना चाहते हैं। अदालत ने राहुल कुजूर, उसके पिता डब्लू कुजूर, उसकी मां सुशीला कुजूर, आशीष कुजूर, आकाश कुमार वर्मा उर्फ बालकटी, संदीप कुमार प्रसाद उर्फ धबुश, साहिल बाड़ा, सोनू कुमार उर्फ सोनू यादव और विवेक कुमार शर्मा उर्फ गुड्डू पर आरोप गठित किया। इसके बाद अदालत ने अभियोजन पक्ष को मामले में गवाही प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके लिए अदालत ने 20 मई की अगली तिथि निर्धारित की है। इस हत्याकांड में कमल भूषण की बेटी सह राहुल कुजूर की पत्नी यामिनी कुमारी और मुख्य शूटर रोहित सिंह भी आरोपित हैं। दोनों जेल में है। दोनों पर अगले महीने आरोप तय किये जाने की संभावना है। बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण की हत्या के बाद एकाउंटेंट संजय कुमार ही उनका सारा कारोबार देख रहा था। पांच जुलाई, 2023 को रातू रोड के काली मंदिर लेन में अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी।

## एक झलक

### ग्रामीण व आम जनता की हर समस्या के समाधान के लिए मासस हमेशा तैयार : चंद्रदेव महतो

**तिसरा (धनबाद)** : बेड़ा-दोबारी बीसीसीएल कार्यालय के समीप पिछले सात महीना से भी अधिक समय से आमटाल के निवासी कार्तिक गोराई बीसीसीएल मैनेजमेंट के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर धरना में बैठे थे। बीसीसीएल मैनेजमेंट और जिला प्रशासन से मांग कि जा रही थी कि उनके जमीन पर दूसरा कोई नौकरी कर रहा है और जमीन का मुआवजा भी अभी तक नहीं मिला है। उनका कहना था कि मेरे साथ अन्याय हुआ है इसका जांच किया जाए। कार्तिक गोराई लंबे समय तक इस मुद्दे पर लाल झंडा के ट्रेड यूनियन नेताओं के खिलाफ बयान बाजी किया गया। लेकिन किसी भी नेता ने किसी प्रकार का कोई ठोस ना कदम उठा सका और ना ही मुद्दा को सुलझा सका। कुछ राजनीतिक दल और उनके लोगों का बस एक ही काम भाई से भाई को लड़ाओ और गांव में अशांति फैलाओ। लोकसभा चुनाव को देखते हुए मैनेजमेंट लगातार कार्तिक गोराई से अनुरोध कर रहे थे कि इस विषय में जांच चल रही है अभी फिलहाल आप यह धरना वापस ले। इधर कार्तिक गोराई थक हारकर सामाजिक तौर पर मासस के केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो से संपर्क किया। चंद्रदेव महतो ने कार्तिक गोराई के बड़े भाई से संपर्क कर कार्तिक गोराई को आर्थिक मदद के लिए समझाया। बड़े भाई ने डेढ़ लाख का चेक चंद्रदेव महतो के हाथों से कार्तिक गोराई को सैंपा। उनके भाई उपेंद्र गोराई ने चंद्रदेव महतो और गांव के समाजसेवी के समीप कहा कि आगामी 35 महीना तक अपने भाई को हर महीने तक 10000 सहयोग राशि दूंगा और आगे भी यथासंभव मदद करता रहूंगा। बुधवार को मैनेजमेंट के ओर से बेड़ा के प्रबंधक अजय कुमार विश्वकर्मा ने कार्तिक गोराई को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाय, और मैनेजमेंट ने इन सब के बीच आश्वासन दिया कि कार्तिक गोराई को आउटसोर्सिंग कंपनी में काम दिलाने का काम करेंगे। इस नेक कार्य में मासस के वरिष्ठ नेता प्रभास पाल, पतित पावन माजी, असित चटर्जी, अनाथ गोराई, विधान चक्रवर्ती सुरजीत चंद्र, मुकेश बाऊरी, दयाल बाऊरी, महेश कुमार राम, मदन हरिजन, रामचंद्र राम, धीरज कुमार, ललन कुमार, पवन झा, सुशांतो चंद्र तरुण माझी रोहित महतो चंदन भूमिहार आदि मौजूद थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच सेंटर के लिए चिह्नित कमरों का किया निरीक्षण

**धनबाद** : बुधवार 24 अप्रैल को आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आईटीआई धनबाद एवं राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद स्थित डिस्पैच सेंटर के लिए चिन्हित कमरों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां मटेरियल डिस्पैच, ईवीएम डिस्पैच, बूथवार मार्किंग, पोलिंग पार्टियों के बैठने हेतु व्यवस्था, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल चंदन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# तीन दिवसीय यज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत कदमा पंचायत के देवी मंडप में श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ कदमा देवी मंडप से किया गया तत्पश्चात नगर भ्रमण करते हुए गोंदा नदी से कलश में जल भरकर महिलाएं नारा लगाते हुए (जय श्री राम) वापस देवी मंडप कदमा पहुंचीं। आयोजित कलश यात्रा में बड़ी संख्या में सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। इस यज्ञ के यज्ञआचार्य प. धीरज पाण्डेय, आचार्य अजीत तिवारी (वाराणसी), अमित पाण्डेय, नित्यानंद पाण्डेय, निरंजन पाण्डेय इत्यादि ने आज पंचांग पूजन, नान्दी मुख श्राद्ध, पुण्य वाचन, मंडप प्रवेश एवं जलाधीवास का कार्यक्रम संपन्न करवाया। महायज्ञ के आयोजकों द्वारा बताया गया कि यह महायज्ञ पूरे तीन दिनों तक चलेगा। इस दौरान आयोजकों द्वारा उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। आयोजित कलश यात्रा में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, समाजसेवी हर्ष अजमेरा, समाजसेवी राकेश गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, उदयनाथ सिंह, गिरिजा सिंह, नवीन सिंह, विनय सिंह, निप्पू सिंह, शेखर सिंह, वार्ड पार्षद दीपक सिंह, रोहित सिंह, वीरू सिंह, विवेक सिंह मोहित सिंह अभिज्ञान, सतपाल सिंह, विनीत सिंह, पाल सिंह, सनी सिंह, सौरभ सिंह, टिंकू कुमार, अमित वर्मा, संतोष वर्मा, रौशन सिन्हा, मनिकेश सिन्हा, सागर सिन्हा, सुरेश सिंह, अजय, अमन सिन्हा, माला, सुबेली, डिम्पल, माही सहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

### दुलमाहा सिंहपुर में श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



**बरही** : प्रखंड के दूलमाहा पंचायत अंतर्गत ग्राम सिंहपुर में श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में पूर्व विधायक मनोज यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साव, स्थानीय मुखिया नारायण यादव, पंसस प्रतिनिधि मणिलाल यादव, पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव, युवा नेता संजय यादव ,संजय यादव -2 मौजूद थे। सभी अतिथियों को यज्ञ समिति की ओर से उन्हें अंग वस्त्र एवं पट्टा देकर सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि महायज्ञ में भाग लेकर हम अपनी आत्मा को जहां शुद्ध कर रहे हैं वहीं हमें भगवान हनुमान का आशीर्वाद भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि यज्ञ कर्म को मनुष्यों एवं देवताओं के परस्पर कल्याण हेतु होना आवश्यक है, क्योंकि देवताओं को भोजन यज्ञ से प्राप्त होता है। देवताओं का प्रसन्न होना ही मानव कल्याण है। इसलिए यज्ञ को अति उत्तम माना जाता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ का आयोजन अपद्रवों के विनाश के लिए, विश्व शांति एवं कल्याण हेतु महायज्ञ का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए ही महायज्ञ का अनुष्ठान किया गया है। मौके पर संजय यादव संजय कुमार यादव, रामदेव यादव, मुरली यादव, नारायण यादव, गणेश यादव, चन्द्रदेव यादव, अशोक यादव सहित हजारों श्रद्धालु भक्त जन उपस्थित थे।

### वृन्दावन में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारम्भ



**चौपारण** : चौपारण प्रखंड के करमा पंचायत के बृन्दावन लपसिया में आयोजित शिव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री 1008 रुद्र महायज्ञ वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ हुआ। कलश यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालुओं के साथ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। कलश यात्रा बृन्दावन शिव मन्दिर से निकलकर फुलांग नदी पहुंचा। यज्ञ आचार्य दिवाकर पांडेय ने मंत्रोचारण के साथ जल भरनी का कार्य सम्पन्न करवाया। आयोजको ने बताया कि मथुरा वृंदावन से आये विशेष कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा। श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ आयोजन से आसपास के इलाके का शुद्धिकरण होता है। क्षेत्र में सुख शान्ती व समृद्धि बना रहता है। पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ महाराज की कृपा समस्त बृन्दावन व लपसिया के ग्रामीणों पर बनी रहे। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव ने कहा कि बृन्दावन व लपसिया में भक्ति माहौल है। कलश यात्रा में अनिल दाँगी, सतेंद्र दाँगी, आशीष प्रसाद, बसंत प्रसाद, सुग्रीव प्रसाद, गंगाधर प्रसाद, लोकेश कुमार दांगी, घनश्याम कुमार दांगी सुगदेव प्रसाद, शंकर दांगी, बीरेंद्र सर, निर्मल प्रसाद, हिरामन दांगी, संदीप कुमार, प्रकाश प्रसाद, सतीश कुमार दांगी, कैलाश प्रसाद, नीरज दांगी, सुधीर दांगी, सुनील प्रसाद, बिनोद दांगी कई लोग उपस्थित थे।

# 06 पशुओं के साथ दो गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि चोरदाहा चेकपोस्ट के पास वाहनों के सघन चेकिंग के दौरान बुधवार को दिन में करीब 12:45 बजे के करीब चौपारण की ओर से एक पिकअप वाहन पंजियन संख्या-जेएच-01 डी डी -0406 आता हुआ दिखाई दिया, जिसे जांच हेतु रूकने का ईशारा करने पर वाहन चालक अपना वाहन को रोकने के बजाय और तेजी से चलाकर भागने का प्रयास करने लगा परन्तु आगे बड़ी वाहन रहने के कारण भागने में सफल नहीं हो पाया, जिसके उपरांत वाहन से 02 व्यक्ति उतरकर भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से



पकड़ लिया। जिनका नाम संतोष यादव उम्र करीब 33 वर्ष पिता सिद्धनाथ यादव ग्राम, थाना-दुपुदाना जिला रांची एवं शिवदुलार यादव उम्र करीब 55 वर्ष पिता-स्व० यमुना यादव ग्राम बदारी टोला छपरा थाना बगेन गोला जिला बक्सर (बिहार) वर्त्तमान पता करम चौक गंगानगर रोड नं -02 थाना-सुखदेवनगर जिला-रांची है। वहीं, वाहन जांच के क्रम में पिकअप वाहन के डाला में 04 भैंस, 01 गाय एवं 01 भैंस का बच्चा कुरतापूर्वक लोड पाया गया, जिनके बैठने तक का स्थान वाहन में नहीं था और पशु तरकर इतनी गर्मी के मौसम में क्षमता से अधिक पशुओं को खुले धुप में वाहन में लोडकर ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़े गये, जिनसे बरामद वाहन एवं जानवरों के संदर्भ में वैद्य कागजात का मांग करने पर कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया, तत्पश्चात दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर एवं बरामद प्रदर्श को जप्त कर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधानभार पुअ०नि० सुबीन्द्र राम को सौंपा गया है। छापेमारी दल में पुअनि० दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, चौपारण, पुअनि0 बिन्देश्वर महतो व सुबीन्द्र राम, चौपारण थाना और चौपारण थाना एवं चोरदाहा में तैनात सशस्त्र बल शामिल थे।

# मांझी बदलो-गांव बचाओ जनजागरण सभा का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मड़मो पंचायत के डुमारियाटांड़ गांव में बुधवार को मांझी बाबा श्यामलाल हेम्ब्रम की अध्यक्षता में मांझी बदलो-गांव बचाओ जनजागरण सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में आदिवासी सेंगेल अभियान के हजारीबाग जोनल हेड सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष बहराम हंसदा मुख्य रुप से उपस्थित थे। उन्होंने मांझी बदलो-गांव बचाओ जनजागरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि आज आदिवासी समाज मौत के मुहाने पर खड़ा है। आदिवासी समाज का अस्तित्व, पहचान, हिस्सेदारी, भाषा, जल, जंगल, जमीन सब कुछ लुटा जा रहा है। किन्तु आदिवासी समाज के अगुआ



मांझी बाबा इन तमाम मुद्दों से अनभिज्ञ हैं। आदिवासी समाज के अधिकांश मांझी बाबा अनपढ़, पियक्कड़, असंवैधानिक कृत्य, नशाखोरी को बढ़ावा देने वाले हैं जिनका समाज से कोई लेना-देना नहीं है। सिर्फ मांस-मदिरा, डंडोम, बारोण में जीवन बरबाद कर रहे हैं। ये लोग महिला विरोधी कृत्य और अंधविश्वास को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। आदिवासी समाज को दलदल से बाहर निकालने के बजाय समाज में स्वशासन के नाम स्वशोषण करते हैं। इतना ही नहीं इन अनपढ़ और वंश परंपरागत मांझी बाबा को संवैधानिक अधिकारों की जानकारी भी नहीं है।यही कारण है कि आजादी के लगभग 75 सालों बाद भी आदिवासी समाज को धार्मिक पहचान जैसे बुनियादी अधिकार से वंचित रखा गया है साथ ही ये लोग सरना धर्म कोड की मांग में भी किसी प्रकार का सहयोग नहीं करते। अतः अब वक्त का तकाजा है कि अनपढ़ और संविधान की जानकारी नहीं रखने वाले मांझी बाबा को बदला जाए अन्यथा आदिवासी समाज का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी समाज को बचाने के लिए मांझी बदलो -गांव बचाओ आंदोलन व जनजागरण कार्यक्रम को गांव-गांव तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में भारत के लगभग सात राज्यों में आदिवासी सेंगेल अभियान कार्यरत है जहां मांझी बदलो -गांव बचाओ का कार्यक्रम वृहद रुप से चलाया जा रहा है। निश्चित रुप से यह जनजागरण कार्यक्रम आदिवासी समाज में मूलभूत परिवर्तन लाकर समाज को एक बेहतर दिशा प्रदान करेगा।

# ईडी गठबंधन धर्म के आधार पर तुष्टिकरण की राजनीति कर देश को तोड़ना चाहती है : विवेकानंद




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग भाजपा चुनाव कार्यालय झंडा चौक में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा प्रेस वार्ता की गई । प्रेस वार्ता में श्री सिंह के साथ हजारीबाग लोकसभा के संयोजक टुनू गोप, सदर विधानसभा प्रभारी प्रोफेसर संजय सिंह ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य केपी ओझा एवं पूर्व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनोद झुनझुनवाला उपस्थित थे। अपने प्रेस वार्ता में श्री सिंह ने कहा की ईडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी की नजर आम जनता की गाड़ी कमाई और पैतृक संपत्ति पर अनावश्यक टैक्स लगाकर तबाह करने की योजना है। कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर एक विशेष वर्ग को आरक्षण प्रदान करना चाहती है। कांग्रेस के नापाक इरादे को भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सफल होने नहीं देगी और सदन से सड़क तक इसका विरोध करेगी। उक्त आशा की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

# प्रभु श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ

**पूजा**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : आराध्य प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त भगवान हनुमान जी सहयोगार्थ, समर्पण और धार्मिकता के आदर्शों का प्रतीक हैं। अपनी अद्वितीय शक्ति, निष्ठा, साहस और निस्वार्थता के प्रतीक के रूप मे भी उन्हें जाना जाता है। हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड एवं श्रीरामचरितमानस का स्मरण करने से सुख-समृद्धि एवं जल्द मनोकामना पूर्ण होती है। प्रभु श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया शिवमंदिर प्रांगण में दिन मंगलवार की देर शाम सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में भक्तगण शामिल होकर



सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ का स्मरण किया। इससे पहले मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजा-अर्चना कर सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ प्रारंभ किया गया। सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ के बाद संकटमोचन, श्रीराम स्तुति एवं आरती हुई। इसके बाद लड्डू का भोग लगाकर भक्तों में वितरण किया गया। सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ कर भक्तों ने अपने परिवार के लिए बल-बुद्धि एवं सुख-समृद्धि की कामना की तथा अपनी मनोकामना जल्द पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। मौके पर विशेष रूप से सदर विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार, ओरिया पंचायत समिति सदस्य जीतु यादव, कृष्णा साव, तिलक साव, केदार मंडल, सुरेश साव, बासुदेव साव, कुंजलाल गोप, विनय यादव, बिजय साव, चमन साव, रवि कुमार, राजेश कुमार, राहुल कुमार, अशोक यादव, सीताराम साव, बबलू यादव, बिट्टू कुमार, विजय यादव, गोविन्द यादव, काली यादव, नीरज यादव, रोहित कुमार, करण कुमार, रॉकी कुमार, जयन कुमार एवं आशु कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# हजरत दाता गुलाम हैदर शाह का 90वां वार्षिक उर्स आगामी 29/30 अप्रैल को मनाया जायेगा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा कर्बला चौक स्थित मजार पर हजरत दाता गुलाम हैदर शाह का 90वां वार्षिक उर्स आगामी 29/30 अप्रैल को मनाया जायेगा। इस संबंध में विष्णुगढ़ के समाजसेवी रफीक आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत दाता गुलाम हैदर शाह का 90 वा वार्षिक उर्स आगामी 29/30 अप्रैल को पूरे धूमधाम के साथ मनाया जायेगा, जिसमें इंडी गठबंधन हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल दाता गुलाम के मजार में चादर पोशी करेंगे। वही उर्स कमेटी संयोजक रफीक आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि हजारीबाग जिले के गणमान्य लोग रुचि कुजूर, रामगढ़ के पूर्व विधायक ममता देवी,



झामुमो के युवा नेता गौरव पटेल, जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, अल्पसंख्यक झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम, उर्स कमेटी के चेयरमैन लतीफ सेठ समेत झारखंड के जिले से लोग यकीदत के साथ इस मजार पर चादर पोशी करने आते हैं। वही इस वार्षिक उर्स को सफल बनाने में कमेटी के सदस्य अफजल अंसारी, सरफराज अंसारी, अख्तर कव्वाल, रफीक अंसारी समेत कई लोग शामिल है।

# श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति ने किया उपायुक्त व पुलिस कप्तान का सम्मान

**सराहनीय**

**हजारीबाग** : श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने हजारीबाग के उपायुक्त नैंसी सहाय को ऑफिस में एवं पुलिस अधीक्षक कप्तान अरविंद कुमार सिंह को एसपी कोठी निवास स्थान पर मोमेंटो एवं रामचरित्रमानस देकर सम्मान किया, उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने वक्तव में कहा की हजारीबाग में उपायुक्त रहते हमारा तीसरा रामनवमी पर्व है, यहां की राम भक्तों का उत्साह हर वर्ष की भांति इस बार अधिक थी, लेकिन इस बार प्रचंड गर्मी होने के बावजूद राम भक्तों की उत्साह में कोई कमी नहीं आई, और काफी धूमधाम के साथ उन्होंने इस पर्व का आनंद लिया, पुरुषों के साथ-साथ



महिला भी इस बार झांकी की शोभा बढ़ा रही थी, पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि सारे समिति, कमेटी का सहयोग भरपूर मिला, सभी ने पुलिस के साथ मिलकर झांकी को व्यवस्थित आगे बढ़ाने का कार्य किया। मुस्लिम समुदाय के लोग भी प्रशासन का हर संभव मदद कर रहे थे, और झांकी में कोई व्यवधान न पड़े इसका समुचित ध्यान रख रहे थे, इस रामनवमी पर्व पर किसी प्रकार का अव्यवस्था उत्पन्न नहीं हुई,जबकि सारे अधिकारी नए थे, पुलिस कप्तान ने कहा कि हम लोग सहयोगी है रामनवमी पर्व आपका है आप जितना अच्छा से मनाएंगे हम लोग आपका सहयोग करेंगे, जिसका नतीजा भी काफी सुखद रहा, टोनी जैन ने दोनों अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोग की दिशा निर्देश में यह रामनवमी काफी अच्छी तरीके से संचालित हो पाया जबकि यह चुनावी वर्ष है, पुलिस का सहयोग बहुत ही अच्छा था, पुलिस के जितने अधिकारी, जवान, महिला अधिकारी थे उनकी जितनी तारीफ की जाए कम है, एक सहयोगी के साथ-साथ दोस्त की भूमिका में वह लोग राम भक्तों के साथ आम जनमानस के बीच अच्छी मिसाल पेश की हजारीबाग की जनता को आप जैसे अधिकारी से बहुत उम्मीद है।

### स्वीप कोषांग के कर्मियों ने सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदाताओं से मुलाकात कर चुनाव के प्रति किया जागरूक

**गुमला** : गुमला जिले में स्वीप गतिविधि के तहत जिले के नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कर्मियों ने गुमला अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र कोटाम बाजार में आए मतदाताओं से मुलाकात की एवं उनके बीच मतदाता जागरूकता के संदेश देने हेतु उनके बीच कपड़े से बने थैले का वितरण किया गया। प्रत्येक नागरिकों से स्वीप कर्मियों ने मुलाकात की एवं उन्हे जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव की तिथि से भी अवगत कराया गया। मतदाताओं को वोट देने के प्रति प्रेरित करने के साथ साथ उनके बीच चुनाव जागरूकता से जुड़े कपड़े से बने थैले का वितरण किया गया।

# चिकित्सकों ने वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर डेंटल किट बांटा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दिन बुधवार को राष्ट्रीय मौखिक चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग में आस- पास के वृद्धाश्रम से वृद्धजनों को ससम्मान लाया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों को मौखिक का जांच कर कैंसर सहित कई घातक बिमारियों से बचने के लिए नशीले पदार्थों व गलत आदतों को छोड़ने तथा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। इस



दौरान डेंटल कॉलेज परिवार की ओर से खुशी और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में डेंटल किट प्रदान किया गया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि वृद्धजनों में खुशीयां बांटकर एवं जागरूक कर आत्मीय खुशी मिलती है। बचपन से ही वृद्धजनों से मेरा खासा लगाव रहा है। राष्ट्रीय मौखिक चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी दिवस पर एक विशेष पहल के तहत वृद्धजनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से वृद्धजनों को गंभीर बिमारियों से बचने के लिए नशीले पदार्थ एवं गलत आदतों को छोडने का आग्रह किया गया। मौके पर मुख्य रूप से ओएमआर विभाग के प्रमुख डॉ के श्रीकृष्ण एवं ओएमआर विभाग के प्रोफेसर डॉ डी नंदी उपस्थित थे।

# समस्त हिन्दू क्षेत्रीय संगठन ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : बड़ा अखाड़ा परिसर के सामने हजारीबाग में लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन समारोह मंगलवार को सभी हिन्दू क्षेत्रिय संगठनों की एकजूटता के साथ हुआ । इस उद्घाटन समारोह में श्रद्धेय विजयानंद दास महंत बड़ा अखाड़ा के द्वारा मंत्रोचारण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव तथा कार्यालय उद्घाटन के मौके पर शशि भुषण केशरी द्वारा जय श्रीराम के जयकारे के साथ सभी क्षेत्रीय हिन्दू संगठनों एवं मीडिया बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य समाज सेवा , समस्त हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधना, हमारे देश की बहन-बेटियों की सुरक्षा, भष्टाचार्र बेरोजगारी दूर करने के साथ-साथ समस्त हिन्दू परिवार को एकजुट करना है ना की आज के नेताओ की तरह जो अपनी राजनीति के चलते हम हिन्दू परिवारों को अलग-अलग जातियों में अलग-अलग धर्मो में बांटकर सिर्फ और सिर्फ अपने स्वार्थ की राजनीति कर रहे है ।हमारी बहन-बेटियां सुरक्षित नही है। रोजगार के नाम पर बेरोजगार युवकों का छला जाना ऐसी राजनीति हम समस्त हिन्दू परिवारों के साथ-साथ हमारे




धर्म,हमारी संस्कृति और हमारे राष्ट्र को कमजोर बनाने का काम करती है। हम सब हिन्दू परिवार जो असल में एक है लेकिन वोट बैंक की राजनीति ने हमें अलग कर रखा है। ऐसी ओछी और गंदे मानसिकता वाली राजनीति के बारे मे सोचने की जरूरत है । यही कारण रहा कि अपने दिल में सामाजिक भावना को संजोकर समाज का सेवा करना मैं अपना परम कर्तव्य और धर्म समझता हूँ । इस मौके पर सुजीत मेहता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम सेवा संगठन के द्वारा कहा गया कि इनके पिता स्व कालीदास केशरी जो की अपने जीवन काल में एक अच्छे समाजसेवी तथा आंदोलनकारी रहे है वही भावना और कर्मठता आज उनके पूत्र शशि भूषण केशरी अंदर दिखाई देता है। हमारा संगठन ऐसे कर्मठ समाजसेवी के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। मनोज मेहता प्रदेश अध्यक्ष हिन्दू युवा संघ ने श्री केशरी के बारे में कहा कि यह एक ऐसे कर्मठ और लगनशिल युवा समाजसेवी है जो दिन-रात अपने हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधने का काम कर रहे है। इस राष्ट्र को ऐसे समाजसेवी की जरूरत है। दीपक शंकर विभाग मंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् राष्ट्रीय बजरंग दल ने कहा कि जो युवक इतने कम उम्र में ही समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाया हो उसके दिल में राष्ट्र हित की बात हमेशा रहेगा।

# लोस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का जनसंपर्क अभियान तेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को उन्होंने दारू प्रखंड के जिनगा,रामदेव खरिका, दिग्वार, दारू इत्यादि पंचायतो के कई गांवो में जनसंपर्क का दौरा किया इस दौरान गठबंधन के कई पदाधिकारी और कार्यकताओं ने श्री पटेल को विभिन्न जगहों पर फूल माला पहनाकर उसका स्वागत किया। श्री पटेल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए अपने संबोधन में कहा कि देश की जनता भाजपा को कुशल शासन चलाने को लेकर पिछले 10 वर्षों से लगातार मौका दे रही है परंतु उसने बहुमत के आड़ में देश के



संविधान को छेड़छाड़ कर रहे हैं, आरक्षण समाप्त कर रहे हैं, रोजगार का सृजन नहीं कर पा रहें है इसलिए अब जनता बदलाव चाह रही है। मौके पर मुन्ना सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, उपाध्यक्ष कैलाशपति देव, मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र यादव, पूर्व जिला परिषद देव कुमार राज, जिनगा पंचायत मुखिया पिंकी देवी, सहदेव यादव, विशुत्री सदस्य मोहम्मद अयानुल कई ग्रामीण मौजुद रहें।

## एक झलक

### सिजुआ, बूथ स्तरीय सम्मेलन में शामिल हुए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी

**बाघमारा (धनबाद):** सिजुआ में मंगलवार की शाम आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए। प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कार्यकर्ताओं से इस चुनाव को चुनौती के रूप में लेने की बात कही। कहा कि मोदी जी के ताकत प्रदान करने के लिए गिरिडीह लोकसभा सीट पर परचम लहराना है।

### गिरिडीह में जयराम महतो को मिल रहा है जनता का समर्थन

**बाघमारा (धनबाद):** जेबीकेएसएस पार्टी नेता रिजवान ने मंगलवार देर शाम बाघमारा में प्रेसवार्ता किया। उन्होंने कहा कि जयराम महतो का गिरिडीह लोकसभा के लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इतना ही नहीं जनता उन्हें चुनाव लड़ने के लिए जनसहयोग कर रही है।

### 46 की उम्र में 50 बार ब्लड डोनेट कर चुके झरिया के सुदेश बरनवाल

**झरिया (धनबाद):** झरिया के सुदेश बरनवाल रक्तवीर जिन्होंने 50 बार से अधिक रक्तदान किया ताकि खून की कमी से न कोई मौत हो, रक्त बनाया नहीं जा सकता। देश में लाखों लोग खून की कमी से जूझ रहे हैं और कितने लोगों की इसकी कमी से मौत हो जाती है। शरीर में ही इसे या तो बढ़ा सकते हैं या जरूरत पड़ने पर दान कर किसी की जिंदगी बचा सकते हैं।
वहीं, सुदेश बरनवाल ने बताया कि मैंने पहला रक्तदान 4.9.1997 को दिए थे आज 24.4.2024 को आज मैंने चक्रवर्ती नर्सिंग होम में एक जरूरतमंद को रक्तदान देकर मैंने 50 वां बार ब्लड डोनेट पूरा कर लिया हूं, आगे भी किसी जरूरतमंद को ब्लड की आवश्यकता हो तो मैं देने के लिए तैयार हूं।

### हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने नव दंपति को दिया सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद

**महुदा:** हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों ने जिला संगठन सचिव गंधु हाड़ी की पुत्री की विवाह समारोह में शामिल होकर वर वधू को सुखद व्यवहार वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। मुख्य रूप से समारोह में उपस्थित जिला अध्यक्ष राजु हाड़ी, महिला अध्यक्ष अंजनी देवी, बिन्दु देवी, जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी, महासचिव बुचु हाड़ी, उपाध्यक्ष बिरजू हाड़ी, कार्यालय सचिव नारायण हाड़ी, रक्षा मंत्री भोला हाड़ी, संगठन सचिव डब्लू हाड़ी, उपसंगठन सचिव बादल हाड़ी, मीडिया प्रभारी अमित हाड़ी, जिला युवा समिति के अध्यक्ष अमित किशोर हाड़ी,उपाध्यक्ष मनोज हाड़ी,सचिव दिनेश हाड़ी,संगठन सचिव छोटेलाल हाड़ी,महुदा मुरलीडीह शाखा अध्यक्ष मंगल हाड़ी, झरिया प्रखंड से उपाध्यक्ष भूटान हाड़ी, सुचना मंत्री विकाश हाड़ी, सक्रिय सदस्य शिबू हाड़ी, संतोष हाड़ी समेत बहुत सारे गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### जेलगोड़ा मानस मंदिर में 09 दिवसीय मानस महाधिवेशन का शुभारम्भ

**जोड़ापोखर (धनबाद):** जेलगोड़ा मानस मंदिर के प्रांगण में 52वां वार्षिक 9 दिवसीय मानस महाधिवेशन का शुभारंभ बुधवार से पूजा अर्चना कर किया गया। हवन पूजन के बाद परायणाचार्य पंडित अनिल पाठक, सतीश मिश्रा, बलदेव शरण, अशोक मिश्रा, मंजुल उपाध्याय की टीम द्वारा रामायण पाठ की गई।
मंदिर की विधुत सज्जा से अलौकिक सजावट की गई है। संध्या में भगवान श्री राम की कथा पर धारा प्रवाह प्रवचन करते हुए अयोध्या से पधारे बाल व्यास अशोकानंद महाराज ने कहा कि श्री राम कथा ही अमर कथा है। भगवान भोलेनाथ माता पार्वती से कहते है देवी जो जिज्ञासा आपने प्रकट किया है कथा जो सकल लोक हितकारी,सोय पूछन चह शैल कुमारी तब भगवान भोलेनाथ मईया पार्वती कहते है राम कथा ही जीवन को आनन्दित एवं मंगलमय बनाती है। वहीं, गाजीपुर उत्तर प्रदेश से पधारे अखिलेश उपाध्याय ने राम कथा को जीवन जीने की शैली बताया है। 25 अप्रैल को प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव, 26 अप्रैल को सीताराम विवाहोत्सव, 30 अप्रैल सुंदरकांड पाठ, 2 मई को प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक, 3 मई को हवन के साथ पूर्णाहुति होगी।

# वोटर अवेयरनेस फोरम, एएमएफ एवं यूनिक बूथ से संबंधित दिये गये कई दिशा-निर्देश

**चुनाव**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** बुधवार 24 अप्रैल को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बीसीसीएल के सभी महाप्रबंधक, टाटा स्टील, इसीएल, डीवीसी मैथन, पंचेत, एमपीएल, हर्ल के परियोजना प्रमुख, सभी सीडीपीओ के साथ आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त वोटर अवेयरनेस फोरम, एएमएफ एवं यूनिक बूथ से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को वोटर अवेयरनेस फोरम (VAF) से संबंधित रिपोर्ट 27 अप्रैल तक




उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी संस्थान के कर्मी जिनकी उम्र 18 या उससे अधिक है, वैसे लोगों का यदि मतदाता सूची में नाम नहीं है तो 26 अप्रैल तक वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। साथ ही कर्मी के परिवार में यदि किसी का भी नाम मतदाता सूची में छूट गया हो तो उनका भी नाम अवश्य मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। वहीं एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी महाप्रबंधक समेत सभी परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र के बूथों में बुनियादी सुविधाएं जैसे पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी संस्थान के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र के बूथों में 30 अप्रैल से पूर्व एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संस्थान के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र में यूनिक बूथ बनाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में कम से कम 10 बूथों को चिन्हित करें एवं उसे अपने-अपने क्षेत्र के अनुरूप जो भी चीजें यूनिक हैं उन यूनिक चीजों से जोड़ते हुए बूथ को सुसज्जित करें। इसके अलावा उन्होंने बैठक में आए सभी संस्थान के प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में स्वीप एक्टिविटी करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में स्वीप की विशेष एक्टिविटी सुनिश्चित करें, ताकि लोग मतदान के प्रति जागरूक हो एवं 25 में को अपने-अपने घरों से निकाल कर मतदान अवश्य करें।

## मतदाता पंजी में प्रविष्टि करने का दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में आज बुधवार को गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मास्टर प्रशिक्षक श्री पुष्कर चन्द्र झा ने मतदाता पंजी में प्रत्येक मतदाता के सम्बंध में प्रविष्टि करना, प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची जारी करना एवं प्रत्येक मतदाता के बाएं हाथ के तर्जनी उंगली में अमिट स्याही लगाने की प्रक्रिया के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी। साथ ही उन्हें डमी मतदाता रजिस्टर एवं डमी मतदाता पर्ची का अवलोकन कराया गया। मौके पर मास्टर प्रशिक्षक श्री उमेश लाल, श्री सियाराम सिंह, श्री शिरोमणि दुबे, श्री अजित सिंह, श्री राजेश सिन्हा, श्री सुरेश सिंह, श्री शम्भू शरण अम्बष्ठ, श्री रमाशंकर तिवारी, श्री अनिल महतो, श्री अशोक



सिंह, श्री बिनोद महतो, श्री अनूप बाजपेयी सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता ने कहा कि इस बार 80% मतदान प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिला प्रशासन को सभी मतदान पदाधिकारियों से प्रशिक्षण सत्र में शत प्रतिशत उपस्थित होकर गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने की अपेक्षा है। प्रशिक्षण नहीं लेने वाले पदाधिकारी पर द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के तहत कार्रवाई की जायेगी।

# बीआईटी सिन्दरी के छात्रों ने दिव्यांगों के लिए बनायी इलेक्ट्रिक साइकिल

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी के छात्रों ने समय-समय पर अपने अविष्कारों से पूरे संस्थान को अचंभित किया है। इस बार दिव्यांगों के लिए इलेक्ट्रिक साइकिल का निर्माण कर इनोवेशन एक्सपो मे दूसरा स्थान प्राप्त किया है।
इलेक्ट्रानिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ब्रांच के रितेश कुमार, प्रियांशु मालविया, तेज प्रकाश सिंह, और तनवीर अंसारी ने नवीकरणीय उर्जा पर आधारित एक ऐसे इलेक्ट्रिक साइकिल का निर्माण किया है जो 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है। इस साइकिल मे 250 वाट की मोटर लगी है, जो साइकिल को चलने में मदद करती है और 24 वोल्ट की बैटरी लगी है, जो एक बार चार्ज होने के बाद 30 किलोमीटर तक चलती है। इस




बैटरी को चार्ज करने के लिए सोलर और डायनेमो का इस्तेमाल किया गया है, जिससे चलते समय बैटरी लगातार चार्ज होती रहती है। चोरी से सुरक्षा के लिए साइकिल को पासवर्ड आधारित बनाया गया है, पासवर्ड डालने के बाद ही साइकिल स्टार्ट होती है, इसमे मोबाइल चार्ज की भी सुविधा है ।
रितेश कुमार ने बताया कि दिव्यांगो के लिए यह साइकिल किसी वरदान से कम नही है ।इस साइकिल के निर्माण मे सहायक प्रोफेसर आदित्य कुमार ने प्रोजेक्ट के गाइड के रुप मे छात्रों को दिशा-निर्देश दिया, तृतीय वर्ष के छात्र शिवानंद मोदी ने भी योगदान दिया, एचओडी डॉ. एमजी तिवारी और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रवीण कुमार साहू का सपोर्ट भी मिला। वहीं, 21 अप्रैल को एलुमनाई सेल द्वारा आयोजित इनोवेशन एक्सपो मे शामिल कुल 30 प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रिक साइकिल प्रोजेक्ट को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है । निदेशक डॉ पंकज राय, उद्योग विशेषज्ञो और प्राध्यापकों ने इस प्रोजेक्ट की सराहना की है। सहायक प्रोफेसर आदित्य कुमार ने बताया कि दिव्यांगो के लिए निर्मित इस साइकिल मे शीघ्र ही बदलाव किया जाएगा, अभी इस साइकिल को वैसे दिव्यांग चला पाएंगे जिनकी दोनो हांथ है परंतु पैर नही है, इस साइकिल का बदलाव कर भविष्य मे इसे वैसे दिव्यागो के लिए बनाया जाएगा जिनको हांथ नही होने के वाबजूद पैर से चला पाएंगे।

## आरटीआई कार्यकर्ता ने डीसी से की कार्यालय पदाधिकारी की शिकायत

**धनबाद :** आरटीआई कार्यकर्ता रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने धनबाद उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्यालय में पदस्थापित सूचना अधिकार प्रथम अपील पदाधिकारी द्वारा पत्राचार मे घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

**यह है मामला**

**आरटीआई** कार्यकर्ता रंजीत सिंह ने शिकायत पत्र में धनबाद कार्यालय में पदस्थापित सूचना पदाधिकारी लापरवाही बरतने की शिकायत की है। श्री सिंह का कहना है की धनबाद के सांसद पीए सिंह द्वारा एक पत्र उपयुक्त कार्यालय को दिया गया था पत्र में बीसीसीएल एवं आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा 12:30 हजार हरे हरे पेड़ों की अवैध कटाई सहित पांच प्रश्न किया गया था कि उस पर क्या कार्रवाई की गई है।

## ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा वोटर वेरिफि एबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) का प्रथम रेंडमाइजेशन मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार ईसीआई की वेबसाइट पर किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, वरीय निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, आईएनसी के मिथिलेश तिवारी, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, आजसू के रतीलाल महतो सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# आशीर्वाद के बहाने विरोधी नेताओं का मन टटोल रहे हैं भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी

**लोकसभा चुनाव 2024**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** राजनीति में कोई किसी का स्थाई दोस्त और दुश्मन नहीं होता, कब स्थिति कैसे बदल जाएगी यह कोई नहीं जानता.....?
धनबाद कोयलांचल में लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जो कुछ देखने को मिल रहा है वह अद्भुत है और आश्चर्यजनक भी है। इन दिनों धनबाद में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी आशीर्वाद के बहाने दोनों ही दलों के दिग्गज नेताओं का मन टटोलने में जुटे हैं। विदित है कि लोकतंत्र में चुनाव महापर्व होता है, इस महापर्व में हर राजनीतिक दल के दो,चार कार्यकर्ता टिकट पाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। किसी को सफलता मिली तो किसी को नहीं



मिली। जिन्हें टिकट मिला वह अब वोट के लिए घर-घर पहुंच रहे हैं लोगों से आशीर्वाद मांग रहे हैं। अपने धुरंधर विरोधी राजनीतिज्ञ के यहां आशीर्वाद लेने की जो परंपरा शुरू हुई है वह चुनाव में क्या गुल खिलाएगी यह तो बाद में पता चलेगा पर इतना अवश्य है कि लोग चटकारे लेकर इन बातों को देख रहे हैं। धनबाद में लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर मतदान की तिथि 25 मई है। मतदान में महज एक माह शेष है और जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं प्रत्याशियों को जीत के लिए आशीर्वाद की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने बेरमो विधायक जय मंगल उर्फ अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाया है। जबकि भाजपा प्रत्याशी के रूप में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो है। टिकट मिलने के साथ ही अनुपमा सिंह और ढुल्लु महतो दोनों ने ही जनसंपर्क तेज कर दिया है। इन दोनों के ही निगाहें अपने-अपने दलों के बिक्षुब्धों पर है। हाल ही में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने बोकारो में कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे ददई दुबे और झरिया प्रखंड के भाग में इंटक के राष्ट्रीय नेता ललन चौबे से मुलाकात की और चरण छूकर जीत का आशीर्वाद मांगा। इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह रविवार को धनबाद के सासंद पीएन सिंह के भतीजे के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुईं।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, मची अफरा-तफरी, रेत मिट्टी डाल कर पाया आग पर काबू

**झरिया (धनबाद) :** झरिया चार नंबर मैन रोड पुलिस चेक पोस्ट के समीप लगे तीन बड़े ट्रांसफॉर्मर में से एक ट्रांसफॉर्मर में अचानक आज आग लग गई। आग लगने का कारण बिजली का तार टूटने से निकली चिंगारी से तेल में आग लग गई। ट्रांसफॉर्मर में आग की लपटे निकलता देख नीचे खड़े लोग भागकर अपनी जान बचाई। कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया था। ट्रांसफार्मर का आग लगातार बढ़ता ही जा रहा था। करीब आधे घंटे तक ट्रांसफार्मर धू धू कर जलता रहा। स्थानीय लोगों के सुझबुझ व समझदारी से बिजली विभाग को सूचना देकर पहले बिजली लाइन कटवाया बाद में लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया। सूचना पर विद्युत कर्मचारी दिनेश प्रसाद, कोशल उपधाय, महादेव कालिंदी, मोहमद इमामुद्दीन पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से रेत डालकर आग बुझाया गया।

## केसीएन क्लब का 12वां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन सम्मान समारोह सम्पन्न




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** भारत की समसामयिक समस्याओं पर कार्यरत लोकप्रिय राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटीजन्स नीड़ क्लब (केसीएन क्लब) का 12वीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवेशन कार्यक्रम दो दिवसीय कार्यशाला के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम 22 तारीख को झारखंड कमेटी द्वारा प्रदेश व राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समस्याओं व निदान के प्रकार पर विधिवत चर्चा द्वारा जन जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता आचार्य संजय सिंह चन्दन द्वारा हम एक है, हम नेक है के सन्देश के साथ गौरीश अपार्टमेंट बिल्डिंग के बेसमेंट में किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में 23 अप्रैल को सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन आयोजित कर विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ में प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व एनटीपीसी सीईओ व वर्तमान रिलायंस एनर्जी जीएम अनिल कुमार सिंह व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्याध्यापक सीपी सिंह, समाजसेवी विकास सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकारा प्रमिला श्री तिवारी, डॉ नीरा प्रसाद, स्नेह प्रभा पाण्डे, डॉ प्रियदर्शिनी पुष्पा, शालिनी झा के हाथों दीप प्रज्वलित कर व नववर्ष बैनर का अनावरण कर किया गया। कार्यक्रम वृंदावन होटल, धनबाद के हॉल में देशभक्ति के नारो के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रमिला श्री तिवारी ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। साथ ही संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ कृपाशंकर मिश्र ने संस्था का सम्पूर्ण परिचय देते हुए 35 वर्षो की विजय गाथा सभी को बताई। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा विवाह व्यवस्था, विवाह पर होने वाले खर्च में कमी लाने, स्त्री पुरुषों को जनजागरूक करने सहित पर्यावरण सँरक्षण, जल संरक्षण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर प्रकाश डाला साथ ही प्रकाण्ड विद्वानों द्वारा विधिवत चर्चा व मार्गदर्शन किया गया।

## शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में बारहवीं की कक्षाओं के साथ-साथ नामांकन कार्य भी प्रारंभ

**बाघमारा (धनबाद) :** शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में मंगलवार को मूल्यांकन कार्य समाप्त हो गया ,इसके साथ ही 12वीं कक्षाएं प्रारंभ हो गई। नए सत्र 24-26 में तीनों संकायों में नामांकन कार्य पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर प्रारंभ हो चुका है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भी डिग्री एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में इंटर मे नामांकन नहीं होगा।गौरतलब है कि पिछले 9 मार्च से महाविद्यालय में मूल्यांकन कार्य चल रहा था। झारखंड अधिविध परिषद द्वारा महाविद्यालय में इंटरमीडिएट कला संकाय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया था जो की बुधवार 23 अप्रैल को पूर्ण हो गया। महाविद्यालय में आए परीक्षकों ने बताया कि यह केंद्र धनबाद जिले के सभी केंद्रों में सर्वश्रेष्ठ साबित हुआ है एवं झाखण्ड अधिविद परिषद रांची से यह निवेदन जरूर किया जाना चाहिए की पुनः इस महाविद्यालय को मूल्यांकन केंद्र बनाया जाए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अरुण कुमार महतो ने कहा कि हमने शिक्षकों को उचित व्यवस्था के साथ अनुकूल वातावरण देने की हर संभव कोशिश गई और मूल्यांकन कार्य सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने सभी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापन किया। शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में बारहवीं की कक्षाओं के साथ-साथ नामांकन कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। छात्र-छात्राएं शीघ्र अति शीघ्र सीट उपलब्ध रहने तक महाविद्यालय में नामांकन करवा सकते हैं।

## हनुमान जयंती पर झरिया प्रताप दल में कार्यक्रम

**झरिया (धनबाद) :** झरिया प्रताप दल प्रांगण में रामभक्त हनुमानजी का जन्मोत्सव मंगलवार को मनाया गया। मंगलवार सुबह से ही हनुमान जी के दर्शन करने वाले भक्तों का सिलसिला जारी था। वहीं, संध्या समय में आए झरिया चासनाला से कलाकारों के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, भजनों के साथ महिलाएं पुरुष व बच्चे झूमते रहे। इस कार्यक्रम में त्रिलोकी परमाणी गोविंद साव, दारा साव, मनोज साव, रंजन साव, मिनी साव, धर्मवीर साव, संतोष सोनकर, प्रवीण साव, आयुष साव मौजूद थे।

# जन जागरूकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव : सिविल सर्जन



**विश्व मलेरिया दिवस**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** जन जागरूकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव है। मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, केरोसिन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त बातें सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने विश्व मलेरिया दिवस को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बुधवार को कहीं। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसका आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है। इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है।

### विश्व मलेरिया दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर में मेगा सेमिनार का आयोजन



**सिन्दरी (धनबाद) :** विश्व मलेरिया दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया जोरापोखर के सौजन्य से सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार मे आठवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेमिनार में डॉ. वरुण कुमार के द्वारा मलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। डॉ दिलीप कुमार ने मलेरिया क्या है,इसका फैलाव और लक्षण तथा ईलाज के बारे में जानकारी साझा किया।दिलीप कुमार ने आंखो की बनावट, उसका कार्य, आंखो से संबंधित बीमारियां के विषय मे जानकारी देते हुए इसका इलाज बताया। सेमिनार के अंत मे स्वास्थ्य को लेकर प्रश्नोत्तरी सत्र हुआ, इसमें सही जवाब देने के लिए चयनित आयुषी कुमारी,राजवीर सिंह, राधिका कुमारी, अभिज्ञान कुमार अभिषेक कुमार मुखर्जी और निधी पांडे को पुरस्कृत दिया गया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर एकल अभियान के जरिये श्री राम शोभा यात्रा का हुआ भव्य आयोजन

**आयोजन**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** मर्यादापुरूसोतम भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। एकल अभियान द्वारा इस बार भी विगत वर्षों के भाती हनुमान जन्मोत्सव के शुभअवसर पर दोपहर 4:00 बजे से श्री राम शोभायात्रा धवनि विस्तारक, धार्मिक झंडे एवं ड्रोन कैमरा द्वारा फोटोग्राफी के साथ सौहार्द एवं शांतिरूप से भुइफोड मंदिर से रणधीर वर्मा चौक तक निकाली गई। जयंती पर अमरेश सिंह ने कहा हनुमान जी के चरित्र



में लाइफ मैनेजमेंट के अनूठे सूत्र समय हुए जिसे हम आत्मसात कर सफल एवं सार्थक जीवन जी सकते हैं। श्रीराम जी व हनुमान जी के भक्तों के लिए जगह जगह पानी,शरबत व पुष्प वर्षा कि व्यवस्था की गई है। उसके उपरांत रणधीर वर्मा चौक पर स्थित बजरंगबली मंदिर व मंदिर परिसर के बाहर एकत्रित हो कर आरती का आयोजन किया। जिसमे विगत वर्षों में संपूर्ण समाज को एकत्रित करके हनुमान जी के अष्ट (08) गुणों से अवगत कराके राष्ट्रउत्थान व सेवा कार्यों से जोड़ने की दृष्टि से धनबाद के भूईफोड मंदिर से भव्य श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन प्रति वर्ष अनुशासित रूप से होते आया है। यह यात्रा भूईफोड मंदिर से चल कर के हनुमान मंदिर रणधीर वर्मा चौक पर हनुमान जी की आरती से संपन्न हुई।
प्रतिवर्ष श्रीराम शोभा यात्रा के माध्यम से आयोजन समिति, कुछ ना कुछ समाज के प्रति सकारात्मक संदेश देने का प्रयास करता है, जैसे वनवासी समाज को शिक्षा व खेल के क्षेत्र में अग्रेषित करने का संदेश, वनवासी व समाज के अंतिम व्यक्ति में आत्मनिर्भरता हेतु प्रेरित कर उनके स्वाभिमान जागृति का संदेश, भारत की मूल संस्कृति गौ-गंगा-गायत्री के संरक्षण व संवर्धन का संदेश, समाज को समरसता के साथ एक सूत्र में पिरो कर भारत राष्ट्र को परम वैभव पर स्थापित करने का संदेश, इत्यादि।इस वर्ष हम भारतीय लोकतंत्र का महापर्व का उत्सव भी मना रहे है। प्रथम चरण के मतदान में कमी को देखते हुए इस वर्ष श्री राम शोभा यात्रा 2024 में पहले मतदान, फिर जलपान के सकारात्मक व सार्थक संदेश दिया गया।
शोभा यात्रा में अमरेश सिंह अपने दोनों 7 वर्षीय पुत्र राजवीर सिंह और रणवीर सिंह के साथ उत्साह पूर्वक जयंती मनाते दिखे। इसी निमित्त कार्यक्रम के अंत में मतदान हेतु संकल्प भी ली गई। इसके उपरांत भारत माता की आरती का आयोजन कार्यक्रम के अंत में रणधीर वर्मा चौक पर हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सुन्दर व आकर्षक झांकी के दर्शन भक्तों ने की। शोभा यात्रा के झांकी में अयोध्या जी में स्थापित राम लल्ला के मूर्ति स्वरूप की भी दर्शन हुए, ।साथ ही बाहुबली बजरंगबली, नंदी बाबा, शिवा जी और भारत माता के मूर्ति स्वरूप का भी दर्शन भक्तों ने किया।
भारत माता की आरती हनुमान जयंती आकर्षण थी। एकल गौ ग्राम योजना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केदारनाथ मित्तल, उत्तर झारखंड संभाग के उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, महेंद्र अग्रवाल, एकल अभियान के राष्ट्रीय संपादन प्रमुख अमरेंद्र विष्णुपुर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख अरुण कुमार, आईआईटी धनबाद आईएसएम के उपनिदेशक डॉक्टर धीरज कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धनबाद विभाग संघ संचालक डॉक्टर सुनील कुमार, वीएचपी के सुनील कुमार आरोग्य भारती जेपीएन सिंह, नवदुर्गा कंस्ट्रक्शन के मुकेश सिंह, तरुण हिंदू के डॉक्टर एनम सिंह, भारतीय मजदूर संघ, सेवा भारती एकल फ्यूचर विद्यार्थी परिषद के साथ कई हिंदू संगठन व कार्यकर्ता सावित्री देवी, प्रियंका पाल मौजूद थे।फ्यूचर एकल अभियान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आयुष तिवारी की शोभा यात्रा की व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान था।

## सम्पादकीय.....

# केरल पर भी सियासी जहर का असर...

**सर्वाधिक** शिक्षित केरल पर भी नागपुरिया सियासत का जहर असर दिखाने लगा है। यहां के एक निर्दलीय वामपंथी समर्थक विधायक ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को लेकर एक अत्यंत अमर्यादित टिप्पणी की है। इस टिप्पणी से राहुल गांधी पर तो कोई असर नहीं होगा लेकिन केरल की प्रतिष्ठा को धक्का अवश्य लग रहा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हिंदू - मुसलमान वाले बयानों पर केंद्रीय चुनाव आयोग की चुप्पी की वजह से राजस्थान से जो जहर फैलना शुरू हुआ वो अब केरल तक जा पहुंचा है। केरल के वामपंथी समर्थक नेता ने राहुल गांधी के डीएनए को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की है। उन्हें राहुल के गांधी होने पर शक है। अनवर ने कहा कि वे बहुत नीचे गिर गए हैं। मुझे शक है कि राहुल गांधी का जन्म नेहरू परिवार में हुआ था। मेरे ख्याल से उन्हें अपने सरनेम में गांधी का भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अनवर ने यह बात राहुल गांधी के उस बयान के खिलाफ कही, जिसमें उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा था कि दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कैसे नहीं हो रहा? यह थोड़ा हैरान करने वाला है। राहुल के इस बयान से आईएनडीआईए ब्लॉक गठबंधन नेताओं, कांग्रेस और माकपा के बीच चल रहा मतभेद और बढ़ गया है। दुख की बात ये है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अनवर को डांटने के बजाय उनका बचाव करते हुए कहा- राहुल को बोलते हुए सावधान रहना चाहिए। राहुल ने विजयन के खिलाफ कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की थी। एक सामान्य बात कही थी। विजयन चूंकि वामपंथी हैं इसलिए उन्हें दूध का धुला होने का तमगा नहीं दिया जा सकता। बहरहाल इस समय देश की फिजा में चौतरफा जहर ही जहर है। अकेले भाजपा इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं।सभी राजनीतिक दलों में लगता है कि जहर फैलाने की होड़ लगी है। मौजूदा हालात में केंद्रीय चुनाव आयोग का निकम्मापन खुलकर सामने आ गया है। केंचुए के पास इतनी ताकत नहीं है कि वह बदजुबानी के लिए किसी को भी आंखें दिखा सके। उसके लिए अनवर हों या परम स्वतंत्र आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सब बराबर हैं। केंचुआ केवल कांग्रेसियों को ही एडवाइजरी जारी कर सकता है, उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोक सकता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई शिकायत पर संज्ञान लेने की हिम्मत केंचुए में है ही नहीं। अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव जिस माहौल में हो रहे हैं उसे देखकर लगता है कि नयी लोकसभा भी जहरीली सियासत की तरह जहर बुझी ही होगी।जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुसंख्यक समाज में मुसलमानों को लेकर जो भ्रम फैला रहे हैं, उसकी भनक सत्रहवीं लोकसभा में भाजपा सांसद बिधूड़ी के एक मुस्लिम सांसद पर दिए गए भाषण में बहुत पहले मिल चुकी है। मुस्लिम सांसद भले ही बसपा के थे, लेकिन थे तो हिंदुस्तान के। मतदाताओं को समझना होगा कि यदि वे मुसलमानों को लेकर घृणा फैलाने वालों के फेर में आ गए तो वे भी उस जघन्य पाप के भागीदार बन जाएंगे जो पाप भाजपा और मोदी जी खुल्लम खुल्ला कर रहे हैं। केंचुआ उनका सहायक है। अदालतें स्वयं संज्ञान ले नहीं सकतीं। यानि नेताओं को जहर घोलने की पूरी आजादी है। देश में कोई भी सरकार रही हो उसने कभी किसी से छीनकर किसी दूसरे को नहीं दिया।दे भी नहीं सकती। भाजपा में भी इतना दम नहीं है कि वो मुसलमान से छीनकर हिंदू को दे दें। भाजपा तीसरी क्या दस बार भी सत्ता में आ जाए देश के 20 करोड़ मुसलमानों को न देश निकाला दे सकती है और न उन्हें बुलडोजर से रोंद सकती है। सियासी बुलडोग भी मुसलमान को नुक्सान नहीं पहुंचा सकते।

## ● किसने क्या कहा



कांग्रेस ओबीसी वर्ग की सबसे बड़ी दुश्मन, धर्म के आधार पर देना चाहती है आरक्षण

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

पिछले 60 वर्षों से कांग्रेस जाति और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने में लगी हुई है

**अनुराग ठाकुर**
केन्द्रीय मंत्री



# यह कैसी आजादी ?

विशेष | **निर्मल रानी**

> जिससे दुर्गन्ध फैलेगी और बीमारी फैलने की संभावना बढ़ेगी। परन्तु इन बातों से इन स्वार्थी आजाद देशवासियों का क्या लेना देना। इनका अपना उल्लू सीधा हो जाये बाकी भाड़ में जाएँ परेशान होने वाले ? इसमें सरकार का भी कुसूर है जो ऐसे लोगों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई नहीं करती जो किसी न किसी तरह आम लोगों की परेशानी का सबब बनते हैं। चाहे वह सरकारी जमीनों पर कब्जा कर, ध्वनि प्रदूषण फैला कर या जाम के हालात पैदा कर या रास्ते घेर कर। ऐसे लोगों को कानून के मुताबिक सख़्त दंड दिया जाना चाहिये। क्योंकि आजादी का मतलब दूसरों के लिये मुसीबत खड़ी करना तो हरगिज नहीं होता ?

**आजादी,** निश्चित रूप से प्रत्येक प्राणी का स्वभाव है। परन्तु जब प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ समझा जाने वाला 'मानव' आजादी की सभी सीमाओं को पार कर मानव समाज के ही अन्य लोगों के लिये परेशानी का सबब बन जाये तो जेहन में यह सवाल उठना भी स्वभाविक है कि कहीं वह अपनी आजादी का दुरूपयोग तो नहीं कर रहा है ? इससे भी बड़ी समस्या तब खड़ी हो जाती है जब आजादी या स्वतंत्रता का दुरूपयोग करने वाले उसी व्यक्ति को उसकी बेजा हरकतों के लिए टोका जाये या उसे मना किया जाये या उसे यह बताया जाये कि जिसे वह आजादी समझकर दूसरों के लिये परेशानी खड़ी कर रहा है वह दरअसल गैर कानूनी है अनैतिक है,तो वह अपनी गलती मानने या उसमें सुधार करने के बजाये बड़े ही शातिरपने से बात को दूसरी तरफ घुमा देता है। यहां तक कि लड़ने को भी तैयार हो जाता है और शिकायतकर्ता को ही कटघरे में खड़ा करने लगता है। मिसाल के तौर पर कहीं लाउडस्पीकर पर अजान हो रही हो या मजलिस,मीलाद हो रहा हो और देर रात तक पास पड़ोस के लोगों की नींद खराब हो रही हो,या सड़क पर नमाज पढ़ी जा रही हो जिससे राहगीरों को रास्ता चलने में बाधा पैदा होती हो, और आपने इन सब पर आपत्ति की तो आपको फौरन इस्लाम व मुस्लिम विरोधी बता दिया जायेगा। भले ही शिकायतकर्ता स्वयं मुसलमान ही क्यों न हो। इसी तरह अनेक मंदिरों व गुरद्वारों में सुबह शाम लाउडस्पीकर पर होने वाले भजन कीर्तन से यदि आस पास के लोग परेशान हैं। बच्चों को इम्तेहान में पढ़ने में परेशानी हो रही है,कहीं जगरात्रे के चलते रास्ता भी रोका हुआ है और रात भर शोर भी हो रहा है। आये दिन कोई न कोई यात्रा जुलूस गाजे बाजे के साथ निकलता ही रहता है। परन्तु यदि आपने वहाँ किसी को कानून समझाया या उस पर आपत्ति की तो आपको सनातन विरोधी व धर्म विरोधी बताने में देर नहीं लगेगी। आजकल तो भिखारी लोग भी आधुनिक युग में प्रवेश कर चुके हैं। वे भी कभी शनि की सवारी लेकर तो कभी साईं की मूर्ति लेकर शोर मचाते लाउडस्पीकर के साथ गली गली मांगते फिरते हैं। यह लोग प्रायः सुबह 5 बजे ही सोते हुए लोगों को उठाकर मांगते हैं और रात के 11 बजे तक इनका यह सिलसिला चलता रहता है। परन्तु आपके आपत्ति करने पर धर्मांध लोग अपनी धर्मान्धता के नशे में आपके सारे तर्कों को काट कर आपको नास्तिक बताने पर आमादा हो जायेंगे। कोई आश्चर्य नहीं कि इस तरह के कृत्य में शामिल लोग आपको अपमानित भी कर डालें। हद तो यह है कि ऐसे अवसर पर जो लोग भले ही आपकी बातों से सहमत क्यों न हों परन्तु वे भी सिर्फ इसलिये खामोश रहेंगे कि कहीं उन्हें भी धर्म विरोधी न बता दिया जाये। हमारे आज के समाज की यही कड़वी सच्चाई है।

उपरोक्त धार्मिक कृत्यों के अतिरिक्त भी तमाम लोग अपनी निजी आजादी का दुरूपयोग करते हैं। मिसाल के तौर पर गलत जगह गाड़ी पार्क करना,तंग गलियों में कारें खड़ी करना,गलियों में अपने घरों के प्रवेश द्वार पर ऐसे टेपर बनाना जिनसे आधी गली पर ही उनका कब्जा हो जाये। नवधनाढ्यों द्वारा अपने कुत्तों को दूसरों के दरवाजों पर ले जाकर पोटी कराना। जहाँ चाहे वहीँ खड़े होकर पेशाब करने लगना। आजाद देशवासियों के स्वभाव का हिस्सा बन चुका है। आखिर कुछ तो वजह है कि जगह जगह यह लिखा दिखाई देता है कि यहाँ पेशाब करना मना है। उसके बावजूद उसी जगह पर लोगों का खड़े होकर पेशाब करना ? यह सब आजादी के दुरूपयोग की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या है ? इसी तरह कई जगह जब लोग अपना मकान बनवाते हैं तो पूरे अधिकार के साथ उस ओर से निकलने वाले पूरे रास्ते को ही बंद कर देते हैं। रास्ते में मिट्टी ,बालू,ईंट रखकर या मिक्सर मशीन खड़ी कर रास्ते को पूरी तरह बंद करना ऐसे लोग अपना अधिकार समझते हैं। परिणाम स्वरूप उधर से अपनी रोजाना निकलने वाले लोगों को अपना मार्ग बदलना पड़ता है। फिर चाहे वह एम्बुलेंस हो या स्कूल बस। अब यदि आप ने ऐसे 'आजाद' लोगों को समझने की कोशिश की कि वाहनों के आवागमन के लिये थोड़ा सा मार्ग तो छोड़ दें। इसके जवाब में वह आपकी बात मानना तो दूर उल्टे आपसे लड़ने को ही तैयार हो जाएगा और साथ ही अपने मन में हमेशा के लिये यह भी ठान लेगा कि अमुक व्यक्ति मेरे मकान के निर्माण को देखकर ईर्ष्या रखता है। उसी समय वह निमार्णाधीन मकान पर एक नजरबट्टू, काला भूत या कोई फटा जूता लटका देगा। और हमेशा के लिये आपसे बोलचाल, मरना जीना, शादी ब्याह सब कुछ समाप्त हो जायेगा। ऐसे ही एक निमार्णाधीन मकान की तरफ से एक बार प्रातःकाल की सैर करते हुये गुजरना हुआ। दृश्य यह था कि पूरा मार्ग मिट्टी डालकर बंद था। सुबह 6 बजे सरकारी जलापूर्ति शुरू हुई तो उसी निमार्णाधीन मकान में लगी पानी की टूंटी खुली थी जिसकी तेज धार उसी मिटटी पर जा रही थी। परिणाम स्वरूप वह मिटटी तेजी से बहकर नाली में जा रही थी। इसकी वजह से काफी दूर तक नाली व उससे जुड़ा एक बड़ा नाला भी मिट्टी से भर गया था। जाहिर है कि मिट्टी से नाली में हुये इस ब्लॉकेज को इस मकान का मालिक तो साफ करवाने से रहा ? अब अगर सरकारी अमला इसे साफ न करे तो जनता सरकार को कोसेगी ? और अगर सरकारी अमला इसे साफ न करे तो नाली ओवर फ़्लो होगी और गन्दा पानी सड़कों पर आएगा।

# नवीन शिक्षा से ज्ञान ही ज्ञान

गौरतलब | **संजय गोस्वामी**

> जैसा कि कंप्यूटर की विविध क्षेत्रों में उपयोगिता उपर दिखाई गई है। यह सब कंप्यूटर शिक्षा से ही संभव है। कंप्यूटर शिक्षा से जटिलतम प्रश्नों तथा समस्याओं का हल आसानी से किया जा सकता है। व्यावसायिक क्षेत्र की सफलता के लिए कंप्यूटर का ज्ञान अति आवश्यक बन गया है। इसी से वर्तमान में दूरस्थ शिक्षा तथा ऑनलाइन एजुकेशन के कार्यक्रम चल रहे है। फलस्वरूप इससे बौद्धिक शारीरिक श्रम समय तथा धन की बचत हो रही है कंप्यूटर शिक्षा का वर्तमान में सर्वाधिक महत्व है।

**हमें** किसी भी कोर्स के दाखिला लेने के लिए घर से ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते है। परीक्षा के परिणाम के लिए दूर नहीं जाना पड़ता है , घर में हम आसानी से देख सकते है। शैक्षिक क्रियाकलापों में ई कंटेंट के उपयोग से सबको फायदा मिल रहा है। छात्रों के लिए इंटरनेट दैनिक जीवन का हिस्सा बन गया है। इंटरनेट की सहायता से हम किसी भी विषय के बारे में जानकारी ले सकते है। इंटरनेट से हम सभी विषय पढ़ सकते कभी भी। इंटरनेट में बहुत सारे उतर मिलते है जो आसन होता है हम वह पढ़ सकते है। इंटरनेट के आने से हम किसी भी चीज या फिर किसी महान लोगो के बारे में कोई भी इनफार्मेशन केवल एक मिनट में निकाल सकते है। स्मार्ट कक्षा और ऑनलाइन कक्षा से बच्चों पढ़ाने के प्रणाली से बच्चों को बहुत फायदा हो रहा है। इंटरनेट की सहायता से छात्रों को सभी विषयों को समझने में आसानी होती है। इंटरनेट में हमें आसानी से सभी विषयों के बारे में आसानी से सारी जानकारी प्राप्त हो जाती है शैक्षिक क्रियाकलापों में ई कंटेंट का बहुत उपयोग हो गया है। आज के समय में स्रोत के रूप में इंटरनेट बहुत अच्छा स्रोत है। कई बच्चे बचपन से गणित से खौफ में रहते हैं। कॉलेज-विश्वविद्यालय पहुंचने तक गणित का भूत उनका पीछा नहीं छोड़ता। यद्यपि गणित पठन-पाठन को रोचक बनाने के लिए कई नवाचार हुए, पर बच्चों में भय बना हुआ है। जैसा कि कंप्यूटर की विविध क्षेत्रों में उपयोगिता उपर दिखाई गई है। यह सब कंप्यूटर शिक्षा से ही संभव है। कंप्यूटर शिक्षा से जटिलतम प्रश्नों तथा समस्याओं का हल आसानी से किया जा सकता है। व्यावसायिक क्षेत्र की सफलता के लिए कंप्यूटर का ज्ञान अति आवश्यक बन गया है। इसी से वर्तमान में दूरस्थ शिक्षा तथा ऑनलाइन एजुकेशन के कार्यक्रम चल रहे है। फलस्वरूप इससे बौद्धिक शारीरिक श्रम समय तथा धन की बचत हो रही है कंप्यूटर शिक्षा का वर्तमान में सर्वाधिक महत्व है। इससे सभी क्षेत्रों में उपयोगिता बढ़ी है। इससे अनेक समस्याओं को सुलझाने में अत्यल्प समय लगता है। वैज्ञानिक युग में इस अर्थ प्रधान एवं व्यस्ततम जीवन में कंप्यूटर से प्रत्येक सामान्य बच्चा लाभान्वित हो रहा है। अब कंप्यूटर केवल संगणक न रहकर बच्चे सर्व कार्य कर डालते है। कंप्यूटर समायोजित शिक्षण से सकारात्मक तरीके से उसकी कमियों से परिचित करवाती हुई, दिशा दिखाती है।

## आज का इतिहास

- वाइप्रेस शहर पर फ्रांसीसी सेना ने 1678 में कब्जा कर लिया।
- जापान की राजधानी टोक्यो में 1867 में विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई।
- दक्षिण अफ्रीका में 1905 को श्वेतों को मताधिकार मिला।
- पॉल वोन हिंडनबर्ग 1925 को जर्मनी के राष्ट्रपति चुने गये।
- बेल लैब्स ने 1954 में न्यूयार्क में पहली बार सोलर बैटरी बनाने की घोषणा की।
- सोडियम परमाणु रिएक्टर 1957 में पहली बार प्रायोगिक तौर पर संचालित किया गया।
- तत्कालीन सोवियत रूस ने 1975 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- जापान के सुरूगा में 1981 में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में मरम्मत कार्य के दौरान 100 से अधिक मजदूर परमाणु विकिरण का शिकार हो गये।
- दिल्ली में टेलीविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की 1982 में शुरूआत हुई।
- जर्मन पत्रिका 'स्टर्न' ने 1983 में हिटलर की विवादास्पद डायरी की पहली किस्त छापी थी।
- जापान में 2005 में हुई एक रेल दुर्घटना में तकरीबन 100 लोगों की जान गई।
- विरला इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज का नया परिसर 2007 में पनामा (बहरीन) में खुला।
- बालीवुड के प्रसिद्ध कलाकार व निर्देशक आमिर खान को 2008 को सिनेमा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान का विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।
- दक्षिण अमेरिकी राज्य मिसीसिपी में 2010 में आए तूफान के कारण तीन बच्चों सहित दस लोगों की मौत हो गई।
- भारतीय नौसेना ने 2010 में पुराने हो चुके चेतक हेलीकाप्टरों की जगह नए लाइट यूटिलिटी हेलीकाप्टर (एलयूएच) खरीदने की प्रक्रिया शुरू की।

## अंकजाल - 7528

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।



अंकजाल 7527 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## ईश्वर का स्वरूप क्या है?

**पहले** अपने स्वरूप को जानों
एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है?
महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो?
वह बोला- नहीं जानता।
तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा? अतः अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत्? ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

## सुविचार

बिना उत्साह के आज तक कोई भी महान उपलब्धि पायी नहीं जा सकी है।
**राल्फ वाल्डो एमर्सन**

आप आराम की जिंदगी जीना चाहते हैं, तो कुछ परेशानी तो उठानी ही पड़ेगी।
**एबिगैल वैन ब्यूरेन**

## राशिफल

**मेष** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा।

**तुला** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृष** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**वृश्चिक** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मिथुन** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**धनु** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**कर्क** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**मकर** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह** मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**कन्या** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

# मतदाता सूची में नाम न हो, तब भी कर सकते हैं मतदान!

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

**देश** में पहले चरण का लोकसभा चुनाव मतदान 19 अप्रैल को हो रहा है।लोकसभा की 543 सीटों के लिए 97 करोड़ से अधिक मतदाता 10.50 लाख मतदान केंद्रों के माध्यम से विभिन्न चरणों मे मतदान कर सकेंगे।जिसके लिए चुनाव आयोग ने लगभग डेढ़ करोड़ चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की है।मतदान सहज रूप से मतदाताओं को आवश्यक सुविधाओं के साथ सम्पन्न कराया जा सके ,इसके लिए मतदान स्थल पर पेयजल सुविधा, शौचालय, व्हीलचेयर, रैंप, शेड,बिजली आपूर्ति, स्वयं सेवक प्रदत्त किये गए है।देश को मिली आजादी के बाद से अभी तक मतदान के विभिन्न चुनाव में विभिन्न तरीके अपनाये गए है। गांव स्तर से लेकर राज्य और केन्द्र स्तर तक अपना जनप्रतिनिधी चुनने के लिए जो तरीके अपनाये गए उनमें हाथ उठाकर अपना वोट डालने से लेकर ईवीएम वोटिंग मशीन तक का उपयोग मतदाताओं के लिए वरदान बना है। सन 1952 से लेकर साथ के दशक तक गांव में लोग अपना प्रधान व ग्राम सदस्यों का चुनाव हाथ उठाकर करते थे। तब न बैलट पेपर का झंझट था, न वोटिंग मशीन की जरूरत थी, बस हाथ उठाओं और हो गया वोट ।हरिद्वार जिले के गांव खुब्बनपुर निवासी मास्टर सुमन्त सिंह आर्य ने अपनी सरकारी नोकरी के दौरान चार बार ऐसे चुनाव कराये जब वोट बैलट के बजाए हाथ उठाकर दिया गया था। ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान व ग्राम सभा सदस्यो के चुनाव सन 1962 तक हाथ उठाकर ही कराये जाते थे। लेकिन जब हाथ उठाकर वोट देने के कारण लोगो के बीच आपसी राजनीतिक रंजिश बढने लगी तो हाथ उठाकर वोट देने की सरल व सुगम परम्परा को बन्द करना पडा। हालांकि आजादी के पहले तक तो हाथ उठाकर वोट डालने की परम्परा सामान्य थी। लेकिन तब भी कभी बडे सदनो के लिए हाथ उठाकर वोट डालने की प्रक्रिया को नही अपनाया गया।अपने जीवनकाल में स्वाधीनता सेनानी सत्यवती सिन्हा ने अपने अनुभव सुनाते हुए बताया था कि पहले लोग वोट का मतलब तक नही समझते थे ।एक बार जब वे लोगो को एक पार्टी विशेष के पक्ष में वोट डालने के लिए कहने गई और उन्हे उस समय के चुनाव चिन्ह बैलो की जोडी के बारे में बताया तो गांव की महिलाओं ने वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र पर जाने के बजाए खेतो में जाकर बैलो की जोडी के सामने पांच पांच पैसे चढा दिये और समझ लिया कि उन्होने मतदान कर दिया है। ग्राम प्रधान रह चुकी कमला बमोला का कहना है कि मतदान के लिए आज भी कई स्थानों पर लोगो को कई कई किमी तक पैदल जाना पडता है जो कि एक गलत व्यवस्था है। उन्होने माना कि चुनाव में काफी सुधार हुए है लेकिन अभी भी चुनाव धन बल की विकृति से मुक्त नही हो पाया है।गरीब व आम आदमी आज भी चुनाव लडने का साहस नही जुटा पाता। ऐसे में कैसे माना जाए कि लोग उस आम जनता में से चुन कर जा रहे है जिनकी संख्या कम से कम नब्बे फिसदी है। इसी कारण 90 प्रतिशत लोग आज भी चुनाव न लड पाने की हैसियत न होने के कारण चुनाव से दूर रह जाते है और जनप्रतिनिधी बनने से वंचित हो जाते है। इसी तरह अन्तर्राष्टीय खिलाड़ी डॉ आदेश कुमार शर्मा इस बात से दुखी है कि चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी आज भी वोटरो को प्रलोभित कर वोट पाना चाहते है और जब ऐसे लोग चुनाव जीत जाते है तो चुनाव बाद 5 साल तक फिर वे क्षेत्र में नजर नही आते ऐसे प्रत्याशियो को नकारने पर वे जोर देते है।

# मुस्लिम अपराधियों और माओवादी हिंसकों से राजनीतिक सद्भाव के मायने

गौरतलब | **रमेश शर्मा**

> कश्मीर में टारगेट किलिंग और वक्तव्य: अप्रैल में ही कश्मीर में टार्गेट किलिंग की तीन घटनाएं हुईं। आतंकवादियों ने 8 अप्रैल को शोपियां जिले के पदपावन में ड्राइवर परमजीत सिंह की हत्या की, 17 अप्रैल को अनंतनाग में बिहार के प्रवासी मजदूर शंकर शाह की गोली मारकर हत्या की और इसी सप्ताह राजौरी में एक सिपाही के भाई की हत्या की। कश्मीर में ऐसी हत्याओं के पीछे किसका हाथ है और कौन कर रहा है, इन हत्याओं का उद्देश्य क्या है, यह किसी से छिपा नहीं है । इसके तार सीमापार पाकिस्तान से जुड़े माने जाते हैं। ये गतिविधियां देश के सद्भाव, संविधान और मानवता के विरुद्ध तो हैं हीं ये देश विरोध की सीमा में भी आती हैं।

**लुटेरों** और अपराधी कबीलों को सेना से जोड़कर कर सत्ता तक पहुंचने का काम मध्यकाल में आक्रांताओं ने किया। लेकिन स्वतंत्रत भारत में भी एक चिंतनधारा ऐसी है जो मुस्लिम समाज में केवल अपराधियों और वनवासियों में माओवादी हिसकों के प्रति सहानुभूति या सद्भाव दिखाकर अपने राजनीतिक लाभ का आकलन करती है। ऐसी झलक किसी एक प्रांत में नहीं अपितु लगभग पूरे भारत में दिखती है।

भारत विविधताओं से भरा देश है। यह विविधता भाव, भाषा, भूषा और भोजन में ही नहीं, लोकजीवन की परंपराओं में भी है। यह हम कश्मीर, केरल, कर्नाटक, बंगाल, उत्तर प्रदेश और सुदूर वनवासी अंचल बस्तर के समाज जीवन से समझ सकते हैं। किन्तु इस विविधता के बीच एक सूत्र है जो इन सभी प्रांतों में बिल्कुल एक जैसा दिखाई देता है, वह है माओवादी हिंसक आंतकियों और मुस्लिम समाज से संबंधित अपराधियों के अपराध की गंभीरता को कम करने लिये विषयान्तर करने संबंधी राजनीतिक वक्तव्य। ऐसा करने वाले कोई दर्जन भर राजनीतिक दल हैं जो इन दोनों विषयों से संबंधित घटनाओं और अपराध पर ऐसे वक्तव्य देते हैं जिनसे लोग अपराध पर नहीं अपितु राजनीति पर चर्चा करने लगते हैं । ऐसे कुछ दलों में तो आपसी राजनीतिक तालमेल भी नहीं है ।पर इन दोनों विषयों पर सबकी शैली एक है, एक दूसरे के स्वर में स्वर मिलाते हैं। पता नहीं क्यों इन दलों को अपना हित अपराधियों के प्रति सद्भाव प्रदर्शित करने में क्यों दिखता है। मुस्लिम समाज में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे वैज्ञानिक, केके मोहम्मद जैसे पुरातत्व विशेषज्ञ और अब्दुल हमीद जैसे बलिदानी भी हुए। किन्तु इन विभूतियों के लिये वैसी लामबंदी नहीं होती जैसी माफिया डॉन मुख्तार अंसारी और शाहजहां शेख, दो मासूम बच्चों के हत्यारे साजिद, लव जिहाद में हत्या के आरोपी फैयाज और बस्तर के एनकाउंटर में मारे गये नक्सलियों के प्रति देखी गई ।मुस्लिम समाज से संबंधित किसी अपराधी या माफिया डान का नाम आते ही कुछ राजनीतिक दल के नेता ऐसे वक्तव्य जारी करने लगते हैं जिनसे या तो अपराध की गंभीरता कम होती है अथवा सुरक्षा बलों की लक्ष्य मूलक कार्रवाई पर प्रश्न उठने लगते हैं। यदि हम अतीत में घटी असंख्य घटनाओं को छोड़ दें, जिनमें गोधरा कांड के अपराधियों को बचाने का अभियान, बटाला हाउस एनकाउंटर में मारे गये आतंकवादी के लिये किसी नेता की आंख में आंसू आने की चर्चा, पाकिस्तान प्रायोजित कश्मीर के आतंकवाद में संलग्न आतंकवादियों को भटके हुये नौजवान कहना, पालघर में साधुओं की हत्या पर राजनीति करके हत्याओं की गंभीरता को कम करना, कुख्यात आतंकवादी अफजल की बरसी मनाने और उसमें भारत के टुकड़े होने के नारे लगाने जैसी घटनाएं घटीं हैं, केवल पिछले एक माह के भीतर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में घटी कुछ घटनाओं को देखें तो भी इस तथ्य को आसानी से समझा जा सकता है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक: नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड): विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता अभियान पर कार्यक्रम का आयोजन



**लातेहार :** लोक सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर छात्र छात्राओं से नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर बुधवार को राजकीय कन्या गर्ल्स विद्यालय डूरुआ के बच्चों के साथ संवाद किया गया। इस अवसर पर बीएलओ पर्यवेक्षक अतुल कुमार ने बताया की मतदान से ही लोकतंत्र की मजबूत नीव रखी जा सकती है। इससे ही तय होता है की क्षेत्र के नागरिक देश के प्रति कितने जिम्मेवार और जागरूक है। नैतिक मतदान ही लोकतंत्र की मजबूत धुरी है। सभी मतदाता आगामी बीस मई को बिना किसी प्रलोभन दबाव के मतदान कर अपने देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक का कर्तव्य निभाए। कार्यक्रम के दौरान क्विज प्रतियोगिता कराते हुए विजेता आदित्य कुमार, निशा कुमारी एरिंकी कुमारी, निशा कुमारी एआलोक कुमार, कुमारी रिंकी को पुरुस्कृत किया गया।मौके पर प्रभारी शिक्षिका सविता कुमारीए नीलम कुमारीए बबिता कुमारीए सुप्रियल कुजूरए अंकित कुमारए पुष्पा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### बीएस कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना ने मानव श्रृंखला बना कर किया मतदाताओं को जागरूक



**लातेहार :** आसन्न लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर जिले में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार के स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय कर्मियों ने मानव श्रृंखला एवं डेमोक्रेसी रैली में भाग लिया और मतदाताओं को मतदान करने के प्रति प्रेरित किया। साथ ही जिला खेल स्टेडियम में मतदाता शपथ में भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता सहित महाविद्यालय के कर्मचारी शामिल रहे।

### 75 फीसदी से कम उपस्थिति होने पर नहीं भरने दिया जायेगा फॉर्म : प्रदीप तिवारी



**लातेहार :** जिला मुख्यालय के बनवारी साहू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप तिवारी ने कहा है कि सत्र 2023.27ए 2022.26ए 2021.24 के लिए लगातार कक्षाएं आयोजित की जा रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा जारी गाइडलाईन के अनुसार जो बच्चा नियमित कक्षा नहीं करता है और उनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है ऐसे बच्चों को परीक्षा फॉर्म भरने नही दिया जायेगा। कॉलेज के सभी छात्र छात्राएं जरूर नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित होए कॉलेज में नियमित रूप से कक्षाएं हो रही हैं। आगे उन्होंने कहा कि बच्चे महाविद्यालय द्वारा निर्धारित परिधान; यूनिफार्म द्व तथा परिचय पत्र के साथ महाविद्यालय में प्रवेश करेंगेण जो छात्र .छात्राएं अभी तक परिचय पत्र प्राप्त नहीं किये है वो आवश्यक रूप से प्राप्त कर लेंण दो मई से बिना यूनिफार्म और परिचय पत्र का महाविद्यालय में प्रवेश वर्जित होगा।

### लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**लातेहार :** लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्णए निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां से अवगत कराया। साथ ही चुनाव में विशेष सतर्कता बरतने के साथ समय समय पर दिये जाने वाले प्रशिक्षण में भाग लेने का निर्देश दिया ।मास्टर ट्रेनर्स ने चुनाव कार्य में लगे चुनाव संबंधी तमाम प्रक्रिया विस्तार से समझाई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने मतगणना संबंधी प्रक्रिया समझाते हुए इसके तमाम प्रावधानों का पालन करने की बात कही। प्रशिक्षण में 276 सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

# कांग्रेस की नजर अब आपकी कमाई व संपत्ति पर : अन्नपूर्णा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**कोडरमा :** सत्ता तक पहुंचने की बेचैनी में कांग्रेस अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है। अपनी पुरानी लीक पर चलते हुए कांग्रेस ने सत्ता में आने पर संपत्ति पुनर्वितरण की बात कही है जो कि देश के लिए घातक है। कांग्रेस का कहना है कि वो Inheritance Tax लगाएगी, माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी।आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट... जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। चिंताजनक यह है कि ऐसे दौर में जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के उद्यमियों को ज्यादा से ज्यादा कमाकर राष्ट्रीय उत्पादकता और राष्ट्रीय आय बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, कांग्रेस कमानेवालों को तकलीफ और मुफ्तखोरों को इनाम देना चाहती है। आपत्तिजनक यह भी है कि कांग्रेस का इरादा आम आदमी की पुश्तैनी आय और संपत्ति पर भी भारी करारोपण का है। 60 के दशक से कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को चुनाव जीतने का हथियार बनाया। अब कांग्रेस फिर से एक बार तुष्टिकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती है। कांग्रेस का ये एजेंडा भले ही 05 अप्रैल को सामने आया लेकिन इससे पहले ही कांग्रेस इसकी पटकथा लिख चुकी थी। राहुल गांधी ने भी महाराष्ट्र में हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम (16 मार्च 2024) में कहा कि किसके पास कितनी संपत्ति है, इसके लिए एक व्यापक आर्थिक, वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण किया जाएगा।इसके बाद फिर राहुल गांधी ने (6 अप्रैल 2014) तेलंगाना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के 'जितनी आबादी उतना हक' नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो यह पता लगाने के लिए एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएगी कि देश की अधिकतर संपत्ति पर किसका नियंत्रण है। स्पष्ट है कि कांग्रेस हमारी संपत्ति, गरीबों और हाशिये पर पड़े लोगों, एससी, एसटी की संपत्ति, महिलाओं की बचत को छीनना चाहती है और इसे विशेष रूप से अल्पसंख्यकों के बीच पुनर्वितरित करना चाहती हैयानि अगर कांग्रेस को मौका मिल गया तो हमारी माताओं झ बहनों के गहने, हमारी आपकी बचत, खून पसीने की कमाई से अर्जित जमीन झ मकान, व्यापार झ कारोबार से अर्जित की गयी संपत्ति आदि सर्वे के बाद औसत से अधिक पाये जाने पर छीन ली जायेगी और उसे पुनर्वितरित कर दिया जायेगो जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गाँधी की अगुवाई वाली कॉन्ग्रेस सरकारों ने लोगों की कमाई जब्त करने वाले ऐसे ही कानून 1963 और 1974 में पास किए थे। इनका नाम कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम एक्ट था।

# पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम ने किया नामांकन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के चौथे दिन लोकहित अधिकार पार्टी के सनन राम द्वारा नामांकन किया गया वहीं पांचवें दिन भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के अभय कुमार,बहुजन समाज पार्टी के कामेश्वर बैठा व पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम के द्वारा नामांकन किया, वही दिनांक 24/4/2024 को नामांकन के छठे दिन भारतीय जनता पार्टी के विष्णु दयाल राम,भागीदारी पार्टी (पी)के सत्येन्द्र कुमार पासवान, एसयूसीआई (सी)के महेंद्र बैठा व राष्ट्रीय जनता दल के ममता भुईयां द्वारा नामांकन किया गया है। लोकसभा निर्वाचन क पलामू लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी। 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 29 अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकता है।पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि देश के भविष्य गढ़ने की तिथि 13 मई व 20 मई निर्धारित की गयी है। ऐसे में सभी दोनों ही दिन मतदान करना बहुत जरूरी है। वही नामांकन को लेकर प्रत्याशी को क्षेत्रों मे आने वाले को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, मेदिनीनगर के द्वारा समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

# इंटर्नशिप रिपोर्ट राइटिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को विश्वविद्यालय द्वारा जारी बीएड के संशोधित पाठ्यक्रम 2023 को देखते हुए इंटर्नशिप रिपोर्ट राइटिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में सत्रः 2022-24 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य व सहायक प्राध्यापक द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने बीएड के संशोधित पाठ्यक्रम के अंतर्गत इंटर्नशिप रिपोर्ट के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किये। साथ ही इंटर्नशिप के नियम-परिनियम को उन्होंने विस्तारपूर्वक बताया। मौके पर सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, शाहिद खान, सेंटु कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

# विश्व मलेरिया दिवस पर मिडिया ब्रिफिंग कार्यशाला का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** मलेरिया से बचाव हेतु जागरूक करने के उद्देश्य विश्व मलेरिया दिवस से संबंधित बुधवार को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी अवधेश सिंह के अध्यक्षता में मिडिया ब्रिफिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में मलेरिया से बचाव हेतु जनमानस में जन जागरूकता हेतु मिडिया से अपील किया गयाए ताकि जन समुदाय को मलेरिया से सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरूक एवं बेहतर स्वास्थ्य हेतु व्यवहार परिर्वतन किया जा सके। कार्यशाला में जिला मलेरिया पदाधिकारीए लातेहारएजिला कार्यक्रम प्रबंधक ए जिला भी०बी०डी० सलाहकारए उपस्थित रहे।

# पंचायती राज्य दिवस पर विचार गोष्ठी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**मेदिनीनगर :** पलामू बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया। संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि 73वें संविधान संशोधन के अनुसार पंचायत राज के आरंभिक स्तर पर ग्राम पंचायत निर्वाचित प्रतिनिधियों की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है ।जो अपने कार्य एवं व्यवहारों के लिए पूर्ण रूप से जनता को प्रति उत्तरदाई है।पंचायती राज व्यवस्था ने कई ऐसे प्रतिनिधि शामिल हुए हैं जो अपनी सूझबूझ से एक विकसित गांव को तस्वीर बदलकर रख दी। पंचायती राज अधिनियम 1992 में लागू किया गया ' इसके जनक उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद बलवंत राय मेहता हैं सत्ता की विकेंद्रीकरण के इतिहास में 24 अप्रैल एक निर्णायक क्षण है।अनुच्छेद 243 में प्रत्येक पंचायत में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लिए स्थान सुरक्षित रहेंगे। जमीनी स्तर पर स्वशासन संस्थाओं के लिए कार्य करने का अधिकार देता है। इस अवसर पर संजीत कुमार जयपाल मोची संजय चौरसिया भूपेंद्र कुमार राहुल कुमार अनिल राम प्रेम कुमार कृष्णा राम उमेश पासवान राजूराम किरवान माझी शिवनारायण साहब संतोष विश्वकर्मा राम नरेश महतो सहित कई लोग उपस्थित है और अपने-अपने विचार व्यक्त किया मिथिलेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत बनायी मानव शृंखला, निकाली गयी डेमोक्रेसी रैली



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका/लातेहार :** मनिका प्रखंड में बुधवार को बीडीओ मनोज तिवारी एवम प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आत्मा सिंह के नेतृत्व में मतदाता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मनिका ब्लॉक गेट से लेकर मनिका बाजार तक लगभग एक किलोमीटर तक मानव श्रृंखला बनाई गई जिसमे कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएआंगनबाड़ी के सेविका व सहायिकाए जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह की महिलाएंएस्वथ्य विभाग की सहिया व एएनएमएहाई स्कूल मनिका के छात्राओं के साथ साथ प्रखंड के कर्मीएस्वाथ्य विभाग के कर्मीएआंगन बाड़ी के कर्मीएएवम शिक्षा विभाग के कर्मी ने भाग लिया।बाद में मानव शृंखला को डेमोक्रेसी रैली का स्वरूप दे दिया गया। रैली में शामिल लोगों ने एक दो तीन चारए वोट करेगा लातेहारए 20 मई को रहें तैयारए वोट करेगा लातेहार आदि नारे लगा रहे थे । इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि मानव शृंखला एवम डेमोक्रेसी रैली के माध्यम से हमलोग प्रखंड के मतदाताओं में आसन्न लोक सभा चुनाव के दौरान 20 मई को होने वाली लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए तथा लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग मतदान करने पहुंचे।

# जेएनवी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार को जिला मुख्यालय बाजकुम स्थित के जवाहर नवोदय विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने किया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के सदस्य शकील अख्तर मौजूद थे। शिविर में श्री अख्तर ने विद्यालय के छात्र व छात्राओं को कानून की कई बुनियादी जानकारियां दी। उन्होने किशोर न्याय अधिनियम 2015ए किशोर न्याय बोर्ड और बाल कल्याण समिति के बारे में बताया। कहा कि आज बिचौलिये भोले भाले ग्रामीण युवक व युवतियों को बहला.फुसला कर बाहर काम कराने ले जाते हैं। अक्सर बाहर ले जा कर उनका शोषण करने की खबर आती हैं। उन्होने चाइल्ड हेल्प लाइन एव उसके टेलीफोन नंबर 1098 की भी जानकारी दी।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता राजेश यादव एराहुल कुमार गुप्ता ने भी संविधान में बच्चों के लिए प्रदत्त कई कानूनों की जानकारी दी। उन्होने मौलिक अधिकारए पोक्सो एक्ट एवं आईटी एक्ट 2005 की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच का संचालन वरीय शिक्षक पी मिश्रा ने किया। मौके पर पीएलवी दीपक कुमार गुप्ता समेंत विद्यालय के कई शिक्षक व शिक्षिकाओं के अलावा छात्र व छात्राएं मौजूद रहे।

# पदाधिकारी ने सिर्फ आश्वासन मिलता है पीने का पानी नहीं : पिंकी जैन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि शहर में पीएचडी विभाग एवं नगर परिषद की लापरवाही के कारण लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है पानी टंकी रोड के सप्लाई पानी टंकी से हमेशा हजारों लीटर पानी की बबार्दी होती है पीने का पानी रोड पर बहता है वहां पर रहने वाले लोगों के द्वारा शिकायत की जाती है परंतु पिएचडी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है पिएचडी नगर परिषद के द्वारा शहर में लोगों को पानी की आपूर्ति सप्ताह में एक-दो दिन की जा रही है वह भी 5 मिनट के लिए परंतु पैसा प्रति महीना 30 दिन का लिया जा रहा है इस भीषण गर्मी में शहर की हजारों आम जनता बहुत कठिनाई में है और खरीद कर पानी पी रही है अधिकांश लोगों के घर का बोरिंग फेल हो चुका है कुआं सूख गया है सप्लाई पानी आपूर्ति ही आम जनों का सहारा है परंतु सप्लाई पानी की आपूर्ति नियमित नहीं होने से लोगों में भारी आक्रोश है सप्लाई पानी आपूर्ति से जुड़े पदाधिकारी जनहित में इस गंभीर समस्या का त्वरित समाधान करें पिंकी जैन ने कहा कि इसके पूर्व भी कई बार शहर मे नियमित सप्लाई पानी आपूर्ति के लिए पदाधिकारीयो से बात की जाती है तो सिर्फ आश्वासन मिलता है जनता को पानी नहीं मिलता है।

# गर्मी व धूप में छोटे बच्चों की आंखों की देखभाल ज्यादा जरूरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आज कल छोटे बच्चों को बहुत जल्दी चस्मा आंखों पर दिखाई देता नजर आ रही है।स्मार्टफोन पर कार्टून दिखाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।अभिभावक बच्चे को चुप व व्यस्त रखने के लिए स्मार्टफोन का सहारा ले रहे हैं। धूप के साथ ही साथ ही स्कूलों में भी आनलाईन क्लास भी बच्चों को बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उनका आदतें वहीं से बिगड़ना भी शुरू हुआ है।आमतौर पर कहा जाता है इस धूप में आंखों की रोशनी बढ़ती उम्र के साथ कम होनी शुरू हो जाती है और ऐसे में अधिकतर बुजुर्गों को चश्मे का सहारा लेना पड़ता है।लेकिन आजकल बच्चे सहित हर उम्र के व्यक्ति को चश्मा लगना आम बात हो गई है।आंखों की रोशनी कमजोर होने का कारण रिफ्रेक्टिव एरर होता है। जिसमें आंख रेटिना पर फोकस नहीं कर पाती है और आंखो से धुंधला दिखाई देता है।आजकल के बच्चे फिजिकल एक्टिविटी या आउटडोर गेम्स में भाग ना लेकर मोबाइल, वीडियो गेम्स और टेलीविजन पर ज्यादा टाइम बिताते हैं।आंखों की रोशनी बच्चों के न्यूट्रिशन इंटेक पर भी निर्भर होती है इसीलिए बच्चों के ग्रोथ इयर्स में केवल आंखो के लिए ही नहीं बल्कि ओवरऑल ग्रोथ के लिए उन्हें पोष्टिक आहार दें।शुरूआत में तो ये सब बड़ा अच्छा लगता रहा, लेकिन बाद में यह परेशानी का सबब बन जाता है।चश्मा पहनने की निचली सीमा कुछ महीने की उम्र जितनी छोटी हो बच्चों की आंखों की देखभाल ज्यादा जरूरी होता है। स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का कहना है कि बच्चे आमतौर पर 6 और 12 साल की उम्र के बीच दूरदर्शी या दूरदर्शी हो जाते हैं। दूरदर्शिता का निदान पहले भी किया जा सकता है, कभी-कभी शैशवावस्था में भी। यहां तक कि शिशु भी चश्मा पहन सकते हैं यदि उन्हें अच्छी तरह देखने के लिए सहायता की आवश्यकता हो।आज कल के बच्चे फास्ट फूड ज्यादा खाते हैं बजाए पोष्टिक आहार के तो विटामिन अ नहीं मिलती जो आंखो के लिए जरूरी है।पहले की अपेक्षा अब स्कूल में कोर्स ज्यादा होता है तो किताबों में आंखे गढ़ी रहती है तो कमजोर होती हैं । और कॉमिक्स वगैरह भी।बच्चे तो अब 2 साल के होते ही टीवी देखना शुरू कर देते हैं तो उसमें से भी निकलने वाली रेज और रोशनी आंखों को खराब करती है।आज कल खाने पीने की कोई चीज ऐसी नहीं जो शुद्ध आती हो ऊपर से बढ़ता हुआ पॉल्यूशन का धुआं भी आंख खराब करता है।तो ये लास्ट के 5 पॉइंट ऐसे हैं जिसका सामना हर बच्चा करता है एक दिन वो भी होगा जब हर किसी की आंख पर चश्मा होगा,पर काश ऐसा नहीं हो।इस लिए अपने बच्चों को टीवी मोबाइल इत्यादि से दूर व रखने की ज्यादा जरूरत है। साथ ही बच्चों के खाने में पौष्टिक चीजों को शामिल करें जैसे फल, सब्जियां, एग्स, फिश और डेयरी प्रोडक्ट्स. ये सभी विटामिन ए के अच्छे स्रोत है जो बच्चे की आंखों को स्वस्थ रखने के साथ कई हेल्थ बेनिफिट्स देते हैं. मॉम्स जंक्शन के अनुसार बच्चों को अच्छी मात्रा में नींद लेना जरूरी है ताकि आंखे रिलैक्स हो सकें और उन्हें आराम मिल सके।

# पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी बचाने के दिये गये संदेश



**महुआडांड़/लातेहार :** डालसा सचिव स्वाति विजय उपाध्याय के निर्देश पर महुआडांड़ पीएलभी इन्द्रनाथ प्रसाद व आजाद अहमद के द्वारा महुआडांड़ प्रखण्ड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय सेमरबुढ़नी में पृथ्वी दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय के बच्चे व विद्यालय परिवार को पृथ्वी बचानें को लेकर संदेश दिया गया।इस अवसर कहा कि हमें पर्यावरण को बचाना है ताकि पृथ्वी सुरक्षित रह सके। इसके लिए हम सभी को मिलकर गंभीरता से विचार करना होगा। वहीं आजाद अहमद ने कहा कि हमें पर्यावरण के साथ खेलवाड़ नहीं करना चाहिए।इसको बचानें के लिए हम सभी को आगे आना होगा।इस दौरान विद्यार्थियों ने पृथ्वी बचानें का शपथ भी लिया। मौके पर शिक्षक प्रदीप कुमार समेत छात्र,छात्राएं मौजूद थे।

# मतदाता जागरूकता को लेकर बनायी गयी मानव श्रृंखला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर आसन्न लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को मानव श्रृंखला बनायी गयी। उप विकास आयुक्त सह स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सुरजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में इसका आयोजन किया गया। इसके बाद कृषि कार्यालय से डेमोक्रेसी रैली निकाली गईण रैली समाहरणालयए बाईपास चौक व थाना चौक से होते जिला खेल स्टेडियम पहुंची। इस दौरान मतदाताओं से आगामी 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी। छात्र.छात्राओं ने सारे काम छोड़ दोए सबसे पहले वोट दो आदि नारे लगाएण विशाल मानव श्रृंखला में मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखी तख्तियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक इस दौरान नुकड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता गीत एवं सेल्फी स्टैंड में लिखे स्लोगन के माध्यम से 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता जरूर लें हिस्सारू प्रवीण गागराई मानव श्रृंखला व डेमोक्रेसी रैली के दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराइ ने कहा कि यह लोकतंत्र का महापर्व हैए इसमें सभी मतदाताओं को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेनी चाहिए और सभी काम को छोड़ आने वाले 20 मई को मतदान अवश्य करें। हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र को और मजबूत बनाना हमारा कर्तव्य व दायित्व दोनो है। मतदाता मतदान करने के साथ अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति अवश्य जागरूक करें और एक नया इतिहास बनाएं। मतदान कर सशक्त भारत के निर्माण में हम सभी को महत्ती भूमिका निभानी चाहिएरू सुरजीत सिंह इस मानव श्रृंखला का मूल उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है।

## इंडिया के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने डोमचांच प्रखण्ड के कई इलाकों में चलाया जनसंपर्क अभियान

# रोजी रोजगार से लेकर पलायन, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनता से जुडे मुद्दे पर संसद अब खामोश नहीं रहेगी : विनोद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**कोडरमा/डोमचांच :** इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा-माले उम्मीदवार विनोद सिंह ने बुधवार को डोमचांच प्रखण्ड के दर्जनों गांव में जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता से सीधे संवाद किया। भाकपा माले प्रत्याशी का डोमचांच प्रखण्ड आगमन पर इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने नवलशाही में भव्य स्वागत किया। इंडिया गठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव के नेतृत्व में भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने नवलशाही,नवादा चौक,खरखार,बंगाखलार, ढाब, जानपुर, पारहो, सपही, ढोढाकोला,सिमरिया समेत कई गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत किया और जनता से रूबरू हुए। इन इलाकों में ढिबरा मजदूरों ने कॉमरेड विनोद सिंह का झारखंडी पारम्परिक तरीके से स्वागत किया। इंडिया गठबन्धन के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने कहा कि जनता बदलाव की ओर अग्रसर हो रही है। जनता में भाजपा और उसके सांसद के प्रति काफी गुस्सा है। गुस्सा होना भी लाजिमी है, क्योकि जनता से सिर्फ वोट लेने का रिश्ता नही होता। भाकपा माले की समझ है जनता से वोट लेने से ज्यादा उनकी जरूरतों और समस्याओं के साथ खड़ा रहने के नाम भाकपा माले और इंडिया गठबंधन है। इन इलाकों में ढिबरा,पत्थर, क्रशर का व्यापार हाशिये पर ढकेल दिया गया। लेकिन सबसे ज्यादा बार कोडरमा से सांसद बनने वाले भाजपा के लोग कभी भी जनसंघर्षों और संसद में अपना धर्म नही निभाया। कोडरमा की आम जनमानस को पिछले कई सालों से छला गया है। उन्होंने कहा कि कोडरमा के रोजी रोजगार से लेकर पलायन, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनता से जुडे मुद्दे पर संसद अब खामोश नही रहेगी,जनता आशीर्वाद और सहयोग करें, जीत हरहाल में भाकपा माले की होगी। राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव, राजद युवा जिलाध्यक्ष मनोज रजक, कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, सीपीएम नेता असीम सरकार,रमेश प्रजापति, वैधनाथ मेहता ने कहा कि जनता में विनोद सिंह के प्रति अलग ही उत्साह है,भाजपा के खिलाफ गांव गांव में आवाज उठ रही है। जनता भाजपा वालों से हिसाब मांग रही,लेकिन भाजपा को जबाब मिल नही रही। इंडिया गठबंधन के नेताओ ने कहा कि डोमचांच शहीदों की धरती है, अंग्रेजो को खदेड़ने का इतिहास रखती है। इसी डोमचांच से इसबार ढिबरा,पत्थर, क्रशर मजदूर भाजपा को सत्ता से बेदखल करेगी। नेताओ ने कहा कि इंडिया गठबंधन को मिल रहे अपार जनसमर्थन से भाजपा की नींद उड़ी है। भाजपा प्रत्याशी अपने काम बताने की जगह मुद्दों को भटकाने के लिए इधर उधर की बात कर रही है।जनसम्पर्क अभियान में संजय दास, भागीरथी सिंह,शब्बीर आलम, मंजूर आलम, राजेन्द्र मेहता, राजेन्द्र साव, बिनोद पांडेय, विश्वनाथ सिंह, मेघलाल सिंह, मो अशरफ, वीरेंद्र यादव, मो नसीम, राजू पासवान, शैलेन्द्र सिंह, चांद आलम,बबन मेहता, किशन मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

## एक झलक

### झारखंड आंदोलनकारी की मनायी गयी 23वीं पुण्यतिथि

**घाटशिला।** झारखंड आंदोलनकारी भीम नामाता की 23वीं पुण्यतिथि बुधवार को माटीकला भवन लालडीह में मनाया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने कहा कि भीम बाबू मूल रूप से पावड़ा गांव के निवासी थे। झारखंड आंदोलन, आर्थिक नाकाबंदी के दौरान 1993 में साकची मॉडल कार में दो माह तक बंद थे। झारखंड आंदोलन के दौरान कई बार पुलिस हिरासत में लिए गए थे। अपने जीवन का स्वर्णिम समय झारखंड आंदोलन के दौरान व्यतीत किया था। उनकी मृत्यु 24 अप्रैल 2002 को सड़क दुर्घटना में हो गया। आज उनके पत्नी संतोषी नामाता को राज्य सरकार की ओर से विशेष सम्मान राशि दिया जा रहा है। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी संतोषी नामाता, चंदन कुंडू, मनसा पाल, धनंजय भकत, श्याम नारायण भकत, मुकेश भकत, जगदीश भकत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### संत निरंकारी मंडल ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**झुमरीतिलैया।** संत निरंकारी मंडल के द्वारा बुधवार को महतो आहरा झुमरीतिलैया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सेवादारों ने 88 यूनिट ब्लड दिया। इसका उद्घाटन जोनल इंचार्ज डी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अजीत बरनवाल ने किया। श्री बरनवाल ने कहा कि रक्तदान कर कई लोगों की जिंदगी बचायी जा सकती है, यह जरूरी है कि हम रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करें और लगातार ऐसे आयोजन करें। मौके पर जोनल इंचार्ज संत निरंकारी मंडल डी सिंह के अलावा संयोजक सुन्दर पांडेय, संचालक विजय विश्वकर्मा झुमरीतिलैया, सुधीर सोनी शिक्षक सेवा दल अनु देवी, संचालिका सेवा दल, मनोज पाण्डेय, सुमन झा, संदीप कुमार, विजय पंडीत, कुन्दन कुमार, कमला देवी, विनीता देवी, गौतम कुमार, हरेंद्र, अनूप कुमार, अरविंद सेठ, गौतम पाल, शंभू बरनवाल, डॉ राम सागर सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### सीटू की बैठक में एक मई को मजदूर दिवस मनाने का निर्णय

**झुमरीतिलैया।** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) की बैठक बजरंग नगर में जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने किया। बैठक में एक मई को मजदूर दिवस वीर कुंवर सिंह पार्क, झुमरीतिलैया में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि सीटू इस मई दिवस पर शासन में काबिज सांप्रदायिक कॉरपोरेट गठजोड़ की विनाशकारी मुहिम, निजी कॉरपोरेट वर्ग के माध्यम से देश के संसाधनों, संपत्ति और बुनियादी ढांचे पर बेरोक टोक लूट खसोट के खिलाफ व्यापक संघर्ष और सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लेगी। केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण देश में प्रचंड बेरोजगारी, असहनीय महंगाई से लोग जुझ रहे हैं। मजदूरों को गुलाम बनाने के उद्देश्य से चार लेबर कोड श्रम संहिता अधिनियम पहले से ही तैयार कर लिया गया है। काम के घंटे और अन्य सेवा शर्तों को लचीला बनाने से मजदूरों का शोषण और तेज होगा।

इंडिया गठबंधन के नेताओं का ग्रामीणों ने किया झारखंडी परंपरा से स्वागत

# जनता बदलाव की ओर अग्रसर हो रही : विनोद



**कोडरमा।** इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा-माले उम्मीदवार विनोद सिंह ने बुधवार को डोमचांच प्रखण्ड के दर्जनों गांव में जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता से सीधे संवाद किया। भाकपा माले प्रत्याशी का डोमचांच प्रखण्ड आगमन पर इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने नवलशाही में भव्य स्वागत किया। इंडिया गठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव के नेतृत्व में भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने नवलशाही, नवादा चौक, खरखार, बंगाखलार, ढाब, जानपुर, पारहो, सपही, ढोढाकोला, सिमरिया समेत कई गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत किया और जनता से रूबरू हुए। इन इलाकों में ढिबरा मजदूरों ने कॉमरेड विनोद सिंह का झारखंडी पारम्परिक तरीके से स्वागत किया। इंडिया गठबन्धन के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने कहा कि जनता बदलाव की ओर अग्रसर हो रही है। जनता में भाजपा और उसके सांसद के प्रति काफी गुस्सा है। गुस्सा होना भी लाजिमी है, क्योंकि जनता से सिर्फ वोट लेने का रिश्ता नही होता। भाकपा माले की समझ है जनता से वोट लेने से ज्यादा उनकी जरूरतों और समस्याओं के साथ खड़ा रहने के नाम भाकपा माले और इंडिया गठबंधन है। इन इलाकों में ढिबरा, पत्थर, क्रशर का व्यापार हाशिये पर ढकेल दिया गया। लेकिन सबसे ज्यादा बार कोडरमा से सांसद बनने वाले भाजपा के लोग कभी भी जनसंघर्षों और संसद में अपना धर्म नही निभाया। कोडरमा की आम जनमानस को पिछले कई सालों से छला गया है। उन्होंने कहा कि कोडरमा के रोजी रोजगार से लेकर पलायन, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनता से जुडे मुद्दे पर संसद अब खामोश नही रहेगी, जनता आशीर्वाद और सहयोग करें, जीत हरहाल में भाकपा माले की होगी। राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव, राजद युवा जिलाध्यक्ष मनोज रजक, कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, सीपीएम नेता असीम सरकार, रमेश प्रजापति, वैधनाथ मेहता ने कहा कि जनता में विनोद सिंह के प्रति अलग ही उत्साह है, भाजपा के खिलाफ गांव गांव में आवाज उठ रही है। जनता भाजपा वालों से हिसाब मांग रही, लेकिन भाजपा को जबाब मिल नही रहा। जनसम्पर्क अभियान में संजय दास, भागीरथी सिंह, शब्बीर आलम, मंजूर आलम, राजेन्द्र मेहता, राजेन्द्र साव, बिनोद पांडेय, विश्वनाथ सिंह, मेघलाल सिंह, मो अशरफ, वीरेंद्र यादव, मो नसीम, राजू पासवान, शैलेन्द्र सिंह, चांद आलम, बबन मेहता, किशन मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

## ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में निकली मतदान जागरूकता रैली



संवाददाता

**घाटशिला।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में घाटशिला थाना परिसर से मतदान जागरूकता रैली निकाली गई. मतदान जागरूकता रैली में घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन डे के अलावा गालूडीह, धालभूमगढ़ थाना प्रभारी राजेश कुमार मुंडा एवं मऊभंडार ओपी प्रभारी के अलावा पुलिस जवान शामिल थे। जागरूकता रैली में सभी पुलिस पदाधिकारी एवं जवान सिविल ड्रेस में शामिल हुए। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक करते हुए चुनाव आयोग द्वारा जारी किया गया पंपलेट का भी वितरण किया। उन्होंने कहा कि हर मतदाता का यह अधिकार और कर्तव्य भी है अपने अधिकार का उपयोग करें बिना किसी दबाव या प्रलोभन में आकर मतदान न करें।

## रेड जोन वाले क्षेत्र में की जायेगी जलापूर्ति : प्रशासक





**आदित्यपुर।** आदित्यपुर में निर्माणाधीन 390 करोड़ की वृहत जलापूर्ति योजना की लेटलतीफी के मद्देनजर यहां के लाखों लोगों की जलापूर्ति की समस्या को देखते हुए प्रशासक आलोक कुमार ने जिंदल की मदद से ढाई करोड़ की एक योजना बनाई है। जिसके तहत सीतारामपुर जलाशय का फिल्टरेशन प्लांट की क्षमता बढ़ाई जाएगी क्षमता और पुरानी सिस्टम को अपग्रेडेशन कर रेड जोन वाले क्षेत्र में पाइप लाइन जलापूर्ति की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए नगर निगम के प्रशासक ने लगातार डॉट इन को बताया फिल्टरेशन प्लांट की वर्तमान क्षमता 17 एमजीडी की है। इसकी क्षमता बढ़ाकर प्लांट को 30 एमजीडी की जाएगी। इससे लगभग क्षेत्रों को पाइप लाइन जलापूर्ति सिस्टम से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी पाइप लाइन से नए पाइप लाइन के माध्यम से अति आवश्यक क्षेत्रों में जलापूर्ति की योजना है। उन्होंने बताया कि इसकी कार्ययोजना बंनाकर तत्काल भेजी गई है जैसे ही योजना को स्वीकृति प्रदान की जाती है और राशि प्राप्त होती है तो हम उस दिशा में काम शुरू कर देंगे। इस योजना को धरातल पर उतारने में आठ से नौ माह का समय लगेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अभी गर्मी को देखते हुए जुस्को प्रबंधन से बात हुई है वो हमें टैंकर के साथ पानी देने को तैयार हुए हैं जिससे रेड जोन एरिया में टैंकर से जलापूर्ति कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने डीसी सरायकेला के साथ संयुक्त प्रयास कर नए वृहत जलापूर्ति योजना की बाधा को भी दूर कर लिया है। अगले माह से सपड़ा में 60 एमजीडी प्लांट के फिल्टरेशन प्लांट का निर्माण शुरू हो जाएगा। जिससे हम अगले वर्ष तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, पानी टंकी का निर्माण और पाइप लाइन लगभग बिछ चुका है ऐसे में संभवतः 2025 से हम नए जलापूर्ति सिस्टम से भी आदित्यपुर के लोगों को 24 घंटे जलापूर्ति योजना का लाभ पहुंचाने की स्थिति में होंगे।

## पटमदा में ऑटो पलटने से महिला समेत 06 घायल



संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे पटमदा थाना अंतर्गत ठनठनी घाटी में बुधवार सुबह 6 बजे एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई. इस घटना में ऑटो सवार महिला समेत 6 लोग घायल हो गए। इधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां सभी का प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया गया। सभी घायल जुगसलाई के रहने वाले है। लोवाडीह से लौट रहे थे सभी जानकारी के अनुसार सभी एक ऑटो पर सवार होकर लोवाडीह निवासी फनी अंसारी के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। सुबह वापसी के क्रम में ठनठनी घाटी के पास ऑटो की रफ्तार काफी तेज थी जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत ने बताया कि सभी घायलों को एम्बुलेंस से एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया है। जबकि दुर्घटना में शामिल टेम्पो को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## गंधनिया हाट मैदान में सामुदायिक भवन बनाने का विरोध



**घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र के गंधनिया हाट मैदान में सामुदायिक भवन बनाने का बुधवार को वहां के दुकानदारों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया. इस दौरान हाट मैदान में दर्जनों ग्रामीणों ने नारेबाजी भी किया। ग्रामीणों का कहना था कि दामपाड़ा क्षेत्र का सबसे बड़ा हाट गंधानिया में ही मंगलवार को लगाई जाती है। लेकिन हाट मैदान में सरकार द्वारा सामुदायिक भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है अगर इस मैदान में सामुदायिक भवन का निर्माण होता है तो हाट मैदान काफी छोटा हो जाएगा और दुकानदारों को दुकान लगाने की जगह नहीं बचेगी। ग्रामीण सामुदायिक भवन का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीण यह मांग कर रहे हैं कि सामुदायिक भवन का स्थान गंधनिया हाट मैदान से बदलकर दूसरे जगह किया जाए। इसको लेकर पिछले दिनों ग्रामीणों के द्वारा सीओ को भी आवेदन सौंपा गया था। लेकिन अभी तक उस पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं किया गया है।

### डीएवी के बच्चों ने ओलिंपियाड में मेडल जीत कर लहराया परचम

**झुमरीतिलैया :** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया के बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय साइबर ओलम्पियाड में गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता परीक्षा नवंबर माह में विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई थी। इसमें विद्यालय के पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में तीसरी कक्षा की अनुष्का सिंह, चौथी कक्षा की आलिया नसरीन, पांचवी कक्षा के अर्श सिंह, आठवीं कक्षा के सक्षम सिंह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पहली कक्षा के अर्धक राज, गौरव पांडेय, हर्षित निराला, दूसरी कक्षा के इंद्रजीत कुमार, सत्यम राज ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

## कोडरमा में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**कोडरमा।** मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम उप विकास आयुक्त ऋतुराज और अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आज पोलिंग पदाधिकारी -03 और सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालियों में आयोजित किया गया। प्रथम पाली में 200 पोलिंग पार्टी 03 और द्वितीय पाली में 215 पोलिंग पदाधिकारी 03 को प्रशिक्षण दिया गया। मतदान कर्मियों को चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने को लेकर उनके दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी दिया गया। ईवीएम वीवीपैट की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। पोलिंग पार्टी को कंट्रोल यूनिट के संचालन के संबंध में जानकारी दिया गया। पोलिंग पार्टी को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। उप विकास आयुक्त श्री ऋतुराज ने सभी कर्मियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा ताकि मतदान की प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को सभी मतदान केन्द्रों का मैपिंग करने को कहा। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के दिशानिर्देश के अनुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में मतदाता जागरूकता के निमित्त कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के द्वारा रंगोली बनाकर अपनी अभिभावकों को 20 मई को वोट देने के लिए चलने को कहा। गैस एजेंसी द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त गैस सिलिंडर पर स्टीकर लगाकर 20 मई 2024 के दिन आमजनों को मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है, ताकि कोडरमावासी 20 मई को ध्यान में रख कर नैतिक मतदान करें।

## कोडरमा में चला मतदाता जागरूकता अभियान



**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, क्षेत्र स्तरीय संघो, नगर स्तरीय संघ के 100 प्रतिभागियों की बैठक नगर पंचायत कोडरमा एवं जिला प्रशासन कोडरमा के तत्वाधान में बिरसा संस्कृति भवन कोडरमा में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रशासक नगर पंचायत शशि शेखर सुमन के ने की। उन्होंने बताया कि मतदान की तिथि 20 मई 2024 दिन सोमवार को सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, अपने घर के सभी सदस्य जो 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं अपना मतदान जरूर करें। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वोटर हेल्पलाइन एप्प से संबंधित जानकारी दी एवं एप्प डाउनलोड कराया, वोटर हेल्पलाइन एप्प से अपने मतदान केंद्र का पता लगाया जा सकता है' किसी भी निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए 1950 हेल्पलाइन पर कॉल करें। मतदान केंद्र पर कोई एक स्वीकृत पहचान दस्तावेज एवं मतदाता पर्ची अपने साथ रखें, किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना एप्प के माध्यम से दे। मतदान की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी गई। पी डब्लू डी एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु रैंप, व्हीलचेयर एवं वहान की सुविधा की जानकारी दी गई। अंत में सभी को मतदाता प्रतिज्ञा कराया गया एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मौके पर नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहु, सामुदायिक संगठनकर्ता एवं सुपरवाइजर रश्मि कुमारी सिन्हा, नगर पंचायत कोडरमा के सीआरपी रेणु देवी, नीलम देवी एवं प्रीति देवी तथा सभी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आदि उपस्थित थी।

## यूनाइटेड ब्वायज क्लब एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**जमशेदपुर।** यूनाइटेड ब्वायज क्लब एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान मे मानगो जाकिरनगर स्थित मदर्स होम पब्लिक स्कूल प्रांगण मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस की अध्यक्षता शिक्षाविद , मुमताज शारिक ने किया । इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो . जावेद अख्तर अंसारी ने कहा कि अगामी 25 मई को जमशेदपुर मे होने वाले संसदीय चुनाव मे सभी मतदाता शत प्रतिशत अपने मतों का उपयोग करें । मानगो नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर मुख्तार आलम खान ने सभी वोटरों को जागरूक करते हुए कहा कि अपने मताधिकार का उपयोग आवश्यक है । लोकतंत्र की रक्षा के लिए इसे छोड़े नही । समाजिक कार्यकर्ता फैयाज खान ने कहा कि अपने देश की तरक्की व खुशहाली के लिए अपने मतों का उपयोग हर हाल मे जरूरी है । कबीर मेमो उर्दू स्कूल कमेटी के जियाउल मोबीन अंसारी ने अपने वक्तव्य मे कहा कि इस सोसाइटी की तर्ज पर महिलाओं की भी एक सोसाइटी हो ताकि उसके द्वारा महिला मतदाताओं को जागरूक किया जा सके साथ ही मतदान के दिन उम्रदराज मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने के लिए उनकी मदद की जाए।

# हरी भरी जब पृथ्वी होगी, तभी शांत स्वस्थ जनता होगी : सूरज




**झुमरीतिलैया।** झुमरीतिलैया प्रेरणा शाखा द्वारा पृथ्वी को हरा भरा रखने के लिए पृथ्वी के ओजोन परत को पहुंचने वाली हानि से बचाने के लिए एक नृत्य द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। यह नृत्य रिदम डांस एकेडमी में एकेडमी के संचालक सूरज प्रताप की देखरेख में वहां की छात्रा संजना कुमारी, श्रीजा लोहानी, सिम्मी सोनकर द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके द्वारा लोगों को यह संदेश दिया गया कि पृथ्वी हमारा एक छोटा सा आशियाना है जिसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। मौके पर सूरज प्रताप ने कहा जब हरी भरी पृथ्वी होगी तभी शांत स्वस्थ जनता होगी। उन्होंने कहा कि अभी के समय में मनुष्य यह जो अतिउत्पादन है उसका गुलाम हो चुका है, यह जो अतिउत्पादन है वह पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है। बड़े बुजुर्गों से सुना है कि सच्ची शांति मनुष्य को प्रकृति के बीच में ही मिलती है। प्रेरणा शाखा के अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि धरती हमारी माता है, माता को प्रणाम करें बनी रही इसकी सुरक्षा आओ ऐसा कोई काम करें। अभी के वर्तमान समय में लोगों की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न साधनों का उपयोग करता जा रहा है। इसके इस्तेमाल का बुरा असर हमारी पृथ्वी पर पड़ रहा है। सभी मनुष्य को प्रकृति को बचाने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी पृथ्वीवासी अगर अपने जन्मदिन, शादी की सालगिराह, बच्चों के जन्मदिन पर एक वृक्ष लगाए तो हमारी पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचाया जा सकता है। सचिव शीतल पोद्दार ने कहा कि अपने आने वाली पीढ़ी को अगर हम एक अच्छी जिंदगी देना चाहते हैं तो पृथ्वी को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। इस धरती को सुंदर बनाने एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए पेड़ पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल तक प्रेरणा शाखा 5 दिवसीय कार्यक्रम एवरी किड हेल्दी वीक का आयोजन मोहन आधारशिला विद्यालय के बच्चों के बीच किया जाएगा। जिसमें बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची।
E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रूक्का प्लान्ट अन्तर्गत विभिन्न पाईप लाईनों में लिकेज मरम्मति कराना अतिआवश्यक है। उक्त कार्य कराने हेतु दिनांक 26.04.2024 को पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 07:00 बजे तक पूर्णरूपेण पेयजलापूर्ति बाधित रहेगी। पेयजलापूर्ति में होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

1. Leakage in Jumar air valve.
2. One welding work in Jumar.
3. Leakage at Rangroli Bridge.
4. Leakage at gas Factory in Vikash
5. Leakage at Manan Vidlaya.

—ह0/—
(ई0 चन्द्रशेखर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची।

PR 324068 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

## एक झलक

### मार्फिन तस्करी में एक को दस साल की सजा

**पूर्वी चंपारण** : चौदहवीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने मादक पदार्थ मार्फिन तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को दस वर्षों का सश्रम कारावास एवं दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अर्थ दंड नहीं देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा नेपाल के बलरामपुर कलैथा गांव निवासी इम्तियाज आलम को हुई। 27 जुलाई 2019 को आदापुर थाना क्षेत्र के लाला छपरा में नेपाल से भारत में ले जा रहे 520 ग्राम मार्फिन के साथ सीमा सुरक्षा बल ने इम्तियाज आलम को पकड़ा था। वाद विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक प्रभाष त्रिपाठी ने नौ गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा। मामले में एनडीपीएस के स्पेशल कोर्ट नंबर 2 ने प्रतिबंधित पदार्थ मार्फिन तस्करी का दोषी पाते हुए अलग-अलग धाराओं में उक्त सजा सुनाया है।

### माफियाओं के अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

**नवादा** : नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र में बुधवार को व्यापक छापेमारी अभियान चलाकर बालू माफियाओं का ट्रैक्टर जब्त किया गया।अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है लेकिन बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं,जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसी बीच अवैध बालू खनन के खिलाफ रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एसआई गौतम कुमार की अगुवाई में गुप्त सूचना पर रजौली के सिमरकोल स्थित धनार्जय नदी बालू घाट से बालू चोरी में संलिप्त एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया।हालांकि ट्रैक्टर के चालक सह मालिक फरार होने में सफल हो गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सिमरकोल के धनार्जय नदी घाट से बालू की चोरी की जा रही थी।फलस्वरूप एसआई गौतम कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्रवाई के लिए भेजा गया।जिसमें एक अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।बालू लदे ट्रैक्टर को थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है।इसकी सूचना खनन पदाधिकारी नवादा को दे दी गई है।खनन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार ट्रैक्टर मालिक सह चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को जलाया

**फारबिसगंज/अररिया** : अररिया में 1 माह पूर्व आग से झुलसी विवाहित की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई। तीन साल पहले ही शादी हुई थी। मृतिका रानीगंज थाना क्षेत्र के रिफ्यूजी टोला निवासी अनिल राम की 23 वर्ष की पत्नी मनीषा देवी थी। मृतिका के मामा धर्मवीर , राजकुमार राम, मां सुमन देवी ने बताया कि मनीषा की शादी तीन साल पहले रानीगंज के रिफ्यूजी टोला निवासी अनिल राम के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी और उन्होंने बताया कि शादी के समय क्षमता अनुसार उपहार स्वरूप बाइक और एक लाख रुपया दिया गया था । मृतिका के परिवार वाले का कहना है कि शादी के बाद से मनीषा के पति , सास और ननद दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। मृतका की नानी ने बताया कि मनीषा की शादी के बाद से ही पलंग, कुर्सी, गोदरेज, वाशिंग मशीन आदि अपने पापा से मंगाने कहता था और नहीं देने पर चूल्हे में झोंककर मारने की धमकी देता था। मृतिका के मौसेरे भाई मुरारी दास ने कहा कि ससुराल वाले दहेज में पलंग-कुर्सी और अलमारी सहित अन्य सामान के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। नहीं देने पर सभी ने बहन को जला दिया था। मृतिका मनीषा के पति और ससुराल वाले सब फरार बताये जा रहे है। रानीगंज थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतिका के परिजन के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# तेजस्वी यादव ने एनडीए को वोट देने की लोगों से गुहार लगायी

**पटना** : पूर्णिया मे निर्दलीय चुनाव लड़ रहे चार बार के विधायक और पांच बार सांसद रहे राकेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को शिकस्त देने के लिए आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने एनडीए को वोट देने की लोगों से गुहार लगाई है। तेजस्वी यादव ने कहा कि आप बीमा भारती को वोट नहीं कर सकते तो एनडीए प्रत्याशी को वोट दे दीजिए। उन्होंने नाम तो नहीं लिया लेकिन उनके निशाने पर पप्पू यादव थे। तेजस्वी ने उन्हीं के संदर्भ में यह बात कही है। पूर्णिया के मैदान में पप्पू यादव ने चुनावी लड़ाई को त्रिकोणीय बना दिया है।



पप्पू यादव को भी उन्हीं मतदाताओं पर भरोसा है जिन पर आरजेडी की प्रत्याशी बीमा भारती की दावेदारी है। यानी मुस्लिम व यादव और पिछड़ी-अति पिछड़ी जातियों के भरोसे दोनों उम्मीदवार हैं। पप्पू को भी यादव समाज का भी खासा समर्थन मिल रहा है। मुसलमान भी दो हिस्सों में बंटे दिखते हैं। जाहिर है कि विपक्ष का वोट बंटा तो इसका लाभ एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा को मिलेगा। यहां से संतोष तीसरी बार मैदान में हैं। उनकी ताकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भाजपा से अलग होकर जेडीयू ने 2014 में उन्हें उम्मीदवार बनाया तो उन्होंने मोदी लहर के बावजूद जीत का परचम लहरा दिया था। दूसरी बार उनकी जीत इसलिए और आसान हो गई कि जेडीयू ने भाजपा से हाथ मिला लिया था। पप्पू यादव आरजेडी व समाजवादी पार्टी और लोजपा के टिकट पर विधानसभा और लोकसभा का चुनाव 2014 तक जीतते रहे। लालू का विरोध किया तो आरजेडी ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया। उसके बाद 2015 में पप्पू ने अपनी जन अधिकार पार्टी बना ली और उसी साल हुए विधानसभा चुनाव में अपने 60 उम्मीदवार उतार दिए। तब जेडीयू और आरजेडी महागठबंधन के बैनर तले चुनाव लड़ रहे थे। इससे पप्पू के प्रति लालू का गुस्सा सातवें आसमान पर रहा होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद पप्पू यादव ने लालू परिवार से नजदीकी बढ़ाने की कोशिश शुरू कर दी और इंडी अलायंस में जाने के लिए उन्होंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया। लालू और तेजस्वी से मुलाकात की जैसी तस्वीरें पप्पू ने सोशल मीडिया पर जारी कीं और लालू को अपना अभिभावक बताना शुरू किया उससे लगा कि नफरत की बर्फ पिघल गई है। लेकिन टिकट बंटवारे में लालू ने नफरत में कोई कमी नहीं आने का संकेत दे दिया।

## जनता अब बदलाव चाहती है : प्रशांत किशोर

**मुजफ्फरपुर** : लोकसभा चुनाव चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान हो चुका है। अब दूसरे चरण का मतदान होना है। इस बीच चुनावी रणनीतिकार और जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बताया कि पहले चरण के मतदान के बाद बिहार की जनता का क्या मूड है। प्रशांत किशोर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कहा कि बिहार की जनता अब बदलाव चाहती है। जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर ने कहा हालांकि वो विकल्प कौन है अभी हाल-फिलहाल में ये नहीं बताया जा सकता है। बिहार में आप कहीं भी चले जाइए लोग सीएम नीतीश कुमार, तेजस्वी और लालू यादव से त्रस्त हैं। बिहार की जनता एनडीए और महागठबंधन दोनों दलों की पार्टियों से त्रस्त हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में अगर सर्वे कराकर देखेंगे तो 50 प्रतिशत लोग एक नया विकल्प चाहते हैं। वो विकल्प कौन होगा और कैसा होगा इस पर व्यापक स्तर पर सकारात्मक बहस जरूर होनी चाहिए। बिहार की जनता यहां के तीनों दलों से विमुख हो चुकी है। क्योंकि पिछले 10 वर्षों में यहां के लोगों की किसी भी स्तर पर तरक्की नहीं हुई है। बिहार सभी मानकों पर चाहे शिक्षा हो या रोजगार और आर्थिक विकास में से किसी पर भी प्रगति नहीं कर पाया है। और आज भी बिहार देश का सबसे गरीब राज्य बना हुआ है। इससे पहले प्रशांत किशोर ने तेजस्वी यादव को फटकार लगाई थी। तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधते हुए पीके ने कहा था कि बिहार में नेता को भले ही लिखना न आता हो लेकिन वह विकास पर लंबा भाषण जरूर दे रहे हैं।

## चुनाव प्रचार के दौरान राजद के दो गुटों में मारपीट

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : शिवहर लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी रीतू जायसवाल के चुनाव प्रचार के दौरान मंगलवार को दो राजद नेताओं के समर्थको में नोकझोंक के बाद मारपीट होने का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि इस घटना में कई लोगो को चोट पहुंची है।घटना पूर्वी चंपारण जिले के चिरैया विधानसभा क्षेत्र में हुई। जानकारी के अनुसार नोकझोंक की शुरूआत शिकारगंज थाना क्षेत्र के गोढ़िया गांव से हुई,जो चिरैया थाना क्षेत्र के पटजिलवा गांव के सरकारी गोदाम के समीप मारपीट में तब्दील हो गया और दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठियां चलायी गयी। इस घटना में दोनो पक्षो के भेड़ियाही गांव निवासी भगवान यादव चिरैया बाजार निवासी बब्लू गुप्ता मदिलवां गांव निवासी जीतेन्द्र कुमार,विकास कुमार,मोहद्दीपुर निवासी उमेश कुमार को चोटे पहुंची है,जिनका इलाज चल रहा है। राजद प्रत्याशी रीतू जायसवाल क्षेत्र भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव व चिरैया विधानसभा से पूर्व राजद प्रत्याशी अच्छेलाल यादव के समर्थक लोस प्रत्याशी की जगह अपने-अपने नेताओं के समर्थन में नारे लगाने लगे जिसके दोनो पक्षो में वाद विवाद हुआ जो मारपीट में तब्दील हो गया। घटना को लेकर राजद नेता अच्छेलाल प्रसाद यादव व पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव ने कहा कि मामूली विवाद हुआ है।सब शांत करा लिया गया है।वहीं चिरैया थानाध्यक्ष अरुण

## पीएम के आगमन से पहले वायुसेना ने की लैंडिंग का अभ्यास




एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया** : फारबिसगंज में ढट मोदी 26 अप्रैल को एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसको लेकर शहर में तैयारियों जोरों पर चल रही हैं। भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने पीएम नरेंद्र मोदी के सभा स्थल के पास लैंडिंग का अभ्यास किया. इस दौरान सेना के एमआइ -17 हेलीकॉप्टर ने सभा स्थल के आसपास उड़ान भरी और कई बार हेलीकॉप्टर से लैंडिंग पूरी करने का अभ्यास किया. हेलीकॉप्टर ने पहले सभा स्थल के आसपास चक्कर लगाना शुरू किया. फिर प्रथम सुरक्षा घेरे में चक्कर काट कर उसने लैंडिंग की. इसके बाद दूसरे सुरक्षा घेरा, फिर तीसरे सुरक्षा घेरे में चक्कर लगाकर उसने अलग-अलग दिशाओं से विभिन्न हेलीपैड पर लैंडिंग की. लैंडिंग के दौरान एसपीजी और एनएसजी के कमांडो भी थे. पीएम की सभा को लेकर हेलीपैड निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर पूरा किया गया है. गौरतलब है कि सभा स्थल पर तीन हेलीपैड बनाये गये हैं बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री व उनके साथ एसपीजी और एसपीजी कमांडो का हेलीकॉप्टर सभा स्थल के पास बने तीनों हेलीपैड पर उतरेगा बिहार भाजपा के वरीय नेताओं का हेलीकॉप्टर अन्य मैदान में लैंड करेगा, जहां से सड़क मार्ग के द्वारा सभी नेता सभा स्थल पर पहुंचेंगे सभा स्थल पर पूरी घेराबंदी की गयी है, जवानों के द्वारा आसपास के घरों को भी स्कैन किया जा रहा है प्रधानमंत्री की सभा से पहले सुरक्षा के सभी बंदोबस्त किये गये हैं और लगातार इस पूरी प्रक्रिया को कई बार दोहराया गया है ।

## नवादा अस्पताल में पड़ी अज्ञात युवती, स्थिति नाजुक



एजेंसी

**नवादा** : नवादा सदर अस्पताल में आपातकालीन वार्ड में बुधवार को एक अज्ञात युक्ति बेहोश पड़ी है,जिसकी कोई सुधि तक नहीं ले रहा है ।बताया गया है कि नारदीगंज प्रखंड अस्पताल से युवती को नवादा भेजा गया है । नारदीगंज पुलिस का कहना है कि राष्ट्रीय उच्च पद संख्या 82 पर नारदीगंज थाने के पांडपा मोड के निकट एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने साइकिल में टक्कर मार दी ,जिस कारण साइकिल पर सवार युवती बेहोश हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से नारदीगंज अस्पताल में दाखिल कराया गया था । नवादा अस्पताल के उपाधीक्षक ने बताया कि युवती को नारदीगंज प्रखंड अस्पताल से नवादा भेजा गया है लेकिन इसका कोई परिजन नहीं है। युवती की पहचान भी नहीं हो सकी है ।संभावना व्यक्त की जा रही है कि युवती स्कूल गई होगी। स्कूल से लौटने के दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी है। इस कारण उसके मस्तिष्क में गंभीर चोट आई है ।इसी चोट के कारण वह बेहोश पड़ी है। मनीष कुमार सिन्हा सहित कई समाजसेवियों ने युवती को होश में लाने के लिए चिकित्सक की मदद ले रहे हैं लेकिन अभी तक युवती बेहोश पड़ी है ।

## कांग्रेस प्रत्याशी की समर्थन में बैठक संपन्न

**बेत्तिया** : इंडिया तथा महागठबंधन समर्थित कांग्रेस पार्टी के पश्चिमी चंपारण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी के समर्थन में बेतिया तिलक मैदान कांग्रेस कार्यालय में महागठबंधन के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष भारत भूषण दुबे ने की। बैठक को संबोधित करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की बिहार राज्य सचिव मंडल सदस्य प्रभुराज नारायण राव ने बताया कि यह लोकसभा चुनाव साधारण चुनाव नहीं है ।आज हमारा संविधान खतरे में है ।लोकतंत्र खतरे में है ।हमारे संविधान की काया धर्मनिरपेक्षता खतरे में है, क्योंकि नरेन्द्र मोदी स्वयं सभा में बोल रहे हैं कि 400 पार सीट मिल जाने



का मतलब संविधान में बदलाव कर एकात्मकवाद के आधार पर सरकार चलाना है । यानी कि फासीवादी व्यवस्था को देश में लागू करना है, जबकि देश के लोगों के सामने महंगाई, भुखमरी, बेरोजगारी का संकट खड़ा है । इसलिए देश के तमाम लोकतंत्र पसंद, संविधान समझ लोगों को एक जुट होकर इंडिया तथा महागठबंधन के उम्मीदवार मदन मोहन तिवारी के हाथ छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाना है । इसके लिए प्रखंड स्तर ,पंचायत स्तर तथा बूथ स्तरीय कमेटियों का गठन कर चुनाव की पूरी तैयारी करने की जरूरत है । पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र में लोग बदलाव चाह रहे है ।

### अवैध संबंध के शक में पत्नी की मायके में मौत

**नालंदा** : बिहार थाना इलाके के उपरावा गांव में नवविवाहिता की संदेहास्पद हालात में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों का आरोप है कि अवैध संबध का विरोध करने पर पति और ससुराल वालों ने उसकी पिटाइ कर उसे जख्मी कर दिया था जिसका इलाज पिछले एक महीने से मायके में ही चल रहा था। इसी दौरान मंगलवार की सुबह मौत हो गई। मृतका इस्लामपुर थाना इलाके के बूढ़ा नगर माली टोला निवासी कुंदन कुमार की 18 वर्षीया पत्नी मौसम कुमारी है। मृतका की मां का आरोप है कि 9 माह पहले उसकी शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद पता चला कि उसके पति का अवैध संबध भाभी से चल रहा है। जिसका उनकी बेटी बार-बार विरोध करती थी।

## मतदान कर्मियों का द्वितीय रैण्डमाइज़ेशन की प्रकिया सम्पन्न

**अररिया** : अररिया में होने वाले चुनाव को लेकर सामान्य प्रेक्षक एम.बी. राजेश गौड़ा एवं निवार्ची पदाधिकारी इनायत खान सहित सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी और उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में एनआईसी में ईवीएम एवं मतदान कर्मियों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन की प्रकिया आज सम्पन्न हुई। द्वितीय रैण्डमाईजेशन विधानसभावार मतदान केन्द्रों के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट चिन्हित किया गया,जिसकी सूची सभी निर्वाचन लड़नेवाले अभ्यर्थी और उनके प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराया गया।अररिया संसदीय निर्वाचन हेतु कुल 2004 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। उक्त सभी मतदान केन्द्रों के लिए 2004 बीयू (198 रिजर्व),



2004 सीयू (198 रिजर्व), एवं 2004 वीवीपैट (598 रिजर्व) आवंटित किया गया है। इसी प्रकार द्वितीय रैण्डमाईजेशन की प्रकिया के तहत कुल 2004 मतदान केन्द्रों के लिए 2227 मतदान दल का गठन किया गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 प्रतिशत मतदान केन्द्रों के लिए मिश्रित मतदान दल का गठन किया गया है, जिमसें पुरूष एवं महिला दोनों मतदान पदाधिकारी शामिल हैं। इसके साथ ही प्रत्येक विधानसभा में एक-एक पिंक बूथ, पीडब्ल्यूडी बूथ, एवं युवा बूथ होगा। पिंक बूथ में सभी महिला मतदान पदाधिकारी होंगी एवं पीडब्ल्यूडी बूथ में पीडब्ल्यूडी श्रेणी के मतदान पदाधिकारी होंगे तथा युवा बूथ में 30 वर्ष के नीचे उम्र के मतदान पदाधिकारी होंगे।

## बीते 5 वर्षों से रहे सीमांचल-कोसी के भाजपा सांसद का रिपोर्ट कार्ड



एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया** : अररिया लोकसभा सीट से सांसद प्रदीप कुमार सिंह लोकसभा के 96 प्रतिशत सत्रों में हाजिर रहे। उन्होंने 5 साल के दौरान लोकसभा के 34 डिबेट्स में हिस्सा लिया और इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मुद्दों पर 286 सवाल पूछे। जानकारी के अनुसार इस दौरान उन्होंने कोई भी प्राइवेट मेंबर बिल पेश नहीं किया। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बिहार में वर्तमान में जारी रेलवे प्रोजेक्ट, बिहार के प्रवासी मजदूरों को हुनर सिखाने, अररिया के फारबिसगंज में एयरपोर्ट का निर्माण, बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने, अररिया में नये एयरपोर्ट का निर्माण, बिहार में नये ट्रेनों का परिचालन और ओबीसी छात्रों के लिये प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप से संबंधित सवाल पूछे और सांसद ने बाल श्रमिक, बढ़ती बेरोजगारी, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, कच्चे तेल की बढ़ती कीमत, फास्ट ट्रैक कोर्ट्स, खदानों में हुए हादसे, मनरेगा में सुधार, इंटरनेट कंपनियों के रेगुलेशन, महानगरों में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर भी लोकसभा में सवाल उठाए।

## भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के रोड शो पर लगे नारे

एजेंसी

**अररिया** : अररिया के सिकटी विधानसभा क्षेत्र के बरदाहा बाजार में भोजपुरी फिल्म के सीने स्टार मनोज तिवारी के रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी एवं निवर्तमान सांसद प्रदीप कुमार सिंह का लोगों ने विरोध किया और जमकर उनके खिलाफ नारेबाजी की। फुटानी चौक के समीप जब रोड शो के दौरान मनोज तिवारी का काफिला पहुंचा तो सड़क के किनारे नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद,जय श्री राम के नारे के साथ प्रदीप सिंह मुदार्बाद के नारे लगाए।जिसको देखकर रोड शो कर रहे मनोज तिवारी का काफिला तेजी से निकल पड़ा,जबकि मनोज तिवारी के साथ भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ,सिकटी विधायक विजय कुमार



मंडल और अन्य भाजपा नेता शामिल थे।ग्रामीणों का कहना था कि प्रदीप कुमार सिंह चुनाव जीतने के बाद कभी गांव की ओर नहीं आए और न किसी सुख दुख में कोई सहायता दी।बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। मौके पर मौजूद गणेश कुमार ने कहा कि पिछले बार चुनाव के बाद एमपी बनने के बाद अभी तक गांव में देखने के लिए भाजपा के प्रत्याशी नहीं पहुंचे।ग्रामीणों ने भाजपा अभ्यर्थी पर इलाके के विकास और अन्य कार्यों में दोहरी नीति के तहत भाजपा प्रत्याशी पर उपेक्षा करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उन लोगों का कोई बैर नहीं है

## नवादा में स्कूल बना जानवरों का बसेरा, बाधित हो रही बच्चों की पढ़ाई

एजेंसी

**नवादा** : नवादा जिले के रजौली प्रखंड के जोगियामारण पंचायत के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर में पढ़ाई-लिखाई नहीं होती। यहां जानवरों को बांधकर चारा खिलाया जाता है. बेशक इमारत स्कूल की है लेकिन अतिक्रमण कर लोगों ने उसे गाय-भैंस का तबेला बना दिया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई बाधित हो रही है.ग्रामीणों ने उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल को पशुओं का तबेला बना दिया गया है। ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त करवाकर चारदीवारी निर्माण की मांग की है



हालांकि इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कई बार बीईओ को आवेदन भी दिया लेकिन इस संदर्भ में बीईओ के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्कूल के प्रधानाध्यापक का कहना है कि स्कूल से गाय-भैंस हटवाने के लिए बीईओ को पत्र लिखा गया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है. गांव वालों ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए जिला प्रशासन से मामले का जल्द निपटारा करने की मांग की है.

# शेक्सपियर की रचनाएं आज भी प्रासंगिक और सर्वकालिक : कुलपति

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविधालय व इंग्लिश लिटरेरी सोसाइटी(हार्मनी) के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध अंग्रेजी रचनाकार शेक्सपियर की 460वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर ब्लेंडेड मोड में शेक्सपियर टुडे इन इंडियन कॉन्टेक्स्ट विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने की, जबकि इसके संरक्षक, प्रो. प्रसून दत्त सिंह रहे। कुलपति ने शेक्सपियर की बौद्धिक चपलता और काव्य कौशल पर जोर देते कहा कि शेक्सपियर वर्गीकरण की अवहेलना करते हैं।उनकी




रचनाएं आज भी प्रासंगिक और सर्वकालिक है। संगोष्ठी के संरक्षक, प्रोफेसर प्रसून दत्त सिंह ने आधुनिक संदर्भ में शेक्सपियर की स्थायी प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए शेक्सपियर और कालिदास के बीच समानताएं चित्रित करते शेक्सपियर के मर्चेंट ऑफ वेनिस और कालिदास की "उपमा" और "दीपशिखा" की अवधारणा पर भी टिप्पणी की। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शेक्सपियर सबसे ज्यादा स्वीकार्य लेखक हैं और उनके सभी पात्र जीवन के उत्साह से भरते है,जिससे जीने की प्रेरणा मिलती है। सत्र का संचालन कार्यक्रम के सह-संयोजक, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उमेश पात्रा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर आर.पी. सिंह ने आधुनिक भारतीय समाज में शेक्सपियर की स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते शेक्सपियर को एक रेनेसां के व्यक्ति के रूप में देखा, उनकी तुलना कालिदास से की। सीयूएसबी के अंग्रेजी विभाग के प्रो.विपिन कुमार सिंह ने भारतीय संदर्भ में शेक्सपियर की प्रासंगिकता पर जोर देते बताया कि कैसे शेक्सपियर सार्वभौमिक मानवीय भावनाओं पर ध्यान केंद्रित कर उन्हें सबके लिए सुलभ बनाते है। आरएमएलएनएलयू के कानूनी अध्ययन विभाग की डॉ. अलका सिंह भी सत्र में शामिल हुईं और शेक्सपियर पर अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही संगोष्ठी में डॉ. एक्सेंड्रो मैक्सिमिलियन, ई एल ई डिपार्टमेंट, आईटीटीई, पीजीआरआईबी लैम्पुंग, इंडोनेशिया ने भी अपना विचार प्रस्तुत किया। व्याख्यान को तीन भागों में विभाजित किया गया था। प्रथम शेक्सपियर अंग्रेजी में क्यों महत्वपूर्ण है? द्वितीय अंग्रेजी में शेक्सपियर का योगदान और तृतीय अंग्रेजी कक्षा में शेक्सपियर को कैसे पढ़ाएं?वक्ताओ ने अंग्रेजी कक्षाओं में शेक्सपियर को पढ़ाने के तरीकों की चर्चा करते जोर दिया कि शेक्सपियर नैतिक दुविधाओं को कैसे संबोधित करते हैं और कैसे आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। डॉ. मैक्सिमिलियन ने शिक्षा और समाज पर शेक्सपियर के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्रीय अध्ययनों से एकत्र किए गए शोध डेटा को भी साझा किया।संगोष्ठी के दौरान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए एमए अंग्रेजी के लिए प्रवेश विवरणिका भी लांच की गई।

## एक झलक

### कर्ण सिंह ने की धुआंधार बल्लेबाजी

**लखनऊ :** फ्लैक्स कप के लीग मैच में यूपी टिम्बर क्रिकेट क्लब ने द्रोणा क्रिकेट एकेडमी को 84 रन से हरा दिया। इस मैच में यूपी टिम्बर के बल्लेबाज कर्ण सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 51 बाल पर 100 रन बनाये। यूपी टिम्बर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट गवांकर 225 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज कर्ण सिंह ने 15 चौका और चार छक्का की मदद से 51 बालपर अपनी टीम में सर्वाधिक 100 रन बनाये। वहीं रोहन जैन ने 34 बाल पर 60 रन का योगदान दिया। आयुष ने 20 रन बनाये, जबकि संकेत ने 18 रन का योगदान दिया। द्रोणा की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट गंवाकर 141 रन ही बना सकी और यूपी टिम्बर ने 84 रन से मैच को जीत लिया। यूपी टिम्बर के सलामी बल्लेबाज यजत ने 13 रन का योगदान दिया। वहीं अपनी टीम में सर्वाधिक अनुभव कुमार ने 46 रन बनाये। विराट के रेस्टोरेंट में पार्टी करते नजर आये

### आरसीबी के खिलाड़ी प्रशंसकों ने नाराजगी जतायी

**हैदराबाद :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) का प्रदर्शन इस आईपीएल सत्र में अच्छा नहीं रहा है और टीम को केवल एक मैच में ही जीत मिली है। इससे अब टीम एक प्रकार से टूनार्मेंट से बाहर हो गयी है क्योंकि बचे हुए सभी मैचों को जीतने पर भी अब वह प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायेगी। इस खराब प्रदर्शन के बाद भी टीम के खिलाड़ी यहां विराट कोहली के रेस्टोरेंट में पहुंचे और उन्होंने जमकर पार्टी की। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर आई हैं जिसके बाद ही प्रशंसक टीम पर भड़क गये। आरसीबी की जो तस्वीर आई हैं उसमें महिपाल लोमरोर, अनुज रावत, सुयश, व्यशक और विराट कोहली जैसे खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। इसके बाद से ही प्रशंसकों ने आरसीबी के खिलाड़ियों को ट्रोल करना शुरू कर दिया। आरसीबी की ओर से इस सत्र में विराट कोहली ने ही शानदार बल्लेबाजी कर आईपीएल सत्र में सबसे अधिक रन बनाकर ऑरेंज कैप के लिए दावेदारी की है पर टीम के अन्य खिलाड़ी असफल रहे हैं।

### ऋतुराज ने सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार पर निराशा जतायी

**स्टोइनिस ने पलटा मैच**

**चेन्नई :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नये कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार पर निराशा जतायी है। ऋतुराज ने कहा कि इस हार को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस मैच में ऋतुराज ने शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को एक बेहतर स्कोर बनाने में सहायता की थी पर लखनऊ की ओर से मार्कस स्टोइनिस का शतक उनपर भारी पड़ गया। सीएसके ने पहले खेलते हुए ऋतुराज के शतक से 210 रन बनाए थे। इसके बाद लखनऊ की ओर से स्टोइनिस ने शतक लगाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। ऋतुराज ने कहा कि मुकाबला अच्छा रहा और जीत का श्रेय लखनऊ के बल्लेबाजों को जाता है। साथ ही कहा कि इस मैच में 13-14 ओवर तक खेल पर हमारा नियंत्रण था पर इसके बाद स्टोइनिस ने शानदार पारी खेलकर मैच हमारे हाथ से छीन लिया। साथ ही कहा कि ओस के कारण भी उनकी टीम को गेंदबाजी में परेशानी आई। इससे स्पिनरों को खेलना बल्लेबाजों के लिए आसान हो गया। अगर ऐसा नहीं होता तो परिणाम कुछ और होता। हम अन्यथा खेल को बेहतर ढंग से नियंत्रित कर सकते थे और इसे गहराई तक ले जा सकते थे पर ये खेल का एक हिस्सा है हम इस पर नियंत्रण नहीं कर सकते। इस मैच में शिवम दुबे को देर से बल्लेबाजी के लिए भेजने को लेकर ऋतुराज ने कहा कि हमारी सोच ये है कि पावरप्ले के बाद यदि कोई विकेट है, तो शिवम ही बल्लेबाजी करेंगे। हम बल्लेबाजों को बाद में आउट हने के लिए मजबूर नहीं कर सकते।

# आरसीबी को बड़े अंतर से हराने उतरेगी सनराइजर्स



**हैदराबाद :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद टीम अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को बड़े अंतर से हराने के इरादे से उतरेगी। सनराइजर्स जहां इस सत्र में पांच मैच जीतकर 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है, वहीं आरसीबी की टीम केवल एक जीत के साथ 2 अंक लेकर दसवें नंबर पर है। ऐसे में इस मैच में उतरते समय भी सनराइजर्स का मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा जबकि आरसीबी दबाव में रहेगी। इस सत्र में अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए सनराइजर्स की टीम आरसीबी से कहीं आगे है। सनराइजर्स ने इस सत्र में शुरूआत से ही आक्रामक रणनीत अपनायी है जिसका उसे लाभ भी हुआ है। अब इस मैच में भी वह तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाना चाहेगी क्योंकि उसे मालूम है कि आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर है। सनराइजर्स ने इस सत्र में आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाने के साथ ही तीन बार तीन बार 250 रनों से अधिक बनाये हैं। उससे इससे पहले हुए मुकाबले में आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर सबसे बड़े स्कोर का रिकार्ड बनाया था। टीम का लक्ष्य पावरप्ले में तेजी से बल्लेबाजी कर विरोधी गेंदबाजों पर दबाव बनाना रहा है। ऐसे में अब उसे रोकना आरसीबी के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की जोड़ी इस मैच में भी नये रिकार्ड कायम करना चाहेगी। इसके अलावा हेनरिच क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजी भी उसके पास हैं। वहीं गेंदबाजी की कमान कप्तान पैट कमिंस और भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे वहीं दूसरी ओर आरसीबी को गेंदबाजी आक्रमण को बेहतर करना होगा। आरसीबी की ओर से अब तब सात विकेट लेकर सबसे अच्छी गेंदबाजी यश दयाल ने की है पर वह भी 24वें स्थान पर है। आरसीबी की टीम आठ में से सात मैच हाकर 2 अंक लेकर सबसे नीचे है। आरसीबी ने अपने पिछले पांच मैच में कम से कम 180 रन दिये हैं और पिछले दो मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम ने उसके खिलाफ 200 से ज्यादा रन बनाये हैं। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों को पूरी करने का प्रयास किया है पर वह सफल नहीं हुई। आरसीबी के बल्लेबाजों ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में काफी रन बनाये पर इसके बाद भी वह एक रन से हार गयी। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने अब तक टूनार्मेंट में आरसीबी की ओर से सबसे अधिक 379 रन बनाये हैं। इसके अलावा कप्तान फाफ डुप्लेसी ने भी अच्छी पारियां खेली हैं।

दूसरी ओर हैदराबाद टीम के हेड और अभिषेक किसी भी शॉट लगाने के किसी भी अवसर को नहीं छोड़ते। हेनरिच क्लासेन भी उनका पूरा साथ देते हैं। ऐसे में इस मैच में सनराइजर्स जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैः

सनराइजर्स हैदराबादः पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, ऐडन मार्कराम, मार्को जानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव (विकेटकीपर), उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, ट्रेविस हेड, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जे सुब्रमण्यन।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डुप्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सूयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, रंजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फरग्यूसन, स्वप्निल सिंह और सौरव चौहान।

## सीनियर खिलाड़ियों के साथ ट्रेनिंग करना, सीखने का एक मौका: रोपनी

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर रोपनी कुमारी ने बुधवार को कहा कि सीनियर खिलाड़ियों के साथ ट्रेनिंग करना सीखने का एक बेहतरीन मौका है। 19 वषीर्या रोपनी उस टीम का हिस्सा थीं जिसने महिला जूनियर एशिया कप 2023 में स्वर्ण पदक जीता था और उन्होंने 4 देशों की जूनियर महिला आमंत्रण टूनार्मेंट के लिए जर्मनी के डसेलडोर्फ में भी टीम के साथ यात्रा की थी। रोपनी सैंटियागो, चिली में 2023 एफआईएच जूनियर विश्व कप में भी टीम की एक प्रमुख खिलाड़ी थीं और सभी छह मैचों में हिस्सा लिया था। रोपनी ने बुधवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ‌‌‌॒यह मेरे लिए एक अच्छा वर्ष था क्योंकि मैं टीम के साथ लगातार अवसर अर्जित करने और एक खिलाड़ी के रूप में सुधार करने में सक्षम थी। मैं मेरा समर्थन करने के लिए सहयोगी स्टाफ, कोचों और अपने साथियों की भी आभारी हूं। महिला जूनियर एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतना मेरी पसंदीदा यादों में से एक है। रोपनी को हाल ही में 33 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम कोर ग्रुप में नामित किया गया था जो बेंगलुरु के साई केंद्र में प्रशिक्षण ले रही है। सीनियर टीम के साथ प्रशिक्षण के अपने अनुभवों पर रोपनी ने कहा, ‌॒यह मेरे लिए एक शानदार अनुभव रहा है क्योंकि मैं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिला सकती हूं। वे हमें लगातार उचित मार्गदर्शन दे रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम हर समय सहज महसूस करें। यह पूछे जाने पर कि वरिष्ठ खिलाड़ियों से उन्हें क्या सलाह मिली है, रोपनी ने विस्तार से बताया, ‌॒वे हमें लगातार सलाह दे रहे हैं कि दबाव से कैसे निपटें और कठिन खेलों के दौरान कैसे शांत रहें। यह उन प्रमुख पहलुओं में से एक रहा है जहां मुझे लगता है कि मैं सुधार कर सकती हूं। यह मेरे लिए काफी सीखने वाला अनुभव रहा है और मुझे लगता है कि इससे मेरी विकास दर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। रोपनी अब सीनियर टीम के लिए पदार्पण करने के लिए और भी अधिक मेहनत करना चाह रही हैं और उम्मीद कर रही है कि उन्हें शीर्ष प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, ‌॒देश का प्रतिनिधित्व करना हर किसी का सपना है, और एक टीम के रूप में, हम इस साल अपने विकास पर काफी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मैं और भी अधिक मेहनत करने की उम्मीद कर रहा हूं ताकि जब भी मेरा नाम भारतीय सीनियर टीम का हिस्सा बनने के लिए बुलाया जाए तो मैं तैयार रहूं। मुझे सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है क्योंकि इससे मुझे इस स्तर पर खेली जाने वाली हॉकी के स्तर को समझने में भी मदद मिलेगी।

### स्टोइनिस ने बनाया रिकार्ड

**चेन्नई :** मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक से लखनऊ सुपर जायंट्स ने यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को हरा दिया। इस मैच में शतकीय पारी खेलने के साथ ही स्टोइनिस ने एकसाथ दो रिकार्ड बनाये हैं। सीएसके से मिले 211 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए स्टोइन?िस ने 124 रनों की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलायी। स्टोइन?िस ने 63 गेंदों पर13 चौके और 6 छक्के लगाये। स्टोइनिस अब आईपीएल में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले आईपीएल में साल 2011 में सीएसके के खिलाफ पंजाब के पॉल वल्थाटी ने नाबाद 120 रन रन बनाये थे। स्टोइनिस ने इसके अलावा आईपीएल में सीएसके के खिलाफ सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने के मामले में वीरेंद्र सहवाग को भी पीछे छोड़ दिया है।

## एआईएफएफ के मुख्य कोच के लिए चाओबा देवी की सिफारिश



**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने अध्यक्ष आईएम विजयन के नेतृत्व में बुधवार को वरिष्ठ महिला राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के रुप में पूर्व खिलाड़ी लैंगम चाओबा देवी की सिफारिश की है। राष्ट्रीय टीमों के लिए कोचिंग नियुक्तियों पर चर्चा करने के लिए समिति की वर्चुअल बैठक हुई। उन्होंने प्रिया पीवी और रोनिबाला चानू को क्रमशः सहायक और गोलकीपिंग कोच के रूप में नियुक्ति की सिफारिश की। तीनों कोचों ने हाल ही में फरवरी 2024 में तुर्की महिला कप के दौरान टीम का मार्गदर्शन किया था। टीम के साथ उनके अनुभव ने तकनीकी समिति को प्रभावित किया है। बैठक में अंडर-16 और अंडर-19 पुरुष टीमों के लिए कोच चयन पर भी चर्चा हुई। आवेदनों की समीक्षा करने के बाद, समिति ने अंडर-19 के मुख्य कोच के रूप में रंजन चौधरी और गोलकीपिंग कोच के रूप में संदीप नंदी का सुझाव दिया। पूर्व खिलाड़ी इश्फाक अहमद को अंडर-16 टीम के मुख्य कोच के रूप में, यान चेंग लॉ को सहायक कोच और मोहम्मद जाकिर हुसैन को गोलकीपिंग कोच के रूप में अनुशंसित किया गया है।

## मुंबई सिटी का अभियान थामने को है गोवा



**गोवा :** एफसी गोवा की टीम आज शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के दूसरे सेमीफाइनल के पहले चरण के मैच में मुंबई सिटी एफसी की मेजबानी करेगी। गोवा की टीम अपने प्लेऑफ मुकाबले में चेन्नइयन एफसी को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची, इसके विपरीत, मुंबई को 15 अप्रैल को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में निर्णायक लीग मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट के हाथों 2-1 से हार मिली थी। उन्होंने दूसरे स्थान पर रहकर लीग चरण समाप्त किया, जिससे सुनिश्चित हुआ कि वे सीधे सेमीफाइनल में खेलेंगे। सीजन दोबारा शुरू होने के बाद एफसी गोवा थोड़ा लड़खड़ाई थी। गोवा को सीजन के दूसरे भाग के पहले पांच मैचों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, प्लेऑफ से पहले पांच मुकाबलों में से चार जीतकर वे तीसरे स्थान पर रहकर लीग अभियान समाप्त कर पाए। दूसरी ओर, मुंबई सिटी एफसी ने फरवरी में जमशेदपुर एफसी पर 3-2 से जीत के बाद खेले अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की। लेकिन, मैरिनर्स हाथों के कोलकाता में कड़े लीग मुकाबले में हार के कारण उनके हाथ से लीग विनर बनने का मौका फिसल गया। एफसी गोवा ने 22 लीग मैचों में 45 अंक हासिल किए, जो लीग विनर्स मोहन बागान सुपर जायट से केवल तीन और मुंबई सिटी एफसी से दो अंक कम है। उन्होंने 39 गोल किए

## भारत की कमान संभालेंगे प्रज्ञा, मुरलीधरन



**नई दिल्ली :** प्रज्ञा मोहन और आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल 27 अप्रैल को नेपाल के पोखरा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ आयोजित होने वाली 2024 दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रतियोगिता एक स्प्रिंट रेस है जिसमें 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और 5 किमी दौड़ शामिल है। भारत ने पिछले संस्करण में पोडियम स्थान हासिल किया था, जिसमें देश की सबसे प्रसिद्ध महिला ट्रायथलीट प्रज्ञा ने अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था, जबकि महिलाओं की समग्र श्रेणी में नौवां स्थान भी हासिल किया था। महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी, जिन्होंने पिछले साल गुजरात की प्रज्ञा के बाद क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था, महिला एलीट क्षेत्र में 13 भारतीय एथलीट दल का हिस्सा हैं। सर्विसेज के मुरलीधरन सिनिमोल, जो पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे और 2022 में विजेता थे, पुरुषों के एलीट क्षेत्र में भारतीय चुनौती के अगुवा हैं, मुरलीधरन के अलावा भारतीय दल में तेलहेइबा सोरम और क्षेत्रिमायुम कबिदश सिंह की होनहार मणिपुर जोड़ी भी शामिल है। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही भारतीय टीम इस प्रकार हैः

पुरुष टीमः तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास , विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्नब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख।महिला टीमः दुर्विशा पवार, डॉली देवीदास पाटिल, धृति कौजाल्गी, रमा सोनकर, हेनी जलावादिया, प्रेरणा श्रवण कुमार, रिद्धि कदम, संजना जोशी, स्नेहल जोशी, मानसी मोहिते, नफीसा मिलवाला, प्रज्ञा मोहन, पूनम विश्वास।

### हरमनप्रीत की कप्तानी में बांग्लादेश दौरे पर रवाना हुई भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को बांग्लादेश दौरे पर रवाना हो गयी। भारतीय टीम इस दौरे पर 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। ये सीरीज इसी माह के अंत में 28 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया में एक तस्वीर जारी की है। इसमें दौरे पर गयी टीम की एक तस्वीर साझा की गयी है। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का समय है। इसके लिए हमारी टीम बांग्लादेश रवाना हो गई है। इस सीरीज का पहला मैच 28 अप्रैल को सिलहट में खेला जाएगा जबकि दूसरे मैच 30 अप्रैल, 2 मई,

## यांग जुनक्सुआन ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में बनाया राष्ट्रीय रिकॉड



**शेनझेन :** यांग जुनक्सुआन ने मंगलवार को नए रिकॉर्ड के साथ यहां चीन की राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता। यांग ने 52.68 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता, और 52.90 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया जो 2020 में ओलंपिक चैंपियन झांग युफेई ने बनाया था। 22 वर्षीय यांग ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, मैं राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर खुश हूं, लेकिन परिणाम मेरी अपेक्षा से थोड़ा धीमा है, मुझे उम्मीद है कि मैं दुनिया के शीर्ष स्तर के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकूंगी। वू क्विंगफेंग दूसरे और चेंग युजी तीसरे स्थान पर रहीं। वू यांग के साथ आगे चल रहा थीं, लेकिन यांग ने दौड़ जीतने के लिए दूसरे लैप में बढ़त बना ली। पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में, पैन झानले ने 46.97 सेकंड में अपना पांचवां स्वर्ण पदक जीता, जबकि वांग हाओयू और जी झिन्जी को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। पुरुषों की 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक फाइनल में, टैन हैयांग ने शुरू से ही बढ़त बनाते हुए 2:08.87 के समय के साथ रेस जीत ली, उसके बाद डोंग झिहाओ और यू जोंगडा रहे। पुरुषों की 200 मीटर बटरफ्लाई में, नियू गुआंगशेंग ने 1:55.46 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जू फांग ने रजत और वांग ज़िजे ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 1,500 मीटर फ्रीस्टाइल में, गाओ वेई ने 16:06.19 समय में रेस जीती, उसके बाद मा योंगहुई और माओ यिहान रहीं।

## ओडिशा के नाम रहा आईएसएल पहला सेमीफाइनल



**भुवनेश्वर :** ओडिशा एफसी ने मंगलवार रात यहां अपने घरेलू मैदान कलिंगा स्टेडियम में खेले गए आईएसएल 2023-24 के पहले सेमीफाइनल के पहले चरण के मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट को 2-1 से हरा दिया। यह ओडिशा की आईएसएल में मोहन बागान पर पहली जीत थी।

ओडिशा एफसी ने पहला चरण जीतकर फाइनल की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। वहीं, मोहन बागान हार के झटके के बाद दूसरे चरण का मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर खेलेंगे। इस मैच का पहला गोल तीसरे मिनट में आया, जब विंगर मनवीर सिंह ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरूआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। दाहिनी तरफ पर मिली कॉर्नर किक पर ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने गेंद को हवा में सेंकेड पोस्ट की तरफ पहुंचा, जहां मौजूद मनवीर ने छह गज के खतरनाक इलाके से हेडर करके गेंद को टॉप लेफ्ट कॉर्नर के अंदर गोलजाल में उलझा दिया। 11वें मिनट में स्पेनिश सेंटर-बैक कार्लोस डेलगाडो ने गोल करके ओडिशा एफसी को बराबरी दिलाते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। दाहिनी तरफ पर मिली कॉर्नर किक पर मोरोक्कन मिडफील्डर अहमद जाहौह ने गेंद को हवा में सेकेंड पोस्ट की तरफ पहुंचाया, जिस पर मोहन बागान सुपर जायंट के गोलकीपर विशाल कैथ देरी से प्रतिक्रिया के कारण झपट नहीं और छह गज के खतरनाक इलाके में हुई इस गलती का फायदा उठाते हुए डेलगाडो ने बाएं पैर से सटीक टच देकर गेंद को बॉटम लेफ्ट कॉर्नर के अंदर पहुंचा दिया। 39वें मिनट में भारतीय मूल के फीजियन स्ट्राइकर रॉय कृष्णा ने इस सीजन का अपना 13वां गोल करके ओडिशा एफसी को 2-1 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## मेडागास्कर आईटीटीएफ चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

एजेंसी



**कंपाला :** युगांडा और मेडागास्कर ने अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) पूर्वी अफ्रीका क्षेत्रीय सीनियर चैंपियनशिप 2024 में क्रमशः महिला और पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सेमीफाइनल में मेडागास्कर को 3-0 से हराने के बाद, युगांडा ने मंगलवार को यहां लुगोगो इंडोर स्टेडियम में खेले गए महिलाओं के फाइनल में केन्या को 3-0 से हराया। युगांडा के लिए जेमिमा नकावाला ने लिसा नसीमुयु के खिलाफ 3-0 (11-4, 11-6, 11-5) से जीत के साथ शुरूआत की, जबकि जूडिथ नांगोजी ने जुमा डोरेन को 3-1 (11-4, 9-11, 11-3, 11-7) से हराया। शनिता नामाला ने लिडिया सेटी के खिलाफ 3-1 (11-7, 9-11, 11-6, 11-4) से जीत हासिल कर युगांडा को खिताब दिला दिया। पुरुषों के फाइनल में मेडागास्कर ने मेजबान युगांडा को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। युगांडा के उभरते सितारे जोसेफ सेबाटिन्डिरा, जो घाना में अफ्रीकी खेलों में भी खेले थे, फैबियो राकोटोअरिमाना से 3-0 (11-3, 11-7, 11-9) से हार गए। मेडागास्कर के इन-फॉर्म एंटोनी रजाफिनारिवो ने जोनाथन सेंगोंगा को 3-0 (11-5, 11-8, 11-9) से हराया। पुरुषों के आखिरी मैच में युगांडा के सैमुअल अंकुंडा ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन स्टीफन रैवोनिसन से 3-2 (11-8, 11-13, 12-10, 5-11, 11-9) से हार गए। फाइनल में पहुंचने के लिए मेडागास्कर ने जिबूती को 3-0 से हराया, जबकि युगांडा ने केन्या को 3-0 से हराया।



इटली में लेजियो वेलेनटीन इटेलियन कप फुटबॉल में एफसी जूवेंटस के एड्रियन रेबियोट से गेंद के लिए संघर्ष करते हुए।

# लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार



**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। हालांकि, आज के कारोबार के दौरान लिवालों और बिकवालों के बीच लगातार एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसकी वजह से बाजार की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, मेटल और इंडस्ट्रियल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, आईटी और टेलीकम्युनिकेशन सेक्टर के शेयरों में गिरावट का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। बाजार की मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 401.42 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 399.64 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.78 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,929 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,253 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,561 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 115 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,206 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,366 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 840 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान में और 22 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 219.12 अंक की मजबूती के साथ 73,957.57 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में इस सूचकांक को बिकवाली का दबाव भी झेलना पड़ा। पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद भी बाजार में खरीदारी शुरू हो गई। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक 383.16 अंक की मजबूती के साथ 74,121.61 अंक के स्तर पर पहुंच गया। दोपहर 2 बजे के बाद एक बार फिर बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 114.49 अंक की तेजी के साथ 73,852.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## एक झलक

### एलआईसी ने ब्रांड नाम और प्रतीक चिह्न वाले भ्रामक विज्ञापनों को लेकर चेताया

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन मामले में लोगों को आगाह किया है। एलआईसी ने वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीर और कंपनी के ब्रांड नाम और लोगो का दुरुपयोग करने के मामले में यह चेतावनी जारी की है। एलआईसी ने एक्स 'पोस्ट' पर जारी सार्वजनिक नोटिस में अपने पॉलिसीधारकों और जनता से सावधानी बरतने और ऐसी हर चीज की प्रामाणिकता की जांच करने को कहा है। निगम ने सार्वजनिक नोटिस में कहा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोग और संस्थाएं हमारी सहमति के बिना कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों या पूर्व अधिकारियों की तस्वीर, ब्रांड नाम तथा प्रतीक चिह्न का दुरुपयोग करके विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन दे रहे हैं। हम ऐसी भ्रामक गतिविधियों को लेकर जनता को सचेत करना चाहते हैं। कंपनी की ओर से जारी सार्वजनिक नोटिस में जनता से एलआईसी के आधिकारिक सोशल मीडिया खातों पर ऐसे धोखाधड़ी वाले विज्ञापनों के 'यूआरएल लिंक' की जानकारी देने को भी कहा गया है। एलआईसी ने कहा है कि हम बिना अनुमति के हमारे ब्रांड का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे। बीमा निगम ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध हैं कि पॉलिसीधारक और आम जनता ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से गुमराह न हों।

### ग्लोबल मार्केट से लगातार दूसरे दिन मजबूती के संकेत

**नयी दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज लगातार दूसरे दिन मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान भी उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान तेजी के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी जोरदार तेजी बनी हुई है। अमेरिकी बाजार में रिकवरी की शुरूआत हो जाने के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक में पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,070 .55 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 245 .33 अंक यानी 1.59 प्रतिशत उछल कर 15,696 .64 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0 .10 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,539 .31 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0 .26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,044 .81 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0 .81 प्रतिशत की छलांग लगा कर 8,105 .78 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 276 .85 अंक यानी 1.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,137 .65 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# आरबीआई ने पेमेंट कंपनी 'पेयू' को नये ग्राहक जोड़ने की मंजूरी दी




## पेयू को 'पेमेंट एग्रीगेटर' के रूप में काम करने की सैद्धांतिक मंजूरी

**नयी दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पेयू को लगभग 15 महीने के बाद 'पेमेंट एग्रीगेटर' के तौर पर काम करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। कंपनी ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक ने प्रोसस बैक्ड फिनटेक फर्म पेयू को पेमेंट एग्रिगेटर (पीए) के रूप में काम करने और नये मर्चेंट्स को फिर से जोड़ने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इन प्रिंसिपल (सैद्धांतिक) मंजूरी फाइनल लाइसेंस नहीं होता लेकिन कंपनियां इसके जरिए 6 से 12 महीने तक काम कर सकती है। पेयू सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के साथ ही अब नये कारोबारियों को डिजिटल भुगतान सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने साथ जोड़ सकती है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनिर्बान मुखर्जी ने कहा कि यह लाइसेंस भारत में वैश्विक स्तर पर चर्चित डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचा स्थापित करने के हमारे लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है। 'पेमेंट एग्रीगेटर' एक तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता होता है, जो ग्राहकों और कारोबारियों को भुगतान को लेकर एक मंच पर लाता है। यह ग्राहकों को ऑनलाइन भुगतान करने और कारोबारियों को भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है।

# कोटक महिंद्रा बैंक के नये क्रेडिट कार्ड और ऑनलाइन अकाउंट खोलने पर रोक




**नयी दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक पर सख्त कार्रवाई की है। आरबीआई ने तत्काल प्रभाव से कोटक महिंद्रा बैंक को नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोकने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने पर बैन लगा दिया है। आरबीआई ने जारी एक बयान में बताया कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड तत्काल प्रभाव से काम बंद करने का निर्देश दिया गया है। रिजर्व बैंक के मुताबिक इसमें ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों और नए क्रेडिट कार्ड जारी करना भी शामिल है। हालांकि, बैंक अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों सहित अपने मौजूदा ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करना जारी रखेगा। बैंक नियामक ने बैंक पर ये प्रतिबंध लगाने का कारण बताते हुए बताया कि वर्ष 2022 और 2023 के लिए आरबीआई की आईटी परीक्षा से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं और इन चिंताओं को व्यापक और समय पर ढंग से संबोधित करने में कोटक महिंद्रा बैंक की ओर से लगातार विफलता के आधार पर आवश्यक हो गई थी। उल्लेखनीय है कि कोटक महिंद्रा बैंक की वेबसाइट के अनुसार उसकी देशभर में 1,780 से ज्यादा ब्रांच और 4.12 करोड़ ग्राहक हैं। इस बैंक के क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल 49 लाख से ज्यादा लोग कर रहे है। इसके 28 लाख से ज्यादा डेबिट कार्ड एक्टिव है। एक लाख से ज्यादा कर्मचारी बैंक में काम करते हैं, जबकि 3.61 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि बैंक में जमा हैं।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के पार

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड 89 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सोना और चांदी की कम हुई कीमत



**नयी दिल्ली :** पिछले सप्ताह तेजी का रुख दिखाने के बाद अब घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन करेक्शन होता नजर आ रहा है। बाजार में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। हालांकि चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज भी 73 हजार रुपये के स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी चेन्नई के अलावा देश के अन्य सर्राफा बाजारों में 66,140 रुपये से लेकर 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी बड़ी गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 82,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी सोने की कीमत में आज बड़ी गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर में सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन प्रक्रिया रहा सफल



**जमशेदपुर :** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तमोलिया में एक असाधारण चिकित्सा मामले में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखलाक अहमद ने 44 वर्षीय विनोद कुमार शर्मा (बदला हुआ नाम) का सफल ऑपरेशन किया, जो सांस लेने में कठिनाई से पीड़ित थे। मरीज को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के साथ हॉस्पिटल लाया गया था। हॉस्पिटल में कंसल्टेंट-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखलाक अहमद ने मरीज की देखभाल की और हृदय की समस्याओं के आकलन के लिए एंजियोग्राम का सुझाव दिया। सांस लेने में तकलीफ के अलावा युवा सज्जन पूरी तरह से स्वस्थ थे और उन्हें कोई अन्य बीमारी नहीं थी। रोगी का मूल्यांकन किया गया और पाया गया कि हृदय की पंपिंग क्रिया कम थी (एलईवीएफ लगभग 20 प्रतिशत)। हृदय की कम पंपिंग कार्यप्रणाली को देखते हुए, मरीज को बेहतर परिणाम के लिए सीआरटी-डी प्रत्यारोपण की सलाह दी गई थी। प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई और जिसके बाद मरीज को उसकी शिकायत से राहत मिल गई और 1 दिन के बाद स्थिर स्थिति में छुट्टी दे दी गई। डॉ. अहमद के अनुसार सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन के सामान्य लक्षण क्रमशः ऊंचाई तक चलने में असमर्थता, थकान, पसीना और सांस फूलना हैं। डॉ. अहमद ने बताया कि सीआरटी-डी इम्प्लांट लोकल एनेस्थीसिया में की जाने वाली एक डे केयर प्रक्रिया है जिसके लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिक्स टीम के साथ विशेषज्ञता और अनुभव की आवश्यकता होती है। सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन का सबसे आम कारण कंजेस्टिव हृदय विफलता है जो विस्तारित कार्डियोमायोपैथी के कारण बहुत कम पंपिंग फंक्शन के साथ होता है। इस समस्या में अंतिम उपचार हृदय प्रत्यारोपण है लेकिन सीआरटी-डी प्रत्यारोपण ने हृदय के पंपिंग कार्य को बढ़ाकर और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करके कई लोगों की जान बचाई है। इस संबंध में फेसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल सभी हृदय संबंधी हस्तक्षेपों को संचालित करने के लिए नवीनतम और आधुनिक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित है।

## जल्द होने जा रहा कौन बनेगा करोड़पति के नये सीजन का आगाज




सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का कौन बनेगा करोड़पति एक ऐसा रियलिटी शो है, जिसे हर उम्र के दर्शक बड़े ही चाव से देखते हैं। दर्शकों से इसे इतना प्यार और प्रशंसा मिली है कि चैनल ने इसके सीजन 16 को शुरू करने की घोषणा की है। इसके साथ ही, कौन बनेगा करोड़पति के रजिस्ट्रेशन की तारीख का ऐलान भी कर दिया गया है। शो के लिए रजिस्ट्रेशन्स 26 अप्रैल रात 9 बजे से शुरू होने जा रहे हैं। कौन बनेगा करोड़पति एक ऐसा मंच है, जो देश के कोने-कोने से आने वालों को करोड़पति बनने का मौका देता है। शो की लोकप्रियता ऐसी है कि मेकर्स अब केबीसी के नवीनतम सीजन 16 के माध्यम से बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों का भरपूर मनोरंजन करने फिर से लौट रहे हैं।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार, बिटकॉइन और एथेरियम में उछाल



**नयी दिल्ली :** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से बिटकॉइन और एथेरियम समेत 6 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि 4 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 66,500 डॉलर के करीब पहुंच गई, हालांकि उसकी मार्केट हिस्सेदारी में कमी आई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ 66,459.74 डॉलर यानी 54.99 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.86 प्रतिशत की बढ़त के साथ उछल कर 3,269.03 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 0.75 प्रतिशत, सोलाना 1.65 प्रतिशत, डोजेकॉइन 1.78 प्रतिशत और टॉनकॉइन 2.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टेथर 0.05 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.02 प्रतिशत और काडानो 3.93 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.90 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.46 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 204.91 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में कुल 7,351 करोड़ डॉलर यानी 6.12 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 11.13 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में तेजी आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.33 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 53.21 प्रतिशत रह गई है।

# पेज एक के शेष

### कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी, जिन्दगी के बाद भी : मोदी...

कर रहे हैं। बहुत कम समय में रॉकेट की गति से सरकार चलायक है। तेंदू पत्ता संग्रह संग्राहकों को भी ज्यादा पैसा मिल रहा है। खरीद भी तेजी से हो रही है। माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना से लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के घोटालेबाजों पर जिस तरह एक्शन हो रहा है, वह पूरा देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं, तो कांग्रेसवालों का और दुनिया की कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल ही बिगड़ जायेगा। भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जायेगी। इसलिए वह भारत में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। ऐसी सरकार, जो आपस में लड़ती रहे। घोटाले करती रहे। कांग्रेस का इतिहास सत्ता के लालच में देश को तबाह करने का रहा है।

सरगुजा में विजय संकल्प शंखनाद महारैली को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस का घोषणापत्र आया, उसी दिन मैंने कह दिया था कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब आम्बेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। आरक्षण होगा, तो दलित आदिवासी भाइयों के नाम पर होगा। लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की परवाह नहीं की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बहुत पहले आंध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया। इसके बाद कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने एक और पाप किया। सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी बना दिया ; यानी जो लाभ ओबीसी को मिलता था, वह मुस्लिमों को चला गया। कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की हत्या की, भारत के सेकुलरिज्म की हत्या की। अब कर्नाटक का यही मॉडल कांग्रेस देश में लागू करना चाहती है। कांग्रेस संविधान बदल कर एससी, एसटी, ओबीसी का हक अपने वोट बैंक को देना चाहती है।

मोदी ने आगे कहा कि आनेवाले 05 साल में बहुत कुछ करना है। सरगुजा स्वर्गजा यानी ₹स्वर्ग की बेटी₹ है। इस चुनाव में आपको सिर्फ सांसद नहीं, देश का उज्ज्वल भविष्य चुनना है। इसलिए राष्ट्र निर्माण का मौका ना गंवायें। गर्मी हो, शादी हो, खेत में काम निकला हो, रिश्तेदार के घर जाना हो, इन सबके बावजूद आपके सेवक मोदी के लिए कुछ समय निकालिए और वोट देने जरूर जाइए।

### कांग्रेस ओबीसी वर्ग की सबसे बड़ी दुश्मन, धर्म के आधार पर देना चाहती है आरक्षण : पीएम...

सामने आयी है, जिसे सुन कर हर देशवासी सन्न हो गया है। हमारा संविधान साफ-साफ मना करता है कि किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जायेगा। खुद बाबा साहब आम्बेडकर भी धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन कांग्रेस ने पहले ही धर्म के आधार पर आरक्षण का खतरनाक संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपकी संपत्ति भी छीनना चाहती है। कांग्रेस कहती है वे एक्स-रे कराना चाहती है और आपके लॉकर में क्या पड़ा है, वह खोज कर निकालेंगे। अगर माताओं-बहनों ने थोड़ी पूंजी बचायी होगी और अनाज के डब्बे में कुछ रखा होगा, तो एक्स-रे करके वह भी निकालेगी। लॉकर में रखे गहने और महिलाओं के मंगलसूत्र भी, कांग्रेस सब खोजने में लगेगी। आपसे ये छीन कर कांग्रेस अपने वोट बैंक को देना चाहती है।

मुझे कांग्रेस का खेल बंद करने के लिए 400 पार सीटें चाहिए

मोदी ने कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण का यही फॉमूर्ला पूरे देश में लागू करना चाहती है। ओबीसी वर्ग की सबसे बड़ी दुश्मन है कांग्रेस, जिसने ओबीसी से उनका हक छीन लिया है। कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की हत्या की है। कांग्रेस ने संविधान की भावना को ठोकर पहुंचायी है। कांग्रेस ने बाबा साहब का घोर अपमान किया है। ये मुझे सवाल पूछते है 400 पार क्यों? मैं जवाब देता हूं...आप जो राज्यों में हथकंडे अपना रहे हो...दलित, आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण चोरी करने का खेल खेल रहे हो, आपके ये खेल बंद करने के लिए मोदी को 400 पार चाहिए। मुझे दलित, आदिवासी और ओबीसी के आरक्षण की रक्षा करनी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में एमपी की पहचान बीमारू राज्य की थी। आज वही मध्यप्रदेश भाजपा सरकार में विकास की नयी ऊंचाइयां छू रहा है।

### मोदी जी को प्रधानमंत्री बनायेंगे, तो भारत अर्थव्यवस्था में तीसरे नम्बर पर होगा : नड्डा...

और दूसरा गठबंधन भ्रष्टाचारियों का है। ये लोग जिन्दगी भर एक-दूसरे के खिलाफ लड़ते रहे हैं, लेकिन आजकल गलबहियां करते घूम रहे हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि ये लोग भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं।

जेपी नड्डा ने फारुख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला से लेकर लालू, राबड़ी और तेजस्वी का नाम लेते हुए कहा कि ये सभी परिवार की पार्टी है। ये सिर्फ परिवार की ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की भी पार्टी है। ये सब घोटालाबाज एक साथ मिल गये हैं। राहुल गांधी जमानत पर, सोनिया गांधी जमानत पर, संजय सिंह जमानत पर, लालू यादव जमानत पर, पी. चिदम्बरम, कार्ति चिदम्बरम जमानत पर ; सब जमानत पर हैं। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन और आजम खान जेल में हैं। मीसा भारती, तेजस्वी और सारा परिवार बेल पर है। क्या ऐसे लोगों को आगे आने देना है, जो लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे थे, आज वही भ्रष्टाचारी हो गये हैं। उनकी भ्रष्टाचारियों के साथ दोस्ती हो गयी है। समय की आवाज है, बिहार के विकास की आवाज है, समय का तकाजा है कि आपकी उंगली को कमाल करना है। कमाल दिखा कर एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाइए।

### साहिबगंज में किशोरी व परिवार के तीन सदस्यों पर तेजाब से हमला...

अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों के लिए लिखित बयान लिये। पीड़ितों को कुछ लोगों पर शक है। एसडीपीओ ने घटनास्थल का भी जायजा लिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह परिवार अनुमंडलीय अस्पताल के सामने नगर पंचायत की दुकान में होटल चलाता है। इसी दुकान की छत पर यह लोग सो रहे थे। एसडीपीओ त्रिपाठी का कहना है कि पीड़ितों ने जिन लोगों पर शक जताया है, उनकी तलाश की जा रही है।

### मंच पर बेहोश होकर गिरे केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी...

बाद में गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'पुसद, महाराष्ट्र में रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया। लेकिन, अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं और अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूं। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।'

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। नागपुर सीट पर पहले चरण में मतदान हो चुका है, इसलिए वे दूसरे चरण के भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार में निकले हैं।

यह पहली बार नहीं है जब गडकरी की तबीयत अचानक बिगड़ी है। इससे पहले उन्हें 2018 में महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में एक कार्यक्रम के दौरान चक्कर आया था। उस समय मंच पर महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल विद्यासागर राव भी उपस्थित थे। उन्होंने गडकरी को सम्भाला था और उनका तत्काल इलाज किया गया था।

### अंचल का कर्मचारी 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार...

निवासी प्रेम शंकर मेहता ने एक शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में की थी। उन्होंने कहा था कि रामगढ़ अंचल अंतर्गत ग्राम बनखेता में 10 डिसमिल जमीन उन्होंने खरीदी है, जिसका दाखिल-खारिज हो गया है। वर्ष 2016-17 तक की रसीद कटी हुई है। उस जमीन को अपने नाम से ऑनलाइन चढ़ाने और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के लिए अंचल कार्यालय में उन्होंने आवेदन दिया था।

एसपी ने बताया कि प्रेम शंकर मेहता ने कई बार कार्यालय के चक्कर लगाये, लेकिन उनका काम नहीं हुआ। इसके बाद कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने उनसे 25 हजार रिश्वत के तौर पर मांगे। बाद में 10 हजार में यह डील हो गयी, जिसका सत्यापन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पदाधिकारी ने 23 अप्रैल को कराया। इसके बाद भी अंचल कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने यह कहा कि 10 हजार अभी देना होगा और बाकी पैसे काम होने के बाद देना होगा।

बुधवार को जब एसीबी की टीम ने ट्रैप की, तो अनिल कुमार महली, जो रामगढ़ अंचल में चौकीदार के पद पर कार्यरत है, वह 10 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा गया। चौकीदार ने यह बयान दिया कि यह रिश्वत राजस्व कर्मचारी अमित कुमार लोहरा से काम करने के निमित्त लिये गये थे। बयान के आधार पर हल्का तीन के कार्यालय में तलाशी ली गयी। यहां से जमीन की डीड, दाखिल-खारिज तथा रसीद की छाया प्रति बरामद हुई। इस बिन्दु पर अनुसंधान जारी है।

### सम्पत्ति हस्तांतरण पर सैम पित्रोदा का बयान बना कांग्रेस के जी का जंजाल, भाजपा हुई हमलावर...

की पुष्टि की है।

कांग्रेस का भारत के गरीबों, दलितों, युवाओं, जनजातियों और पिछड़े वर्गों का सशक्तीकरण कभी एजेंडा नहीं रहा। सैम के बयान के बाद बैकफुट पर आयी कांग्रेस के नेता स्पष्ट कर रहे हैं कि पार्टी का ऐसा कोई ईरादा नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारी ऐसी कोई मंशा नहीं है। ये उनके विचार हैं । उनके विचार हमारे मुंह में क्यों डाल रहे हैं?

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया ₹एक्स₹ पर अपने पोस्ट में कहा कि सैम पित्रोदा उनके सहित दुनिया भर में कई लोगों के लिए एक गुरु, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक रहे हैं। पित्रोदा उन मुद्दों पर स्वतंत्र रूप से अपनी राय व्यक्त करते हैं, जिनके बारे में वह दृढ़ता से महसूस करते हैं। निश्चित रूप से लोकतंत्र में एक व्यक्ति अपने व्यक्तिगत विचारों पर चर्चा करने, व्यक्त करने और बहस करने के लिए स्वतंत्र है।

जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि पित्रोदा के विचार हमेशा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थिति को प्रतिबिंबित करते हैं। उन्होंने कहा कि पित्रोदा की टिप्पणियों को ₹सनसनीखेज₹ बनाने का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ₹दुर्भावनापूर्ण और शरारती चुनाव अभियान₹ से ₹ध्यान भटकाना₹ है।

वहीं सैम पित्रोदा भी अपने बयान पर सफाई दे रहे हैं। पित्रौदा ने कहा कि मैंने टीवी पर अपनी सामान्य बातचीत में उदाहरण के तौर पर अमेरिका में ₹विरासत कर₹ का उल्लेख किया था। क्या मैं तथ्यों का उल्लेख नहीं कर सकता? मैंने कहा कि ये ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर लोगों को चर्चा और बहस करनी होगी। इसका किसी भी नीति से कोई लेना-देना नहीं है, जिसमें कांग्रेस पार्टी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि किसने कहा कि अमेरिका की तरह भारत में 55 प्रतिशत छीन लिया जायेगा।

## एक झलक

### रावी के पानी पर पूरा अधिकार भारत का : पाक

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के संघीय कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने स्वीकार किया हैं, कि भारत को एक संधि के तहत रावी नदी के पानी पर पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह संधि पाकिस्तान को कानूनी रूप से बाध्य करती है, कि वह पड़ोसी देश की जल आक्रामकता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में न जाए। पाकिस्तान के मंत्री तरार ने नेशनल असेंबली (पाकिस्तानी संसद) में भारत के कार्यों पर चर्चा के लिए प्रस्तुत एक ध्यानाकर्षण नोटिस की कार्यवाही के दौरान कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच एक जल संधि है। रावी नदी पर पानी का अधिकार भारत का है, हम इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, इस मुद्दे पर भारत के खिलाफ आईसीजे का सहारा नहीं लिया जा सकता।

### कोलंबिया यूनिवर्सिटी में अब ऑनलाइन क्लास

**वाशिंगटन** : अमेरिका के अनेक हिस्सों में इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। पिछले हफ्ते 'न्यूयॉर्क आइवी लीग' के छात्रों ने इजराइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया था, जो मंगलवार तक एक बड़े आंदोलन में बदल गया। कोलंबिया विश्वविद्यालय के मैनहट्टन परिसर में प्रदर्शन कर रहे 100 से अधिक छात्रों को गिरफ्तार किये जाने से ये प्रदर्शन और तेज हो गया। पुलिस ने कई स्थानों से प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। कोलंबिया में तनाव बढ़ता देख विश्वविद्यालय ने बचे हुए सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन क्लास आयोजित करने का फैसला लिया है। गाजा में युद्ध से निपटने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के खिलाफ छात्रों ने प्रदर्शन तेज कर दिया।

### किम जोंग की मौजूदगी में न्यूक्लियर ड्रिल

**पियांग** : उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी मिसाइल सनक से पूरी दुनिया में हड़कंप मचा दिया है। उत्तर कोरिया ने कुछ तस्वीरों जारी कि है जिसमें तानाशाह किम जोंग की मौजूदगी में न्यूक्लियर ड्रिल को अंजाम दिया जा रहा है। इस न्यूक्लियर ट्रिगर मैनेजमेंट सिस्टम की ड्रिल में एक के बाद एक चार रॉकेट दागे गए जो 351 किलोमीटर आइलैंड पर जाकर गिरे। सुपरलार्ज मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर ने भारी गोलीबारी की और नकली परमाणु हथियारों से लैस प्रोजेक्टाइल पर सटीक निशाना भी साधा। एक रिपोर्ट के अनुसार किम जोंग ने अपने दुश्मनों को चेतावनी देने के लिए न्यूक्लियर ट्रिगर मैनेजमेंट सिस्टम की ड्रिल की है। उत्तर कोरिया की ओर से जारी तस्वीरों में दिखाया गया है कि किम जोंग की मौजूदगी में इस ड्रिल को अंजाम दिया गया।

### अलास्का में विमान नदी में गिरा

**सैन फ्रांसिस्को** : अमेरिका में अलास्का के फेयरबैंक्स में मंगलवार को एक घटना घटी! एक डगलस डीसी-4 हवाई जहाज नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जहाज में कितने लोग सवार थे इसकी अभी जानकारी नहीं लग सकी है। सूचना के बाद बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक फेयरबैंक्स में तानाना नदी के क्षेत्र में यात्रियों को लेकर जा रहा जहाह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनाग्रस्त की सूचना मिलते ही बचाव और राहत कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है।

### मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सेना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए और एक को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार रात एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बयान में कहा कि यह मुठभेड़ पिशिन इलाके में सोमवार रात से लेकर मंगलवार सुबह तक हुई।

# राष्ट्रपति ने उत्तराखंड राजभवन में वर्चुअल टूर का किया लोकार्पण

- वर्चुअल टूर के माध्यम से राजभवन के विभिन्न स्थलों का लोग कर सकेंगे वर्चुअल अनुभव
- राज्यपाल ने राष्ट्रपति को भेंट की कॉफी टेबल बुक

एजेंसी

**देहरादून** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को उत्तराखंड राजभवन के वर्चुअल टूर का लोकार्पण किया। यह वर्चुअल टूर दर्शकों को विविध और सुंदर प्राकृतिक दृश्यों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा। राज्यपाल मुर्मू ने वर्चुअल टूर के वीडियो संदेश में कहा 'राजभवन देहरादून एक ऐतिहासिक स्थान होने के साथ-साथ अपनी आकर्षक वास्तुकला और सुंदर बगीचों के लिए प्रसिद्ध है। यहां का शांतिपूर्ण और निश्चल वातावरण आगंतुकों को अत्यंत प्रभावित करेगा। हम चाहते हैं कि सभी देश व प्रदेशवासी राजभवन देहरादून की गौरवशाली विरासत और हमारे नवाचार प्रयोगों से खुद को जोड़ सकें। साथ ही अपने अनुभव भी साझा कर सकें।' उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तकनीक और आधुनिकता का समय है। एआई के माध्यम से पूरे विश्व में एक नई क्रांति का प्रारम्भ हुआ है। एआई भविष्य की बात नहीं है बल्कि यह वर्तमान में हमारे आस-पास अपनी महत्वपूर्ण जगह बना रहा है। हमें भी समय की गति के साथ अपने कदम बढ़ाते रहना चाहिए, इसी बात को ध्यान में रखते हुए हम राजभवन में एआई के माध्यम से विभिन्न नए प्रयोग कर रहे हैं, यह वर्चुअल टूर उन्हीं प्रयासों में से एक है।

इस वर्चुअल टूर के माध्यम से लोगों को राजभवन परिसर स्थित बोनसाई गार्डन, नक्षत्र वाटिका, राजप्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर, राजभवन आरोग्यधाम, राजलक्ष्मी गौशाला और पुस्तकालय के डिजिटल भ्रमण का अनुभव मिलेगा। इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने राष्ट्रपति को अपने तीस माह (ढाई वर्ष) के कार्यकाल पर आधारित कॉफी टेबल बुक 'कर्तव्य पथ पर अग्रसर......देवभूमि में सेवा के तीस माह' भेंट की। इस कॉफी टेबल बुक में राज्यपाल के ढाई साल के कार्यकाल से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी और फोटोग्राफ्स का संकलन किया गया है।



## राष्ट्रपति बोलीं, 18वीं और 19वीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति की वजह से लकड़ी और अन्य वन उत्पादों की बढ़ी मांग

**देहरादून** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि 18वीं और 19वीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति की वजह से लकड़ी और अन्य वन उत्पादों की मांग बढ़ी। इस बढ़ती मांग के कारण वनों के उपयोग के नए नियम-कानून और तरीके अपनाए गए। ऐसे नियम-कानूनों को लागू करने के लिए भारतीय वन सेवा की पूर्ववर्ती सेवा शाही वन सेवा का गठन किया गया था। उस सेवा के लोगों का शासनादेश जनजातीय समाज और वन संपदा की रक्षा करना नहीं था। उनका शासनादेश भारत के वन संसाधन का अधिक से अधिक दोहन करके ब्रिटिश राज के उद्देश्यों को बढ़ावा देना और जंगलों पर साम्राज्यवादी नियंत्रण स्थापित करना था। राष्ट्रपति इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में बुधवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह दुखदायी तथ्य है कि वर्ष 1875 से 1925 तक की 50 वर्ष की अवधि में 80 हजार से अधिक बाघों, डेढ़ लाख से अधिक तेंदुओं और दो लाख से अधिक भेड़ियों का शिकार लोगों को प्रलोभन देकर कराया गया, जो मानव सभ्यता के पतन की कहानी है। दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि परंपरा और आधुनिकता विकास रथ के दो पहिए होते हैं।

# सलमान खान के आवास पर फायरिंग मामले में बिहार से लॉरेंस गैंग के पांच गुर्गे गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई** : फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर हवाई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने बिहार से पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इन पांचों को बुधवार को पुलिस बिहार से मुंबई लाई है। यह सभी युवक गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े बताए जा रहे हैं।

मुंबई पुलिस सूत्रों के अनुसार सलमान खान हाउस फायरिंग मामले की छानबीन में बिहार के युवकों के शामिल होने का इनपुट मिला था। इस पर मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगलवार की रात में बिहार के पश्चिमी चंपारण में गौनाहा थाना क्षेत्र के मसही गांव में छापेमारी करके आशीष और अंकित समेत पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इन पांचों युवकों को पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया है।

इस मामले में मुंबई पुलिस ने विक्की और सागर नामक आरोपितों को गुजरात से गिरफ्तार किया था। दोनों 25 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में हैं। इनसे पूछताछ में पता चला कि 14 अप्रैल को सुबह गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलियां चलाने के बाद विक्की और सागर ने मोबाइल फोन के जरिये अंकित और आशीष से बात की थी। इस मामले में अंकित और आशीष की मदद गांव के तीन अन्य युवक कर रहे थे। सलमान खान के आवास पर हवाई फायरिंग के बाद विक्की और सागर ने पिस्तौल और कारतूस सूरत की तापी नदी में फेंक दिए थे। मुंबई पुलिस ने करीब 30 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद सूरत की तापी नदी से 2 पिस्तौल बरामद की हैं। यह सर्च ऑपरेशन मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस के मुताबिक विक्की और सागर ने बिहार के चंपारण में पिस्तौल से फायरिंग की प्रैक्टिस की थी। दोनों को गोलीबारी से कुछ घंटे पहले 13 अप्रैल को पिस्तौल और कारतूस की आपूर्ति की गई थी।





### कन्नौज से चुनाव लड़ेंगे अखिलेश यादव

**नयी दिल्ली** : इत्र नगरी की लोकसभा सीट से तेज प्रताप की जगह अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं। सपा महासचिव और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने अखिलेश की उम्मीदवारी का ऐलान किया है। रामगोपाल यादव ने कहा है कि अखिलेश यादव कन्नौज से ही चुनाव लड़ेंगे। अखिलेश 25 अप्रैल की दोपहर कन्नौज सीट से नामांकन करेंगे। सपा इससे पहले बदायूं, मेरठ, मोरादाबाद, मिश्रिख, गौतमबुद्ध नगर सीट से भी उम्मीदवार बदल चुकी है। बता दें कि समाजवादी पार्टी ने कन्नौज लोकसभा सीट से पहले तेज प्रताप यादव को अपना उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि उनका टिकट कट सकता है।

## महू से रेस्क्यू कर लाये जा रहे घायल तेंदुए ने रास्ते में तोड़ा दम

एजेंसी

**इंदौर** : महू के पास से रेस्क्यू कर इंदौर जू लाए जा रहे घायल तेंदुए की बुधवार दोपहर रास्ते में ही मौत हो गई। उसे बेहोशी की हालत में इंदौर जू लाया जा रहा था लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

इंदौर जू प्रभारी डॉ. उत्तम यादव का कहना है कि तेंदुए को आपसी संघर्ष के कारण सिर और पैर में चोटें आई थीं। उसके शरीर पर जो घाव थे, वो सात से आठ दिन पुराने हैं लेकिन गंभीर होने के कारण उनमें कीड़े पड़ गए थे। विशेषकर उसके सिर पर जो घाव था, उसे वह चाट कर साफ नहीं कर पा रहा था। इस कारण वह बीमार और कमजोर होता चला गया। मृत तेंदुए के पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार कराया जा रहा है। गौरतलब है कि महू के पास जानापाव में मंगलवार को ग्रामीणों ने एक तेंदुए को देखा था, जो लंगड़ाकर चल रहा था। ग्रामीणों ने जब उसका वीडियो शेयर किया तो वन विभाग को पता चला कि तेंदुआ घायल है। उसके पैर में चोट होने से चलने में दिक्कत हो रही थी। इसके चलते जब उसकी सर्चिंग की गई तो वह उसी क्षेत्र में बुधवार को मिल गया। विशेषज्ञों की सलाह पर उसे रेस्क्यू करने के प्रयास शुरू किए गए। बुधवार दोपहर में जैसे ही तेंदुआ ट्रेस हुआ उसे ट्रेंकुलाइज करने के लिए शॉट गन से पोजिशन ली जा रही थी, तभी उसने वनकर्मी सोहनलाल पर झपट्टा मारकर घायल कर दिया।

## एमपी में 10वीं-12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित

- दसवीं में 58.10 फीसदी और बारहवीं में 64.49 फीसदी छात्र हुए उत्तीर्ण



एजेंसी

**भोपाल** : मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं (हाईस्कूल) और 12वीं (हायर सेकेंडरी) की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। कक्षा दसवीं में इस बार 58.10 प्रतिशत नियमित परीक्षार्थी और कक्षा 12वीं में 64.49 प्रतिशत नियमित विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। हर बार की तरह इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी। नियमित विद्यार्थियों में कक्षा दसवीं में 54.35 प्रतिशत छात्र और 61.88 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं। वहीं, 12वीं में 60.55 प्रतिशत छात्र और 68.43 प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं। मंडला की अनुष्का अग्रवाल ने 10वीं में टॉप किया है। अनुष्का को 495 अंक मिले हैं।

मप्र में पिछले साल की तरह इस बार दोनों बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम एक साथ बुधवार शाम चार बजे मंडल कार्यालय में जारी किया गया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी, लोक शिक्षण संचालनालय की आयुक्त शिल्पा गुप्ता और माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव केडी त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### पतंजलि विज्ञापन केस में छपवाया दूसरा माफीनामा

**नयी दिल्ली** : पतंजलि, बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने बुधवार को अखबारों में एक और माफीनामा छपवाया। इसमें बिना शर्त कोर्ट से माफी मांगी गई है। पतंजलि पर अखबारों में विज्ञापन देकर एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार करने का आरोप है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। पतंजलि ने बुधवार को छपवाए माफीनामे में लिखा- हमसे विज्ञापनों को प्रकाशित करने में हुई गलती के लिए ईमानदारी से बिना शर्त माफी मांगते हैं। ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। हम सावधानी के साथ सुप्रीम कोर्ट के निदेशों का पालन करने का वचन देते हैं। इससे पहले 22 अप्रैल को भी पतंजलि ने 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया था और भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने की बात कही थी।

## सोनू सूद को वर्कआउट के लिए मिला नया साथी

एजेंसी

**मुंबई** : बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद को वर्कआउट के लिए जिम में एक नया साथी मिल गया है, जिसके बारे में उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि और इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सोनू सूद ने अपने चाहने वालों को अपने नए दोस्त प्यारे मोहन से मिलवाया। सोनू सूद इन दिनों अपनी आने फिल्म फतेह की तैयारी कर रहे हैं। सूद ने कहा कि उनका नया साथी उनको कड़ी मेहनत करने के लिए उत्साहित कर रहा है। उन्होंने अपने फैंस से अपील की कि वह सड़कों, गली मोहल्लों में घूमने वाले आवारा कुत्तों को गोद लें। अपने दोस्त को गोद में लिए सूट को एक्सरसाइज करते हुए देखा गया। पिछले दिनों सूद को एक फैन के साथ बातचीत करते हुए देखा गया था। वह सूद से मिलने झारखंड से मुंबई आया था। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो की लोगों ने खूब तारीफ की थी। इन दिनों सोनू सूद अपनी आने वाली एक्शन फिल्म फतेह की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। सोनू सूद ने कहा था कि दर्शकों को फिल्म में हॉलीवुड जैसा एक्शन देखने को मिलेगा, जिसे लिखने और तैयार करने में तीन साल लग गए। साइबर क्राइम थ्रिलर का निर्माण सूद के शक्ति सागर प्रोडक्शंस द्वारा जी स्टूडियो की मदद से किया गया है।



## जेपी मॉर्गन के सीईओ ने माना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोहा

- जम कर की तारीफ, कहा : अमेरिका में उनके जैसे नेता की सख्त जरूरत

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता पूरी दुनिया में किस कदर बढ़ती जा रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लागया जा सकता है कि लोग कहने लगे हैं कि उनके जैसे नेता की अमेरिका में भी जरूरत है। जी हां ! दुनिया की दिग्गज कम्पनी जेपी मॉर्गन चेज एंड कम्पनी के सीईओ जेमी डिमन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जम कर तारीफ की है। उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत के लिए उन्होंने ह्लअविश्वसनीय काम किया है ।ह्व जेपी मॉर्गन चीफ जेमी डिमन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए आगे कहा कि वह तमाम चुनौतियों का डट कर सामना कर रहे हैं। साथ ही, उन्होंने इशारों में यह भी कहा कि अमेरिका में भी ऐसे नेता की जरूरत है, जो सभी चुनौतियों का डट कर सामना कर सके। जेपी डिमन ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने प्रयासों से 400 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, वह एक कार्यक्रम में अपने विचार रख रहे थे।

उन्होंने इसके साथ ही यह भी उम्मीद भी जता दी कि इस गर्मी में पीएम मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटनेवाले हैं। जेपी डिमन ने पीएम मोदी शासन द्वारा हाल के दिनों में भारत में किये गये सुधारों की जम कर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत में 700 मिलियन लोगों का बैंक अकाउंट है और उनका पेमेंट सीधे उनके खाते में ट्रांसफर हो रहा है।

## पुतिन की सेना को मिलेगा नया ब्रह्मास्त्र

- एस-500 का परीक्षण हुआ सफल

एजेंसी

**मास्को** : यूक्रेन युद्ध के बीच रूस की सेना को नया ब्रह्मास्त्र मिलने वाला है। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने इसकी पुष्टि की है कि रूसी एयर डिफेंस फोर्सेस को एस-500 एयर और मिसाइल डिफेंस इस साल मिलेगा है। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम में दो नए बदलाव भी किए गए हैं। शोइगू ने बताया कि यह अत्याधुनिक सिस्टम दो रूप में उपलब्ध होगा। पहला- बलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम और दूसरा- ज्यादा लंबी दूरी तक फाइटर जेट को मार गिराने वाले मिसाइल सिस्टम के रूप में दिया जाएगा। रूसी एस-500 मिसाइल सिस्टम को सबसे पहले साल 2015 में पेश किया गया था। इसके बाद से लगातार इसे डिजाइन किया जा रहा था और साल 2021 में इस ग्रीक देवता के नाम पर प्रोमेथस या गॉड ऑफ फायर नाम दिया गया था। साल 2021 के मई महीने में पुतिन ने इस बात की पुष्टि की थी कि एस-500 का टेस्ट किया गया है और यह सफल रहा है। हाल ही में रूसी सेना के हवाले से कहा गया था कि इस मिसाइल सिस्टम का बड़े पैमाने पर टेस्ट किया है।




## मतदाताओं को डराने-धमकाने के आरोप में टीएमसी नेता को नोटिस

एजेंसी

**कोलकाता** : मतदाताओं को डराने-धमकाने के आरोप में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने चोपड़ा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विधायक हमीदुल रहमान को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। चोपड़ा दार्जिलिंग लोकसभा के तहत आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होना है। आयोग ने टीएमसी नेता रहमान को 25 अप्रैल तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी पश्चिम बंगाल के कार्यालय में नोटिस का जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। हाल ही में आयोग के संज्ञान में यह लाया गया था कि रहमान को एक सार्वजनिक सभा में मतदाताओं को डराते हुए देखा गया। उन्होंने कथित तौर पर सीएपीएफ कर्मियों के राज्य छोड़ने के बाद उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। दरअसल विधायक हमीदुल को यह कहते हुए सुना गया, अपना बहुमूल्य वोट बर्बाद मत करो। कोई भी गलत खेल मत खेलो, चुनाव खत्म होने के बाद केंद्रीय बल राज्य छोड़ देंगे, फिर तुम्हें हमारी फोर्स से ही निपटना होगा, फिर मत रोना। उसी समय रहमान को अपनी ही पार्टी के पदाधिकारियों को करीब 90 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देकर सुना गया।

# आदिवासियों के विकास, विकसित भारत व भ्रष्टाचारियों पर सख्ती के लिए भाजपा जरूरी : भूपेंद्र

संवाददाता

**गुमला** : गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल बुधवार को लोहरदगा लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में शामिल हुए। गुमला में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासियों के सर्वांगीण विकास, विकसित भारत और भ्रष्टाचारियों पर सख्ती के लिए भाजपा जरूरी है। किसानों को सम्मान निधि मिलती रहे, महिलाओं और बेटियों को इज्जत मिले, दुश्मन डरते रहें, इसके लिए भी भाजपा जरूरी है। गुजरात के मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी को सेवा दायित्व सौंपने का महापर्व हो रहा है। झारखंड की जनता राज्य की 14 सीटों पर एनडीए उम्मीदवार को विजय बनाकर भाजपा के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि झारखंड का नसीब चमकाने का यह पर्व है। इसमें चूकना नहीं है। विधानसभा चुनाव में भी जनता आशीर्वाद देगी तो यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी। इसके बाद हर गारंटी पूरी होगी। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आदिवासियों के विकास पर पूरा फोकस कर रहे हैं। झारखंड के आदिवासी परिवारों के विकास की गारंटी दी है। जिसे कोई नहीं पूछता है, उसे प्रधानमंत्री मोदी पूछते हैं। गरीबों को गरिमामय जीवन देने का काम उन्होंने किया है। गरीबों को कभी लोन नहीं मिलता था। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में उन्हें लोन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास का कार्य हुआ है। पूरे देश में 100 से अधिक वंदे भारत ट्रेन चल रही है, जिसमें तीन ट्रेन झारखंड को भी मिली है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भाजपा का सत्ता में आना जरूरी है।




### झारखंड की मांग का सम्मान नहीं किया : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। इसमें सबको साथ देना है। लोहरदगा सीट से समीर उरांव को विजयी बनाना है। पीएम के नेतृत्व में 10 वर्ष में विकास का व्यापक काम हुआ है। ऐसा काम आज तक कभी नहीं हुआ। गरीबों को पक्का मकान मिला। गैस कनेक्शन मिला। मुक्त राशन मिल रहा है। बीमारी के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड दिया गया। गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछा है। मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए जनता वोट करे। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले झारखंड और विकास विरोधी हैं। उन्होंने कभी भी झारखंड अलग राज्य नहीं चाहा। झारखंड की मांग का सम्मान नहीं किया। झारखंड की जनता की भावना का सम्मान नहीं किया।

### झारखंड के लोगों का हक लूटा : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने धरती आबा बिरसा मुंडा का गौरव बढ़ाने का काम किया है। साल 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पीएम ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी आशीर्वाद लेने के लिए खड़े हैं। जनता आशीर्वाद दे। बाउरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास सक्षम नेतृत्व, संगठन है। संकल्प है और लक्ष्य भी है। विपक्षी दलों के पास न नेता है, ना नियत है और ना ही कोई सक्षम नेतृत्व है। वे लोग परिवार और वंश को बचाने की आखिरी लड़ाई लड़ रहे हैं। विपक्षी दलों ने झारखंड के लोगों के हक को लूटने का काम किया है।